हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11



**खेल** — **बुमराह ने सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी सम्मान पर कहा, मैंने बचपन के नायकों को...**

**देश** — **स्टालिन का आरोप, भाषा युद्ध के बीज बो रहा है केन्द्र, राज्य पर हिन्दी नहीं थोपने देंगे...**



Page 10


मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, धनिष्ठा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • गुरूवार • 27 फरवरी 2025 • वर्ष 27 • अंक 79 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 87,820 | ₹98,000 |



## आज का इतिहास

- **2002 : भारत के गोधरा में ट्रेन के स्टेशन से निकलने के बाद साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में आग लग गई, जिसमें 55 से अधिक हिंदू श्रद्धालु मारे गए।**
- **2002 : गुजरात, भारत में एक हिंसक दंगा, जिसमें कम से कम 1,000 लोग (ज्यादातर मुस्लिम) मारे गए थे, एक ट्रेन में आग लग गई थी।**

## न्यूज बाइट्स

### पटना में नहाने के दौरान 6 युवक डूबे, 2 की हुई मौत, 4 अभी भी लापता

**नई दिल्ली (ए.)।** पटना के कलेक्ट्रेट घाट पर नहाने के दौरान 6 युवक डूब गए। दो की मौत हो गई है। चार को खोजा जा रहा है। मौके पर एसडीआरएफ की दो टीम और गांधी मैदान थाना की पुलिस पहुंची है। चार युवक को खोजा जा रहा है। मरने वाले लड़कों में अभिषेक (25) और रजनीश (21) है। दोनों कृष्णा निवास यादव लेन लॉज पटना कॉलेज के रहने वाले वाले थे। बताया गया कि दो ग्रुप में कुल 10 लड़के नहाने आए थे। इसमें लॉज के रहने वाले 6 और लोकल के 4 लड़के आए थे।

### नरेन्द्र मोदी से मिले तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी

**नई दिल्ली (ए.)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने अपने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी देते हुए कहा, तेलंगाना के मुख्यमंत्री श्री रेवंत रेड्डी ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

### सुप्रीम कोर्ट ने लक्ष्य सेन की आयु मामले में कार्रवाई पर लगायी रोक

**नई दिल्ली (ए.)।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन के खिलाफ आयु संबंधी धोखाधड़ी मामले में बलपूर्वक कार्रवाई पर मंगलवार को रोक लगाने के साथ ही आरोपों की आपराधिक जांच को रद्द करने से कर्नाटक उच्च न्यायालय के इनकार को चुनौती देने वाली विशेष अनुमति याचिका पर नोटिस जारी किया।

बिहार मंत्रिमंडल विस्तार में सीएम और डिप्टी सीएम रहे मौजूद

# राज्यपाल ने सात विधायकों को दिलाई मंत्री पद की शपथ

- संजय सरावगी और जीवेश कुमार ने मैथिली में ली शपथ

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार सरकार के आखिरी कैबिनेट विस्तार कराने के लिए राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ठीक शाम 4 बजे शपथ ग्रहण स्थल पर पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले बीजेपी विधायक संजय सरावगी को मंत्री पद का शपथ दिलाया। इसके बाद उन्होंने सुनिल कुमार को मंत्री पद का शपथ दिलाया। सुनिल कुमार के बाद राज्यपाल ने दरभंगा के जाले विधानसभा के विधायक जीवेश मिश्रा को मंत्री पद का शपथ दिलाया। जीवेश मिश्रा हमेशा से अपने बयानबाजी के लिए जाने जाते रहे हैं। जीवेश ने मैथिली भाषा में शपथ लिया। जीवेश मिश्रा के बाद बीजेपी विधायक राजू सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली। राजू सिंह मुजफ्फरपुर जिला के साहेबगंज से विधायक हैं और राजपूत जाती से आते हैं। राजू सिंह के बाद पांचवे नंबर पर सीतामढ़ी के रीगा से विधायक मोतीलाल प्रसाद ने मंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने दिलीप जायसवाल के जगह पर मंत्री बनाया गया है। मोतीलाल प्रसाद तेली समाज से आते हैं और यह बीजेपी का कोर वोट बैंक माना जाता है। मोतीलाल प्रसाद के बाद कृष्ण कुमार मंटू ने मंत्री पद की शपथ ली। मंटू कुर्मी जाति से आते हैं पार्टी ने उन्हें मंत्री बनाकर कुर्मी वोटरों को साधने की कोशिश की है। मंटू 2020 में जेडीयू से बीजेपी में शामिल हुए थे। जिसके बाद पार्टी ने उन्हें मंत्री बनाया है। मंटू के बाद राज्यपाल ने विजय कुमार मंडल को मंत्री पद का शपथ दिलाया। इसके साथ ही नीतीश कैबिनेट का आखिरी विस्तार भी संपन्न हो गया।





### पूरा हुआ 36 मंत्रियों का कोटा

दरअसल, 243 सदस्यीय विधानसभा में 36 मंत्री हो सकते हैं। अब तक इसमें 30 मंत्री थे, जिनमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और दो उपमुख्यमंत्री शामिल हैं। बिहार की एनडीए सरकार के मंत्रिमंडल का आखिरी विस्तार 15 मार्च, 2024 को हुआ था, जब 21 मंत्रियों ने शपथ ली थी। इसमें नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) से नौ और सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से 12 को मंत्री के रूप में शामिल किया गया था। इसके पहले 28 जनवरी, 2024 को नीतीश कुमार महागठबंधन से नाता तोड़कर भाजपा के साथ वापस चले गए थे और मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। साथ ही कुछ नेताओं को मंत्री बनाया गया था। उसके 46 दिन बाद नीतीश कुमार ने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया था।

### शपथ ग्रहण समारोह में ये रहे मौजूद

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, संसदीय कार्य एवं जल संसाधन मंत्री विजय कुमार सिन्हा, स्वास्थ्य व कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय, सूचना व जन संपर्क मंत्री महेश्वर हजारी, नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन, विज्ञान, प्रावैधिकी व तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री नीरज कुमार सिंह मौजूद रहे।

### नीतीश कैबिनेट के नए मंत्रियों पर होगी बड़ी जिम्मेदारी

बिहार विधानसभा का बजट सत्र 28 फरवरी से शुरू होने वाला है। ऐसे में बजट सत्र से पहले मंत्री पद की शपथ लेने वाले बीजेपी के 7 विधायकों पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। दरअसल इस साल बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में चुनाव को देखते हुए इस बार का बजट सत्र काफी अहम होने वाला हैं। बजट सत्र के दौरान नए मंत्रियों की भूमिका काफी अहम हो जाएगी। इन मंत्रियों पर अपने-अपने विभाग की योजनाओं को समय पर पूरा कराने की चुनौती होगी।

### किस वर्ग की कितनी आबादी, कैबिनेट में क्या हिस्सेदारी

जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी की मांग दशकों पुरानी है। नीतीश कुमार ने अपनी कैबिनेट में इस मांग को एक हद तक पूरा करने की कोशिश की है। हालांकि, इस मामले में वह दो समुदायों के साथ ही न्याय कर पाए हैं। हालिया जाति नगणना के मुताबिक, बिहार में पिछड़ा वर्ग की आबादी 27.12 फीसदी है।

### दिलीप जायसवाल ने दिया इस्तीफा

मंत्रिमंडल विस्तार से पहले नीतीश सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। भाजपा के सूत्रों ने बताया कि एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत के तहत डा.दिलीप जायसवाल ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया है। अब दिलीप जायसवाल सिर्फ बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर बने रहेंगे।

### कौन-किस जाति से?

इसमें संजय सरावगी वैश्य समाज से तो जीवेश कुमार भूमिहार जाति से हैं। वहीं, भाजपा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले बिहारशरीफ के विधायक डॉ. सुनील कुमार (कुशवाहा), सारण जिले के अमनौर से विधायक कृष्ण कुमार मंटू (कुर्मी), अररिया जिले के सिकटी से विधायक विजय कुमार मंडल (निषाद), साहेबगंज के विधायक राजू कुमार सिंह (राजपूत) और रीगा के विधायक मोती लाल प्रसाद (वैश्य) को मंत्रिमंडल में शामिल कर अत्यंत पिछड़ा व पिछड़ा वर्ग के अलावा सवर्ण जातियों को भी साधा है।

ही न्याय कर पाए हैं। हालिया जाति नगणना के मुताबिक, बिहार में पिछड़ा वर्ग की आबादी 27.12 फीसदी है। नीतीश कैबिनेट में अब इस समुदाय की हिस्सेदारी 28 फीसदी हो गई है।

# सीएम ने किया सेपक टाकरा वर्ल्ड कप का लोगो जारी, बिहार के पदक विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**निज संवाददाता | पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को सचिवालय स्थित 'संवाद' में आयोजित कार्यक्रम में बिहार में आयोजित होने वाले सेपक टाकरा वर्ल्ड कप-2025 के लोगो एवं शुभंकर का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने 'शुभंकर' एवं 'लोगो' का अनावरण आधुनिक थ्री डी होलोग्राम प्रोजेक्टर के माध्यम से किया। बिहार में यह पहली बार हुआ है। सेपक टाकरा वर्ल्ड कप 2025 का 'लोगो' बिहार की संस्कृति, खेल भावना और भविष्य की ऊर्जा को एक साथ समेटे हुए है। इस खेल का 'शुभंकर' बिहार की ताकत और गौरव का प्रतीक है। बिहार पहली बार सेपक टाकरा वर्ल्ड कप 2025 की मेजबानी करने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान 38वें राष्ट्रीय खेल में बिहार के पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। 38वां राष्ट्रीय खेल 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक उत्तराखंड में आयोजित किया गया था, जिसमें बिहार ने विभिन्न खेल विधाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण पदक, 6 रजत पदक तथा 5 कांस्य पदक सहित कुल 12 पदक अपने नाम किए जो राज्य के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।



### मुख्यमंत्री को हरित पौधा और प्रतीक चिह्न दिया गया

बिहार के खिलाड़ियों ने लॉन बॉल्स में स्वर्ण पदक और तीरंदाजी, वुशू, तलवारबाजी, लॉन बॉल्स, योगा एवं रग्बी में रजत पदक तथा वुशू, लॉन बॉल्स, तलवारबाजी एवं मॉर्डन पेंटाथलॉन में कांस्य पदक जीता। कार्यक्रम के दौरान सेपक टाकरा गेम्स एवं खेलो इंडिया यूथ पर आधारित एक लघु फिल्म की प्रस्तुति दी गई। मुख्यमंत्री को सामान्य प्रशासन एवं खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ0 बी0 राजेन्दर ने हरित पौधा तथा इंडियन सेपक टाकरा फेडरेशन के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह दहिया ने प्रतीक चिह्न भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, सामान्य प्रशासन एवं खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ० बी० राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक डॉ० रविंद्रन शंकरण, खेल विभाग के निदेशक महेंद्र कुमार, इंडियन सेपक टाकरा फेडरेशन के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह दहिया, इंडियन सेपक टाकरा फेडरेशन के उपाध्यक्ष विपिन कामदार सहित अन्य वरीय अधिकारीगण एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

# स्कूल से निकल सीधे आईटीआई में लेंगे ट्रेनिंग

**पटना(नि.सं.)।** बिहार के स्कूली शिक्षा में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 से बड़ा बदलाव दिखेगा। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले नौवीं और 11वीं कक्षा के लगभग 25 लाख छात्र-छात्राओं को रोजगार संबंधी कोर्सों का प्रशिक्षण मिलेगा। हर शनिवार को ये बच्चे अपने स्कूल के बदले सीधे नजदीकी आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) जाएंगे। बच्चे यहां अपनी इच्छानुसार फीटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिकल समेत बीएसडीएम से डिजाइन विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण ले सकेंगे। संबंधित शार्ट टर्म कोर्स में थ्योरी के साथ ही इन्हें यहां प्रैक्टिकल भी कराया जाएगा। नए शैक्षणिक सत्र से इसकी शुरुआत अप्रैल से होगी।

# कक्षा एक से 12वीं के विद्यार्थी इ-लॉट्स पर पढ़ सकेंगे ऑनलाइन किताबें

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद की पहल पर कक्षा एक से 12वीं तक की पुस्तकें ऑनलाइन कर दी गयी हैं। जो बच्चे किन्ही कारणों से स्कूल नहीं जा पाते हैं, वे इ-लाइब्रेरी ऑफ टीसर्च एंड स्टूडेंट पोर्टल (इ-लॉट्स) पर जाकर पढ़ाई कर सकते हैं। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए इ-लॉट्स पर नये फीचर्स भी दिये गये हैं, ताकि विद्यार्थी किताबों को पढ़ने के साथ ही पीडीएफ भी डाउनलोड कर सकते हैं। इसके साथ ही ऑनलाइन रीडिंग के लिए पेज को और भी सुविधाजनक बनाया गया है। इ-लॉट्स पर कक्षा एक से 12वीं तक की सभी पुस्तकों को अपलोड किया गया है। इसमें हिंदी, अंग्रेजी, गणित, राजनीति विज्ञान, सामाजिक विज्ञान व विज्ञान सहित सभी पुस्तकें शामिल हैं। नये सत्र से शिक्षा विभाग द्वारा संबंधित विषय का भी वीडियो अपलोड किया जायेगा। पाठ्यक्रम से जुड़े नये वीडियो मार्च माह से अपलोड किये जायेंगे। एससीइआरटी की टीम विषयों के वीडियो भी अपलोड करने में लगी हुई है। इ-लाइब्रेरी पर जाकर शिक्षक अध्ययन-अध्यापन का कार्य कर सकते हैं। उर्दू विषय की पुस्तकें भी इ-लाइब्रेरी पर उपलब्ध हैं। इ-लाइब्रेरी के उपयोग से न केवल पठन-पाठन का अवसर प्राप्त होगा, बल्कि संबंधित पाठों के प्रश्नोत्तर से अभ्यास करके विद्यार्थी अपना स्वमूल्यांकन कर सकते हैं। शिक्षकों एवं अन्य हित धारकों के द्वारा इ-लाइब्रेरी पर उपलब्ध सामग्री का उपयोग कर अपनी क्षमता विकसित कर सकते हैं। विद्यालयों में विद्यार्थियों को बेहतर परामर्श के लिए इ-लाइब्रेरी का प्रयोग किया जा सकता है। विद्यार्थी मोबाइल के सहयोग से इ-लाइब्रेरी पर पुस्तक में उपलब्ध पाठ को पढ़ सकते हैं।

# आपराधिक मामलों में दोषी ठहराए गए नेताओं पर ताउम्र प्रतिबंध सही नहीं : केंद्र सरकार

**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि आपराधिक मामलों में दोषी ठहराए गए नेताओं पर ताउम्र चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाना सही नहीं होगा। केंद्र ने कहा कि मौजूदा छह साल का प्रतिबंध ही काफी है। आपराधिक मामलों में दोषी करार दिए गए नेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की मांग करने वाली एक जनहित याचिका का विरोध करते हुए केंद्र सरकार ने शीर्ष न्यायालय से ऐसा कहा है। इस याचिका में दोषी ठहराए गए सांसदों और विधायकों समेत अन्य नेताओं पर चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की मांग की गई थी। शीर्ष अदालत में दाखिल हलफनामे में केंद्र ने कहा कि



याचिका में जो अनुरोध किया गया है वह विधान को फिर से लिखने या संसद को एक विशेष तरीके से कानून बनाने का निर्देश देने के समान है, जो न्यायिक समीक्षा संबंधी उच्चतम न्यायालय की शक्तियों से पूरी तरह से परे है। इसके साथ ही केंद्र ने कहा कि इस तरह की अयोग्यता तय करना केवल संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। हलफनामे में कहा गया है, यह सवाल कि आजीवन प्रतिबंध लगाना उपयुक्त होगा या नहीं, यह पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। इसमें कहा गया है कि दंड के क्रियान्वयन को एक उपयुक्त समय तक सीमित कर, रोकथाम सुनिश्चित की गई है और अनावश्यक कठोर कार्रवाई से बचा गया है। केंद्र ने कहा कि यह कानून का स्थापित सिद्धांत है कि दंड या तो समय या मात्रा के अनुसार निर्धारित होते हैं। हलफनामे में कहा गया है, यह दलील दी गई है कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दों के व्यापक प्रभाव हैं और वे स्पष्ट रूप से संसद की विधायी नीति के अंतर्गत आते हैं तथा इस संबंध में न्यायिक समीक्षा की रूपरेखा में उपयुक्त परिवर्तन करना पड़ेगा।

# महाशिवरात्रि की धूम, हर तरफ 'हर-हर बम बम'

**नयी दिल्ली (ए.)।** देशभर में बुधवार को महाशिवरात्रि का त्योहार धूमधाम से मनाया गया और इस मौके पर वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इससे साथ ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित विभिन्न नेताओं ने देशवासियों को बधाई दी। सद्गुरु के कोयंबटूर स्थित ईशा फाउंडेशन में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी महाशिवरात्रि के अवसर पर विशेष समारोह का आयोजन किया गया है। यहां उत्सव महाशिवरात्रि की शाम से शुरू होता है और सुबह तक चलता है।केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के लिए वहां पहुंचे हैं।

# सेना ने रासायनिक युद्ध एजेन्टों का पता लगाने वाली प्रणाली की खरीद के लिए किया अनुबंध

**एजेंसी | नयी दिल्ली**

सेना ने रासायनिक युद्ध एजेन्टों का पता लगाने में सक्षम स्वचालित रासायनिक एजेंट डिटेक्शन और अलार्म प्रणाली की खरीद के लिए 80 करोड़ 43 लाख रूपये की लागत से मेसर्स एल एंड टी लिमिटेड के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि मंगलवार को इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किये गये और इसके तहत 223 अलार्म प्रणाली खरीदी जायेंगी। यह अनुबंध भारतीय खरीद (आईडीडीएम) श्रेणी के अंतर्गत है और इससे सरकार के आत्मनिर्भरता अभियान को अच्छा खासा बढ़ावा मिलेगा। इस प्रणाली के उपकरणों





के 80 प्रतिशत से अधिक घटक और उप-प्रणालियाँ स्थानीय स्तर पर खरीदी जाएंगी। इस प्रणाली को रक्षा अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान, ग्वालियर द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। यह रासायनिक, जैविक, रेडियोधर्मी और परमाणु क्षेत्र में देश की स्वदेशीकरण पहल में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

इस प्रणाली का इस्तेमाल पर्यावरण से हवा का नमूना लेकर रासायनिक युद्ध एजेंटों (सीडब्ल्यूए) और प्रोग्राम किए गए विषाक्त औद्योगिक रसायनों (टीआईसी) का पता लगाने के लिए किया जाता है। यह आयन मोबिलिटी स्पेक्ट्रोमेट्री (आईएमएस) के सिद्धांत पर काम करता है और इसमें हानिकारक एवं विषाक्त पदार्थों का निरंतर पता लगाने और एक साथ निगरानी के लिए दो अत्यधिक संवेदनशील आईएमएस सेल होते हैं।

सेना की क्षेत्रीय इकाइयों में इस प्रणाली को शामिल करने से सेना की परिचालन के साथ-साथ शांति काल, विशेषकर औद्योगिक दुर्घटनाओं से संबंधित आपदा राहत स्थितियों से निपटने के लिए रक्षात्मक क्षमता में अच्छी खासी वृद्धि होगी।

बिहार लौटने वाले यात्रियों के लिए सफर बना चुनौतीपूर्ण

# होली पर घर लौटने वालों की बढ़ी मुश्किलें ट्रेनें फुल, बस-फ्लाइट के किराए में उछाल

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार आने की चाह रखने वाले यात्रियों के लिए इस बार होली का सफर चुनौती भरा साबित हो सकता है। 13 मार्च तक दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई समेत देश के बड़े शहरों से बिहार आने वाली लगभग सभी ट्रेनें फुल हो चुकी हैं। लंबी वेटिंग लिस्ट के कारण यात्रियों को टिकट कन्फर्म कराना मुश्किल हो रहा है। वहीं, दूसरी ओर बस और फ्लाइट का किराया भी आसमान छू रहा है।

रेलवे की ओर से पूर्वोत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी कुंभ स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। महाकुंभ का समापन आज महाशिवरात्रि के दिन हो गया है, जिसके बाद रेलवे जल्द ही होली स्पेशल ट्रेनों की घोषणा करेगा।

### होली से पहले ट्रेन की टिकट नहीं, वेटिंग लिस्ट लंबी

होली के महज 16 दिन शेष हैं, लेकिन बिहार आने वाली ट्रेनों में 13 मार्च तक कोई सीट उपलब्ध नहीं है। राजधानी एक्सप्रेस, संपूर्ण क्रांति, पूर्वा एक्सप्रेस, जनसाधारण एक्सप्रेस, मगध एक्सप्रेस, वैशाली एक्सप्रेस समेत ज्यादातर ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट चल रही है। स्लीपर क्लास से लेकर एसी कोच तक में यात्रियों को सीट मिलना नामुमकिन सा हो गया है।

हालांकि, अभी तक किसी भी होली स्पेशल ट्रेन की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, जिससे यात्रियों में चिंता बढ़ गई है। जो यात्री ट्रेन में सीट नहीं मिलने के कारण बस से सफर करने का विचार कर रहे हैं, उन्हें भी झटका लगा है। दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ, वाराणसी, रांची, गुवाहाटी, भोपाल और जयपुर से पटना, गया, मुजफ्फरपुर, भागलपुर समेत बिहार के अन्य शहरों के लिए चलने वाली बसों का किराया सामान्य दिनों की तुलना में दोगुना हो गया है। इसी तरह, हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों को भी जेब ढीली करनी पड़ेगी। कोलकाता, भुवनेश्वर, चेन्नई, गुवाहाटी, लखनऊ, चंडीगढ़, मुंबई, हैदराबाद, दिल्ली और गोवा से पटना के लिए डायरेक्ट फ्लाइट सेवाएं उपलब्ध हैं, लेकिन इनका किराया 25% से लेकर 60% तक बढ़ चुका है। होली नजदीक आते ही फ्लाइट किराया और बढ़ने की संभावना है। हर साल होली के अवसर पर रेलवे स्पेशल ट्रेनों का संचालन करता है, जिससे त्योहारी सीजन में यात्रियों को राहत मिलती है। हालांकि, इस बार अब तक रेलवे ने कोई विशेष ट्रेन घोषित नहीं की है।

# बस-टैंकर में आमने-सामने की भिंड़त, चार की मौत, 15 घायल

**निज संवाददाता | बेगूसराय**

बेगूसराय में मंगलवार रात साढ़े 9 बजे एनएच-28 पर सिटी राइड बस और दूध टैंकर के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में बस पर सवार 4 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि, 15 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। टक्कर इतनी जोरदार हुई कि बस मौके पर ही पलट गई। वहीं, दूध टैंकर आगे से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। घटना बछवाड़ा थाना क्षेत्र में रानी गांव के पास की है।



मृतक की पहचान उमेश दास के बेटे आदित्य कुमार, दो नाती चमथा निवासी सौरभ कुमार और गौरव कुमार, काजी रसलपुर निवासी सिकंदर दास के बेटे अमन कुमार के रूप में की गई है। मृतक आदित्य कुमार दुल्हे का भाई था। बताया जा रहा है कि उमेश दास के बेटे की शादी थी। तेघड़ा थाना क्षेत्र के दुलारपुर से सिटी राइड बस समस्तीपुर जिले के देसुआ पतैली बारात जा रही थी। गांव से 4-5 किलोमीटर आगे बढ़ते ही हादसा हो गया। इसी दौरान रानी हाईस्कूल के समीप सामने से आ रहे दूध टैंकर से टक्कर हो गई। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बस के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला। सभी घायलों को नजदीक के अस्पताल पहुंचाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। बछवाड़ा थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। 15 लोग घायल हैं। घायलों का इलाज चल रहा है। टैंकर का ड्राइवर-खलासी फरार है।



## संक्षिप्त समाचार

### संडेश्वरनाथ का प्राचीन मेला आज से होगा शुरू

**फतेहपुर**। फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र के संडेश्वरनाथ महादेव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के अवसर पर लगने वाला पांच दिवसीय प्राचीन मेला बुधवार से शुरू होगा। यहां मेले की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेले में विभिन्न तरह के मनोरंजन के साधन लगाए गए हैं। साथ ही मेले में आने वाले लोगों के लिए कई तरह के व्यंजनों और शृंगार की सैकड़ों दुकानें भी सज कर तैयार हो गईं हैं। इस प्राचीन मेले में फतेहपुर प्रखंड प्रखंड सहित आसपास के तथा दूर-दराज के क्षेत्रों से लाखों लोग भाग लेकर मेले का आनंद उठाते हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर संडेश्वरनाथ में सैकड़ों साल से विशाल मेले का आयोजन होता आ रहा है। यहां हर साल लगने वाले इस मेले में बिहार और झारखंड प्रदेश के सीमावर्ती जिला क्षेत्रों के नर-नारियां भारी संख्या में पहुंचते हैं और मेले का भरपूर आनंद लेते हैं।

### शादीपुर विद्यालय में लगी शिक्षण सामग्री की प्रदर्शनी

**मानपुर**। शादीपुर स्थित उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय में शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) की प्रदर्शनी हुई। इसका आयोजन कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर के तत्वावधान में किया गया। उद्घाटन मुखिया देवेंद्र कुमार उर्फ हैप्पी सिंह और प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुखिया ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों में उत्साह बढ़ाते हैं। कक्षा का माहौल सकारात्मक बनता है। शिक्षकों को भी पढ़ाने में नई ऊर्जा मिलती है। छात्रों का ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है। प्रदर्शनी में मध्य विद्यालय शादीपुर, मध्य विद्यालय गांगटी, प्राथमिक विद्यालय सोंधी, प्राथमिक विद्यालय बुढ़वा महादेव और प्राथमिक विद्यालय जंगलपुर के कक्षा 1 से 5 तक के शिक्षकों ने भाग लिया।

### सनातन धर्म जैसा कोई दूसरा धर्म नहीं

**बोधगया**। सनातन धर्म ही शांति देता है। ऐसा कोई दूसरा धर्म नहीं। यह कहना है थाईलैंड के वट सांतिकावत बौद्ध मठ में रहने वाले लुआंगपू सोम्मल उत्तामानो का। उनके अनुयायी थानावत वोंगथानावत मंगलवार को अपनी मां सिरीपोर्न लिम्सवथीफोंग के साथ बोधगया पहुंचे। श्री जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। पिता पोर्नचाई लिम्सवथीफोंग के 56वें जन्मदिन पर विशेष अनुष्ठान किया। थानावत ने कहा कि हमारे सभी भगवान भारत में जन्मे हैं। हम हिंदू रीति-रिवाज से ही पूजा करते हैं। बोधगया आकर मंदिर में रहना सौभाग्य की बात है। यहां लोगों की धर्म के प्रति आस्था अद्भुत है। पिता के जन्मदिन पर उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए मंदिर में पूजा की। भगवान श्री जगन्नाथ के समक्ष पिता की तस्वीर रखकर प्रार्थना की। छोटे शीला रूपी नारायण भगवान पर जलाभिषेक किया। थाई श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की मोर पंख से सेवा की। कपूर और घी से आरती उतारी। पूजा संपन्न कराने वाले पुजारी सतीश पांडेय और मधुसूदन पाठक ने बताया कि विदेशी श्रद्धालु हिंदू रीति से अनुष्ठान कर रहे हैं। पूजा के बाद श्रद्धालुओं को अपने हाथों से प्रसाद बांटा। मंदिर प्रांगण में करीब 500 भक्तों के बीच भंडारा कराया। थाई श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में रंग-रोगन और टाइल्स लगाने की इच्छा जताई। सेवा में लगे हरेंद्र कुमार ने बताया कि मंदिर प्रबंधन समिति से अनुमति लेने के बाद ही इस पर निर्णय लिया जाएगा।

### यात्रियों की संख्या बढ़ने पर स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**नालंदा**। बढ़ती यात्री संख्या और आवागमन की सुविधा प्रदान करने के लिए पूर्व मध्य रेलवे ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। रेलवे प्रशासन ने मंगलवार को घोषणा की है कि दानापुर से हैदराबाद के चर्लपल्ली के बीच एक विशेष ट्रेन का संचालन किया जाएगा। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह विशेष ट्रेन (गाड़ी संख्या 07754) 27 फरवरी 2025 को दानापुर से चर्लपल्ली के लिए रवाना होगी। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। मौजूदा ट्रेनों में बढ़ती यात्री संख्या और लंबी प्रतीक्षा सूची को देखते हुए हमने इस विशेष ट्रेन को चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन बिहार से तेलंगाना जाने वाले यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा होगी। विशेष ट्रेन का संचालन निम्न समय-सारणी के अनुसार होगा

**ट्रेन का विस्तृत समय-सारणी**ः दानापुर से प्रस्थानः 27 फरवरी 2025, दोपहर 15:30 बजे- पटना जंक्शनः 15:50 बजे- मोकामाः शाम 17:50 बजे- झाझाः रात 20:10 बजे- चितरंजनः रात 22:45 बजे। दूसरे दिन ट्रेन निम्न स्टेशनों पर रुकेगी खड़गपुरः सुबह 04:15 बजे- भुवनेश्वरः दोपहर 11:50 बजे- विजयनगरमः शाम 18:15 बजे, तीसरे दिन ट्रेन चर्लपल्ली (हैदराबाद) सुबह 08:15 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन पटना-झाझा-आसनसोल-खड़गपुर-भुवनेश्वर-विजयवाड़ा मार्ग से होकर गुजरेगी और इस दौरान कई अन्य स्टेशनों पर भी रुकेगी।

**सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी ट्रेन**ः रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे अपनी यात्रा की योजना इसी के अनुसार बनाएं। टिकट बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट और रेलवे स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर उपलब्ध होगी। यह विशेष ट्रेन जहां एक ओर यात्रियों को सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, वहीं दूसरी ओर यात्रा के दौरान होने वाली परेशानियों को भी कम करेगी। रेलवे प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी।

### 535 सीढ़ियां चढ़ने के बाद बाबा सिद्धनाथ के होते दर्शन

**नालंदा**। पर्यटन नगरी राजगीर के वैभारगिरि पहाड़ी पर जरासंध कालीन बाबा सिद्धनाथ मंदिर सदियों से आस्था का केंद्र रहा है। इस पुराने मंदिर में जल चढ़ाने से मनोकामनाएं पूरी होने की धार्मिक मान्यता है, जिसके कारण यहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। विशेषकर सोमवार के दिन शिव भक्तों की भारी भीड़ इस पौराणिक स्थल पर उमड़ती है। इस ऐतिहासिक मंदिर तक पहुंचने का मार्ग भी श्रद्धालुओं के लिए आस्था की परीक्षा जैसा है। ब्रह्मकुंड परिसर से 535 सीढ़ियां चढ़कर ही बाबा सिद्धनाथ के दर्शन होते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, दृढ़ संकल्प और भक्ति भाव से प्रेरित श्रद्धालु इस कठिन चढ़ाई को मात्र आधे घंटे में पूरा कर लेते हैं। यहां की हर सीढ़ी आस्था को मजबूत करती है। जैसे-जैसे ऊपर चढ़ते हैं, बाबा के और करीब पहुंचते हैं। सीढ़ियों के रखरखाव पर ध्यान देने की आवश्यकता है। कई सीढ़ियां क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिनकी तत्काल मरम्मत अपेक्षित है। मंदिर से जुड़ी पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, महाबली सम्राट जरासंध स्वयं यहां नियमित पूजा-अर्चना किया करते थे। मंदिर से लगभग 1 किलोमीटर पश्चिम में स्थित वेलवा डोव तालाब में स्नान करके वे इस शिवलिंग पर जल चढ़ाते थे। मंदिर की विशिष्ट वास्तुकला इसके प्राचीन इतिहास की गवाही देता है। 50 इंच मोटी दीवारें और 12 सिद्ध स्तंभ इसकी भव्यता को दर्शाते हैं। पुरातत्व विशेषज्ञों के अनुसार, ये स्तंभ प्राचीन हिन्दू वास्तुकला के अनमोल नमूने हैं।

**साधकों का आध्यात्मिक स्थल**ः स्थानीय लोगों के बीच यह धारणा प्रचलित है कि सावन के महीने में साधु-संत रात में इस मंदिर में साधना करते हैं और दिन के समय वन क्षेत्र में चले जाते हैं। इस मान्यता ने मंदिर को एक रहस्यमयी आध्यात्मिक आभा प्रदान की है।

**महाशिवरात्रि की विशेष तैयारियां**ः महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर में विशेष आयोजन की तैयारियां की गई हैं। पंडा समिति के सचिव विकास उपाध्याय के अनुसार, "महाशिवरात्रि के दिन सुबह 11 बजे से 24 घंटे का अखंड कीर्तन प्रारंभ होगा, जो 27 फरवरी को समाप्त होगा। इसके बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। अखंड कीर्तन बाबा सिद्धनाथ मंदिर और ब्रह्मकुंड परिसर दोनों स्थानों पर आयोजित किया जाएगा।" आदि-अनादि काल से महाशिवरात्रि पर वैभारगिरि पर्वत पर भक्तों की विशाल भीड़ उमड़ती रही है। इस वर्ष भी प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। वैभारगिरि पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है, ताकि श्रद्धालु निर्बाध रूप से दर्शन कर सकें।

### स्वर्णकार समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

**बोधगया**। श्री राम चरित्र मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास के गुरु और स्वर्णकार समाज के आराध्य संत शिरोमणि नरहरी दास जी की जयंती पखवारा पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा मौसा मोड़ टीका बीघा से शुरू हुई। इसमें स्वर्णकार समाज के पुरुष, महिलाएं और युवा बैंड-बाजे के साथ शामिल हुए। शोभायात्रा टीका बीघा से निकलकर बोधगया बाजार के विभिन्न मार्गों से होते हुए सक्सेना मोड़ होटल सीके इंटरनेशनल पहुंची। वहां मंचीय कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य जीवन कुमार मौजूद रहे। उन्होंने स्वर्णकार समाज के कई गणमान्य लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अशोक वर्मा, विजय कुमार वर्मा, संजय , अर्जुन वर्मा, चंदन वर्मा, कुंदन और दिलीप सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# गयाजी डैम की स्वच्छता और जल संरक्षण को लेकर बैठक

निज संवाददाता। गया



♦ डीएम ने दी सफाई के लिए ट्यूब टेक्नोलॉजी अपनाने की नसीहत, अधिकारियों को निर्देश

गयाजी डैम की स्वच्छता और जल संरक्षण को लेकर ज़िला पदाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में अहम बैठक हुई। इस बैठक में विष्णुपद मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के पुरोहितों, समाजसेवी बृज नन्दन पाठक समेत अन्य पुरोहितों के अलावा ज़िला वन पदाधिकारी, नगर आयुक्त और गयाजी डैम के कार्यपालक अभियंता विकास कुमार शामिल हुए। बैठक में डीएम ने साफ कहा कि गयाजी डैम के जलस्तर को बनाए रखने के लिए पहले से किए गए चार डीप बोरिंग को दो दिनों के अंदर फंक्शनल किया जाए। इसके अलावा, अगर जरूरत महसूस हो तो अतिरिक्त बोरिंग भी करवाई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल स्रोतों का सही तरीके से आकलन कर जल प्रबंधन की व्यवस्था की जाए। गौरतलब है कि गयाजी डैम में केवल मानसून का पानी इकट्ठा होता है। जुलाई से मार्च तक पानी की कोई कमी नहीं रहती, लेकिन मार्च-अप्रैल से जलस्तर गिरने लगता है। इसीलिए चार बोरिंग कराए गए थे, ताकि तीर्थयात्रियों को किसी तरह की दिक्कत न हो।

**डैम की सफाई को लेकर नई गाइडलाइन**ः डीएम ने कहा कि गयाजी डैम को स्वच्छ बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे नदी में कचरा, मलवा या पूजन सामग्री न फेंकें। वहीं, नगर आयुक्त को निर्देश दिए गए कि घाटों की नियमित सफाई हो और जरूरत पड़ने पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाए। गयाजी डैम के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि हर साल मई में डैम की सफाई होती है, जिसमें जमी हुई गाद हटाई जाती है। डीएम ने इस बार गाद सफाई का काम समय पर पूरा करने और मानसून से पहले इसे पूरी तरह निपटाने के निर्देश दिए, ताकि जल संचयन की क्षमता बढ़ाई जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि निकाली गई गाद को इस तरह डिस्पोज किया जाए कि वह दोबारा नदी में न मिले।

**सुरक्षा और टेक्नोलॉजी के जरिए जल संरक्षण**ः डैम के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कंट्रोल रूम बनाए गए हैं, जो हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने के लिए नई टेक्नोलॉजी जैसे ट्यूब टेक्नोलॉजी का उपयोग करने पर विचार किया जाए। इसके लिए टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स की टीम से संपर्क करने के निर्देश दिए गए। डैम के आसपास के खाली स्थानों को हरा-भरा बनाने के लिए जिला वन पदाधिकारी के माध्यम से पौधारोपण करवाने का निर्णय लिया गया है।

# बिहार शरीफ से पहली बार कोई विधायक बना मंत्री

निज संवाददाता। नालंदा



बिहार शरीफ से चौथी बार विधायक चुने गए डॉ. सुनील कुमार ने बुधवार यानी आज मंत्रीपद की शपथ ली। सुनील कुमार सिंह को नीतीश कैबिनेट में शामिल किया गया है। बिहार की राजनीति में अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखने वाले 68 साल के सुनील कुमार ने अपने राजनीतिक सफर में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। एक कारोबारी परिवार में जन्मे डॉ. कुमार के राजनीतिक जीवन की शुरुआत निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में हुई थी। 1995 में पहली बार चुनावी मैदान में उतरे, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद 2000 में भी निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़े और फिर से असफल रहे।

**2005 में जदयू के टिकट पर पहली बार मिली जीत**ः साल 2005 में जनता दल यूनाइटेड के टिकट पर चुनाव लड़कर उन्होंने अपनी पहली जीत दर्ज की। इसके बाद से वे बिहार शरीफ विधानसभा क्षेत्र से लगातार जीत हासिल करते रहे हैं। 2005 से 2010 तक जदयू के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले डॉ. कुमार ने 2013 में राजनीतिक समीकरणों में बदलाव के बाद भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़कर उन्होंने लगातार तीसरी और चौथी बार विधायक बने। वर्तमान में वे राज्य सरकार में मंत्री पद के लिए सबसे मजबूत दावेदारों में से एक माने जा रहे हैं।

**ट्रेंड टीचर के अलावा पेशे से मूवी प्रोड्यूसर भी हैं डॉक्टर सुनील**ः राजनीति के अलावा, डॉ. सुनील कुमार के पास कई अन्य उपलब्धियां भी हैं। वे एक ट्रेंड डॉक्टर होने के साथ-साथ भोजपुरी फिल्मों के प्रोड्यूसर भी हैं।

## गया में दीवार गिरी, मलबे में दबकर बच्ची की मौत

निज संवाददाता। गया



♦ हादसे में एक वृद्धा भी हुई घायल, दोनों बाउंड्रीवॉल के बगल से गुजर रहे थे

गया शहर में दीवार गिर गई। जिसमें सड़क पार कर रही वृद्ध महिला और बच्ची दब गईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को मलबे से बाहर निकाला। महिला के सिर और सीने पर गंभीर चोट लगी है, जबकि बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। घायल महिला को मगध मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मृतका और घायल की अबतक पहचान नहीं हुई है। मामला विष्णुपद थाना क्षेत्र के सिजुआर भवन के पास की है।

**बालू के दबाव से दीवार गिरने की आशंका**ः बताया जा रहा है कि यह दीवार निर्माणाधीन अपार्टमेंट की थी। दीवार पुरानी थी। पीछे बालू भरा था। आशंका है कि दबाव से दीवार गिर गई। अभी मलबे में और लोगों के दबे होने की आशंका है। पुलिस का कहना है कि इसकी संभावना कम है। फिर भी जांच जारी है। विष्णुपद थाने की टीम मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ की टीम भी बुलाई गई।

**घायल कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं**ः थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार यादव ने कहा कि मृतका की पहचान नहीं हुई है। वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल है, कुछ बता पाने की हालत में नहीं। परिजनों के आने पर स्थिति साफ होगी। पुलिस अपार्टमेंट मालिक का पता लगा रही है। हादसे की वजह पुरानी दीवार बताई जा रही है। मामले की जांच जारी है।

# नवाचारी किसान मधु को पुसा कृषि मेले में मिला सम्मान

♦ मशरूम बीज उत्पादन और मोती की खेती में योगदान के लिए सम्मानित

निज संवाददाता। नालंदा




नालंदा जिले की महिला किसान मधु पटेल को उनकी अभिनव कृषि पद्धतियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) के निदेशक प्रो. सी.एच. श्रीवास्तव राय के हाथों उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ। नई दिल्ली में 22 से 24 फरवरी तक आयोजित पुसा कृषि मेले में मधु पटेल को उनके मशरूम बीज उत्पादन और मोती की खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस वर्ष मेले का विषय 'उन्नत कृषि-विकसित भारत' था, जिसका आयोजन आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा किया गया था।

**मेहनत और नवाचारी सोच ने दिलाई पहचान**ः कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) हरनौत की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. सीमा कुमारी ने बताया, "मधु पटेल ने कृषि विज्ञान केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त करके अपने क्षेत्र में एक नया मुकाम हासिल किया है। उनकी मेहनत और नवाचारी सोच ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है।" केंद्र के गृह विभाग की वैज्ञानिक डॉ. ज्योति सिन्हा के अनुसार, "मधु पटेल एक नेक महिला किसान हैं, जिन्होंने पहले भी सबौर कृषि विश्वविद्यालय से सम्मान प्राप्त किया है। उनकी सफलता अन्य महिला किसानों के लिए प्रेरणास्रोत है।" इस वर्ष के कृषि मेले में देशभर से हजारों किसान शामिल हुए, जहां उन्हें एक ही स्थान पर उन्नत कृषि तकनीकों और अनुसंधानों की जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला। मेले में 300 से अधिक प्रदर्शन स्टॉल लगाए गए थे, जहां उन्नत कृषि यंत्र, उच्च उपज देने वाली फसल किस्में, जैविक खेती तकनीक और सटीक खेती (प्रिसिशन फार्मिंग) के लिए डिजिटल समाधानों के मॉडल प्रदर्शित किए गए।

**किसान-वैज्ञानिक संवाद का आयोजन**ः मेले में जलवायु-अनुकूल कृषि, फसल विविधीकरण, डिजिटल कृषि, युवा और महिला उद्यमिता, कृषि विपणन, किसान संगठन और किसानों द्वारा नवाचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित तकनीकी सत्र और किसान-वैज्ञानिक संवाद भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर मधु पटेल ने अपनी सफलता का श्रेय केवीके हरनौत के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को दिया और बताया कि कैसे उन्होंने प्रारंभिक चुनौतियों का सामना करते हुए अपनी कृषि प्रणालियों में सुधार किया।

# बिहारशरीफ में परीक्षा मूल्यांकन केंद्रों पर धारा 144 लागू

♦ 27 से 8 मार्च तक पांच केंद्रों पर उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन, एक जगह 5 व्यक्ति नहीं होंगे खड़

निज संवाददाता। नालंदा





नालंदा जिला के अंतर्गत इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा-2025 के उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ने मूल्यांकन केंद्रों के आसपास 200 गज की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना की ओर से आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा के बारकोडेड उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य 27 फरवरी से 8 मार्च तक नालंदा जिला के निर्धारित मूल्यांकन केंद्रों पर किया जाएगा। बिहारशरीफ अनुमंडल मुख्यालय में 5 मूल्यांकन केंद्र स्थापित किए गए हैं।

**मूल्यांकन केंद्रों की सूची**ः 1. नेशनल उच्च विद्यालय, शेखाना, बिहारशरीफ, 2. बिहार टाउन उच्च विद्यालय, बिहारशरीफ, नालंदा, 3. एसएस बालिका +2 उच्च विद्यालय, बिहारशरीफ 4. सोगरा उच्च विद्यालय, बिहारशरीफ 5. आदर्श उच्च विद्यालय (बिहार टाउन उच्च विद्यालय कैंपस), बिहारशरीफ।

**मूल्यांकन केंद्रों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल रहेंगे**ः जिलाधिकारी की ओर से जारी आदेश के अनुसार, मूल्यांकन कार्य शांतिपूर्ण संपन्न हो इसके लिए सभी मूल्यांकन केंद्रों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी औऱ पुलिस सशस्त्र बल की स्टेटिक प्रतिनियुक्तियां की गई हैं। साथ ही गश्ती दल दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति भी की गई है। अनुमंडल दंडाधिकारी, बिहारशरीफ काजले वैभव नितिन ने धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मूल्यांकन केंद्र के इर्द-गिर्द 200 गज परिधि तक निषेधाज्ञा आदेश लागू किया है। इस आदेश के तहत 5 या उससे अधिक व्यक्ति का इकट्ठा होना, हथियार लेकर चलना, मूल्यांकन संचालन के दौरान अनाधिकृत आवाजाही, किसी प्रकार का धारदार हथियार जैसे लाठी, भाला और गड़ासा निषिद्ध रहेगा। मूल्यांकन केंद्रों पर लागू यह आदेश 27 फरवरी से 8 मार्च तक प्रभावी रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सुसंगत प्रावधानों के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## काश... आत्महत्या के लिए कोई कानून होता

निज संवाददाता। गया



♦ 47 साल के दिव्यांग बोले- सरकार से ट्राइसाइकिल तक नहीं मिली, अब जीना नहीं चाहता

माता-पिता, भाई-भाभी की मौत हो चुकी है, छोटा भाई है, जो दूसरे प्रदेश में मजदूरी करता है, मैं घर पर अकेला हूं। आने-जाने, खाने-पीने की तो छोड़िए, टॉयलेट के लिए भी दूसरे का सहारा लेना पड़ता है। ये आपबीती गया जिले के गुरारू प्रखंड के रहने वाले 47 साल के दिव्यांग संजय कुमार की है। उन्होंने कहा कि उन्हें एक ट्राइसाइकिल की जरूरत है, जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री के जनता दरबार से लेकर गांव के मुखिया तक से गुहार लगा चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रेजुएशन कर चुके संजय दोनों पैर से लाचार हैं। बिना किसी की मदद के वे एक कदम भी नहीं चल सकते हैं। फिलहाल, वे ट्यूशन पढ़ाते हैं, जिससे कुछ पैसे मिल जाते हैं, लेकिन जीवन-यापन के लिए पूरी तरह से छोटे भाई के बच्चों के सहारे हैं। संजय बताते हैं कि सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटते-काटते थक चुका हूं। सरकारी शिक्षक बनने की कोशिश भी की लेकिन कहीं राजनीति आड़े आई तो कहीं सिस्टम। मुखिया से विधायक, सांसद से अफसर, मुख्यमंत्री तक गुहार लगाई, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं। अब हार मान ली है। वे कहते हैं कि मेरी दोनों किडनी जरूरतमंदों को दान कर दो, अब जीने की इच्छा नहीं रही। काश, आत्महत्या के लिए देश में कोई कानून होता, तो शायद मैं उसे अपना लेता।

**बड़ा भाई भी दिव्यांग था, चल बसा**ः मीठापुर गांव के रहने वाले संजय बताते हैं कि उनके सिर से पिता का साया पहले ही उठ चुका था। कुछ समय बाद मां भी नहीं रहीं। बड़ा भाई भी दिव्यांग था। बड़ा भाई व उनकी पत्नी दोनों चल बसे। छोटा भाई की पत्नी भी चल बसी है। उसके दो बच्चे हैं। छोटा भाई दूसरे प्रदेश में काम करता है। सरकार से उम्मीद थी, लेकिन वह भी टूटी। हर दिन संघर्ष करना पड़ रहा है। उम्र बढ़ने के साथ दिव्यांगता से जुड़ी तकलीफें भी अब हर दिन बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मुझे देखने वाला कोई नहीं है।

**400 रुपए की पेंशन, न राशन, न शौचालय, न छत**ः सरकारी मदद के नाम पर सिर्फ 400 रुपए की पेंशन मिल रही है। इससे क्या होगा? घर खस्ताहाल है। शौचालय तक नहीं। किसी तरह अस्थायी इंतजाम किया है। राशन कार्ड तक नहीं बना। सरकार अनाज तक नहीं दे रही। आवास योजना में नाम तक नहीं जुड़ा। सरकार दावा करती है कि गरीबों और दिव्यांगों के लिए तमाम योजनाएं हैं। लेकिन संजय जैसे लोग इसका हिस्सा अब तक क्यों नहीं बन पाए। यह सवाल लाजिमी है।

**1990 से पढ़ा रहे ट्यूशन, 2000 में पॉलिटिकल साइंस से किया ग्रेजुएशन**ः संजय ने बताया कि साल 2000 में पॉलिटिकल साइंस में ग्रेजुएट हुआ था। 1990 से ही बच्चों को पढ़ा रहा हूं। आज भी गांव के बच्चे ट्यूशन पढ़ने आते हैं। जो मिल जाता है, उसी से गुजारा कर लेता हूं। कभी नहीं भी मिलता है। मिलता भी है तो समय से नहीं। खेत जमीन सब बिक चुके हैं। मां बाप और भाई भौजाई सभी दिव्यांगता की टेंशन में चल बसे। छोटे भाई के बच्चे किसी तरह खाना बनाते हैं तो खाना मिल जाता है। संजय की समस्याओं और ट्राइसाइकिल न मिलने के आरोपों को लेकर जब गुरारू बीडीओ संभव कुमार सिंह से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी मिली है। दिव्यांग को हरसंभव मदद दी जाएगी। आवास योजना और राशन कार्ड में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया शुरू करेंगे।

## महाशिवरात्रि पर आज शक्ति संग अग्नि के सात फेरे लेंगे महादेव

निज संवाददाता। गया



गया देवो के देव महादेव की आराधना का महापर्व महाशिवरात्रि मंगलवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है। श्रद्धालुओं ने खासकर युवती व महिलाओं ने बाबा भोले की पूजा कर नहाय-खाय का प्रसाद बनाया। चावल, कद्दू मिश्रित दाल, तरह-तरह की सब्जी, पकौड़ी को प्रसाद के रूप में बना ग्रहण किया। अब बुधवार को फलाहार का उपवास रख शिव मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना करेंगे। शिवलिंग पर जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, दहीभिषेक के बाद हल्दी, चंदन, रौरी, गुलाल से शृंगार करेंगे। फल-फूल, बेलपत्र, मिष्ठान के साथ धतूरा चढ़ाएगें। इच्छानुसार वर भी मांगेगें। ऐसी मान्यता है कि सच्चे मन से महाकाल की पूजा करने से समस्त कष्ट का निवारण होता है। बता दें कि बम भोले के दर्शन करने के लिए शहर के अतिप्राचीन शिव मंदिर रामशिला, पितामहेश्वर, ब्राह्मणी घाट, मार्कण्डेय, कोटेश्वरनाथ, सिद्धेश्वरनाथ, बुढ़वा महादेव, कोचेश्वर महादेव, संडेश्वरनाथ महादेव, हदहदवा शिव मंदिर, भैरो मंदिर, पंचमुखी महादेव, बाबा गिरिद्धेश्वरनाथ शिव मंदिर के अलावे कोईरीबारी शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगेगी। शिव की बारात आज, होगी फूलों की वर्षा शिव-पार्वती विवाह महोत्सव को लेकर बुधवार को शहर के कई मुहल्लों से भगवान शिव की बारात निकाली जाएगी। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़े के साथ इस बारात में हजारों की संख्या में शिवभक्त शामिल होंगे। शिव की बारात के स्वागत के लिए कई मुहल्लों में तोरणद्वार बनाए गए हैं। विवाह महोत्सव को लेकर रंगीन बल्बों से मुहल्लों की सजावट की गई है। कई पूजा समितियां बारातियों का स्वागत फूलों की वर्षा से करेंगे। माता पार्वती का हुआ मड़वा-मटकोर शहर के कोईरीबारी मुहल्ले में ओम सहयोग एवं विकास समिति के बैनर तले शिव-पार्वती विवाह महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को मड़वा व मटकोर की रस्में हुई। रस्म पूरा होने के बाद श्रद्धालुओं के बीच 400 किलो दूध से बनी खीर व दलपूरी प्रसाद के रूप में बांटा गया। 26 फरवरी को माता पार्वती का हल्दी कलश, धृतढ़ारी व देवपूजन का विधान भी होगा। इस बार विवाह की रस्म को सिद्धेश्वरनाथ व सरिता कुमारी पूरा करेंगी। बारातियों का भव्य तरीके से होगा स्वागत ओम सहयोग एवं विकास समिति के अध्यक्ष ने बताया कि 26 फरवरी को महादेव व पार्वती का शुभ विवाह है। इस दिन पितामहेश्वर से महादेव की बारात निकलेगी, जो विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए कोईरीबारी पहुंचेगा, जहां बारातियों का भव्य स्वागत किया जाएगा। मौके पर अध्यक्ष विजय कुमार, नागेन्द्र , सुनील , बलिराम सिंह, , एस.के.द्विवेदी, राकेश , नन्हें सिंह, अर्जुन आदि लगे हुए हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



होत्सव के दौरान आने वाले आगंतुकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए अधिकारियों को दिया गया निर्देश

# ककोलत महोत्सव 2025 की तैयारियों को लेकर जिला पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



निज संवाददाता | नवादा

ककोलत महोत्सव 2025 को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इस महत्वपूर्ण आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय है। इसी कड़ी में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने आगामी 27 फरवरी से 1 मार्च तक चलने वाले इस महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए हरिशचंद्र स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आयोजन स्थल पर किए जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने सबसे पहले आयोजन स्थल की साफ-सफाई की स्थिति पर ध्यान दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरे क्षेत्र को अच्छी तरह से स्वच्छ किया जाए, ताकि आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा, उन्होंने स्टेडियम की मौजूदा व्यवस्था का अवलोकन करते हुए सुनिश्चित करने को कहा कि कार्यक्रम के दौरान पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हो, ताकि रात में भी कार्यक्रम बिना किसी परेशानी के संपन्न हो सके। उन्होंने मंच की मजबूती, बैरिकेडिंग, और प्रवेश एवं निकासी द्वारों की स्थिति का भी जायजा लिया, जिससे कि भीड़ को नियंत्रित करने में आसानी हो। सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिया कि महोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद होनी चाहिए। विशेष रूप से, महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरों की निगरानी भी सुनिश्चित करने को कहा गया है। उन्होंने यातायात नियंत्रण की व्यवस्था पर भी जोर दिया, ताकि आने-जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और ट्रैफिक सुचारू रूप से चलता रहे। इस संदर्भ में, पार्किंग स्थलों का भी निरीक्षण किया गया और अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था की जाए। इसके अतिरिक्त, पेयजल एवं चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता को लेकर भी विशेष निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने सिविल सर्जन को आदेश दिया कि महोत्सव के दौरान एक मेडिकल टीम तैनात की जाए, जिसमें डॉक्टरों के साथ-साथ आवश्यक दवाओं एवं जीवनरक्षक उपकरणों से सुसज्जित एंबुलेंस भी हो, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि आयोजन स्थल पर शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था हो, ताकि गर्मी के मौसम में किसी भी आगंतुक को पानी की कमी महसूस न हो। महोत्सव में भाग लेने वाले कलाकारों और आमंत्रित अतिथियों के लिए भी विशेष सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि कलाकारों के ठहरने, भोजन और मंच पर प्रस्तुति के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पहले से सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं। इसके अलावा, शौचालयों की पर्याप्त संख्या और उनकी सफाई पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया, ताकि आगंतुकों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि इस बार का ककोलत महोत्सव पहले से अधिक भव्य और सुव्यवस्थित हो। सभी संबंधित विभागों को उनके कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है और महोत्सव की तैयारियों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे अपने कार्यों को गंभीरता से लें और महोत्सव को सफल बनाने के लिए पूरी तत्परता से कार्य करें। इसके साथ ही, उन्होंने आम जनता से भी सहयोग की अपील की, ताकि यह महोत्सव एक यादगार आयोजन बन सके और जिले की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिले।

## बाल संरक्षण आयोग ने वृहद आश्रय गृह, पर्यवेक्षण गृह का किया निरीक्षण

निज संवाददाता | नवादा



नवादा डॉ सुग्रीव दास, माननीय सदस्य बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग पटना के द्वारा समाज कल्याण विभाग बिहार के अधीनस्थ जिला बाल संरक्षण इकाई नवादा के द्वारा संचालित बाल देखरेख संस्थान वृहद आश्रय गृह, पर्यवेक्षण गृह का निरक्षण किया गया ।डॉ सुग्रीव दास द्वारा बताया गया कि निरीक्षण के दौरान वृहद आश्रय गृह एवं पर्यवेक्षण गृह की प्रबंधन, साफ सफाई, खान पान की व्यस्था काफी सराहनीय है, गृह के बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए विभिन्न प्रकार प्रशिक्षण कराया जा रहा है। इसके साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कस्तूरबा विद्यालय, जिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित अंबेडकर छात्रावास खरीदी बिगहा, धमौल मध्य विद्यालय हिसुआ का निरक्षण कर जायजा लिया गया। उसके उपरांत जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ जिला अतिथिगृह नवाद में एक बैठक का आयोजन किया गया इस दौरान प्रियंका कुमारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, सर्व शिक्षा, श्रम अधीक्षक, बाल संरक्षण पदाधिकारी मुकेश कुमार, जितेंद्र कुमार, डॉ महेश कुमार चिकित्सा अधिकारी सदर अस्पताल नवादा, बाल कल्याण समिति के सदस्य सालीया उद्दीन, सुधा रानी, ऊषा कुमारी आदि उपस्थित थे।

# चिकित्सक की लापरवाही से मरीज की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

निज संवाददाता | नवादा



नवादा जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय लापरवाही के कारण एक मरीज की मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। इस घटना के बाद अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया और आक्रोशित परिजनों एवं स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन और वहां कार्यरत चिकित्सकों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय विधायक नीतू कुमारी और सिविल सर्जन डॉ. नीता अग्रवाल मौके पर पहुंचीं और मृतक के परिजनों को समझाने का प्रयास किया। साथ ही, उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया और दोषी चिकित्सक पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। यह घटना हिसुआ थाना क्षेत्र के बजरा गांव निवासी विजय पासवान के साथ हुई, जिनके पिता स्व. प्रसादी पासवान थे। विजय पासवान को पेट दर्द और गैस की समस्या थी, जिसके चलते वे अपने परिजनों के साथ इलाज कराने हिसुआ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। अस्पताल में मौजूद आयुष चिकित्सक डॉ. ज्योति किशोर ने मरीज को बिना किसी जांच के एक इंजेक्शन लगा दिया। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सक ने फरवरी 2025 में एक्सपायर हो जाने वाली दवा का इंजेक्शन लगाया, जिससे इंजेक्शन लगते ही मरीज तड़पने लगे और कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। मरीज की मौत होते ही अस्पताल में हड़कंप मच गया और डॉक्टर वहां से भाग खड़े हुए। देखते ही देखते अस्पताल परिसर में भारी संख्या में लोग जुट गए और हंगामा शुरू हो गया। परिजन और स्थानीय लोग चिकित्सक की लापरवाही के कारण हुई इस मौत से आक्रोशित हो गए और अस्पताल प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक नीतू कुमारी अस्पताल पहुंचीं और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उनकी बातें सुनीं और मामले की गंभीरता को समझते हुए अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा कि हिसुआ अस्पताल में लापरवाही की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं और यह पहली बार नहीं है जब किसी मरीज की जान गई हो। विधायक ने कहा कि अस्पताल में प्रशिक्षित चिकित्सकों की कमी है और मरीजों का इलाज अप्रशिक्षित चिकित्सकों, नर्सों और ड्रेसरों के सहारे किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी अक्सर ड्यूटी से नदारद रहते हैं, जिसके कारण यहां कार्यरत अन्य चिकित्सक भी मनमानी करते हैं और समय पर ड्यूटी से नदारद रहते हैं। उन्होंने कहा कि आयुष चिकित्सक डॉ. ज्योति किशोर ने मांस में लगाने वाले इंजेक्शन को नस में लगा दिया, जिससे मरीज की हालत बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस मामले में दोषी चिकित्सक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों। हंगामे की सूचना पर सिविल सर्जन डॉ. नीता अग्रवाल भी मौके पर पहुंचीं और अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने मृतक के परिजनों से पूछताछ की और मामले की जांच का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि चिकित्सक द्वारा दिया गया इंजेक्शन गलत नहीं था, लेकिन उसे देने का तरीका गलत था। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई पूरी तरह सामने आ सकेगी और तब तक के लिए दोषी चिकित्सक पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। इस बीच, हिसुआ थाना अध्यक्ष अनिल कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अस्पताल परिसर में उत्पन्न हो रहे तनाव को नियंत्रित किया। उन्होंने स्थिति को संभालते हुए मृतक के शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया।

# रेवार गांव में नवनिर्मित महादेव मंदिर में विधि विधान से त्रिशूल कलश की हुई स्थापना

निज संवाददाता | पकरीबरावां (नवादा)



पकरीबरावां प्रखंड अंतर्गत एरूरी पंचायत के रेवार गांव में बुधवार को भगवान भोलेनाथ के नवनिर्मित मंदिर बाबा योगेश्वर धाम के शिखर पर त्रिशूल कलश की स्थापना की गई। पूरे विधि- विधान से विद्वान पंडित की देखरेख में त्रिशूल कलश स्थापित की गई। इसके साथ ही मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। इससे पहले गांव में कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें 151 कलश लिए महिलाओं के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आगे- आगे त्रिशूल कलश लिए भक्त के साथ ही कलशधारी महिलाओं व श्रद्धालुओं की भीड़ से गांव का माहौल भक्तिमय हो गया। कलश शोभायात्रा मंदिर परिसर से निकलकर देवी स्थान तक गई। वहां से ठाकुरबाड़ी के रास्ते पुनः मंदिर परिसर पर संपन्न हुई। इस बीच हर हर महादेव की गूंज रही। ग्रामीण सुधाकर कुमार, सुभाष प्रसाद सिंह, प्रभाकर कुमार, मंटू सिंह, बबलू सिंह आदि ने बताया कि गांव में भगवान महादेव के अति प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार कर नया मंदिर बनाया गया है। महाशिवरात्रि के अवसर पर अनुष्ठान शुरू कर मंदिर के शिखर पर त्रिशूल कलश स्थापित की गई। 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया, जो गुरुवार को संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि यह अति प्राचीन मंदिर है, जहां भगवान महादेव स्वयं प्रकट हुए हैं। मंदिर के नए सिरे से निर्माण के समय जब शिवलिंग को ऊपर उठाया जा रहा था, तो शिवलिंग टस से मस नहीं हुआ। किवदंती है कि यहां महादेव योग साधना में लीन हैं। इसलिए इसे बाबा योगेश्वर धाम का नाम दिया गया है। यहां हमेशा से चमत्कार होते रहते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यहां एक बार मंदिर में स्वयं दीप प्रज्वलित हो गया था, जिससे पूरा मंदिर परिसर जगमग हो गया था। लोग कहते हैं कि यहां जो भी भगवान से सच्चे मन से मांगता है, भगवान उसकी मनोकामना अवश्य पूरी करते हैं।इनके पास से लूटे गये रुपये व दो बाइक बरामद की गयी है। तीनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। इन्हें जेल भेजा जा रहा है। अन्य बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# महाशिवरात्रि पर धूमधाम से निकली भोलेनाथ की बारात



निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखंड क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पावन त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान शिवजी दूल्हा बनकर देवी पार्वती से विवाह की तैयारी में दिखाई दिए। गले में नागराज, हाथ में त्रिशूल, माथे पर चांद, शरीर पर भस्म... अद्भुत छटा बिखेर रहा था। हनुमानजी, देवी-देवता, बानर-भालू, भूत-पिशाच सब बाराती बनकर नाचते-गाते साथ चल रहे थे। पूरा माहौल शिव-पार्वती की भक्ति में लीन दिखाई दिया। वहीं बारात में बच्चे-बजुर्ग, महिलाएं और पुरुष, हर कोई उत्साह से लबरेज नजर आए। महाशिवरात्रि पर राज शिवालय मंदिर, ठाकुरबाड़ी स्थित शिवालय व पुरानी बस स्टैंड स्थित मंदिर से भगवान भोलेनाथ की बारात निकली, जिसमें आकर्षक झांकियां भी शामिल रही। दूसरी ओर, महिलाएं देवी पार्वती को सजा कर गाजे-बाजे और नाच-गान के साथ बारात आसपास के इलाकों से होती हुए फिर से मंदिर में पहुंचती है। वहां उसका जोरदार स्वागत-सत्कार होता है। रात में शुभ बेला में पारंपरिक गीतों के बीच भोलेनाथ और पार्वती का विवाह संपन्न कराया जाता है। नीचे बाजार स्थित राज शिवालय मंदिर का परिसर दोपहर तीन बजे से ही ठसाठस भर गया।सब बारात की तैयारियों में सभी जुट गए। शिवजी के साथ-साथ बारातियों को तैयार किया जाने लगा। झांकियों की भी तैयारी की जाने लगी। आसपास के सैकड़ों लोग,बच्चे-बुजुर्ग, महिलाएं-बच्चे और युवा सब मंदिर की ओर चल पड़े। दोपहर 4:30 बजे बारात तैयार हो गई। दुल्हा शिव जी, देवी-देवता और भूत पिशाच के साथ गाड़ी पर सवार हो गए।ढोल-ताशा और गाजे-बाजे की बीच शिव जी की बारात 4:45 बजे मंदिर परिसर से निकली। आगे-आगे झांकियां, उसके पीछे महिला बाराती, फिर पुरुष और बच्चे। सब नाचते-झूमते बढ़ते रहे महाशिवरात्रि पर रजौली मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में शिवभक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। सुबह से ही पूजा-अर्चना शुरू हो गई। भक्तों ने फूल-बेलपत्र आदि से पूजा-अर्चना कर मनोवांछित फल की कामना की। भगवान शिव जी का दूध,दही, घी, शक्कर और गंगा जल आदि से रुद्राभिषेक किया गया और फिर चंदन, कुमकुम, भष्म, भांग और फूल आदि से उनका अलौकिक श्रृंगार किया गया। शिव-पार्वती के विवाह समारोह पर मंदिर परिसर में महाभंडारा का आयोजन किया गया। हजारों महिला-पुरुष व बच्चों ने भगवान के प्रसाद पाए। मंदिर कमेटी की ओर से लोगों को पूरी, बुनिया, सब्जी आदि खिलाए गए। वहीं देर रात तक भंडारा चलता रहा।

## श्रद्धा के साथ की गई महादेव की पूजा अर्चना

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

महाशिवरात्रि केअवसर पर बुधवार को ऐतिहासिक द्वापरकालीन धनियावां पहाड़ी स्थित शिव पार्वती मंदिर में पूजा अर्चना के लिए शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख, समृद्धि की कामना की। मंदिर के पुजारी बब्लू मिश्र, मतलू मिश्र, पवन कुमार पांडेय ने बताया गाजे बाजे के साथ पेश गांव से बरात निकाली गयी। और विधिवत श्रद्धा उत्साह के साथ शिव पार्वती विवाहोत्सव सम्पन्न कराया गया। इधर, मंदिर के पुजारी त्रिपुरारी पांडेय ने कहा नारदीगंज बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी से बाबा भोलेनाथ की बरात ढोल बाजे के साथ निकाली गई। उसके बाद नारदीगंज बाजार चौक स्थित शिवाला में शिव पार्वती का विवाह पुजारी शास्त्री छोटू पांडेय समेत अन्य ब्राह्मण ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत शिव पार्वती का विवाह कराये। इसके अलावा ओड़ो गांव के ब्राहमण टोला स्थित आभालिंगम महादेव मंदिर में दो दिवसीय पूजा अर्चना, रुद्राभिषेक, हवन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से पूजा में तल्लीन रहे। इसके अलावा अब्दलपुर पड़रिया, वनगंगा, कोशला, कहुआरा, रामे, परमा, मसौढा समेत विभिन्न गांवों में स्थित शिव मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से पूजा अर्चना किया।

# जब जीव में अभिमान हो, भगवान उनसे होते हैं दूर : स्वामी राघवेंराचार्य जी

निज संवाददाता | नरहट (नवादा)



प्रखण्ड के प्रसिद्ध मा तारा देवी मंदिर प्रांगण बेरौटा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन की कथा प्रारंभ करते हुए कथा व्यास स्वामी राघवेंराचार्य जी महाराज ने भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम रास लीला का वर्णन करते हुए बताया कि रास तो जीव का शिव के मिलन की कथा है। यह काम को बढ़ाने की नहीं काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। इस कथा में कामदेव ने भगवान पर खुले मैदान में अपने पूर्व सामर्थ्य के साथ आक्रमण किया है लेकिन वह भगवान को पराजित नही कर पाया उसे ही परास्त होना पड़ा है। रास लीला में जीव का शंका करना या काम को देखना ही पाप है। गोपी गीत पर बोलते हुए स्वामी जी ने कहा जब तब जीव में अभिमान आता है, भगवान उनसे दूर हो जाता है। लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है उसे दर्शन देते है। भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ संपन्न हुआ लेकिन रुक्मणि को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। इस अवसर पर श्रीकृष्ण और रुक्मिणी की सुंदर झांकी सजाई गई थी। गाजे बाजे के साथ बारात निकाली गई। श्रीकृष्ण रुक्मिणी जयमाला हुआ।

उपस्थित महिलाओं ने विवाह मंगल गीत गायी। पुष्प वर्षा की गई। इस कथा में समझाया गया कि रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह ही नही सकती यदि जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाए नही तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है। धन को परमार्थ में लगाना चाहिए और जब कोई लक्ष्मी नारायण को पूजता है या उनकी सेवा करता है तो उन्हें भगवान की कृपा स्वत ही प्राप्त हो जाती है। श्रीकृष्ण भगवान व रुक्मणि के अतिरिक्त अन्य विवाहों का भी वर्णन किया गया। कथा के दौरान बीच बीच में स्वामी जी ने भजन प्रस्तुत कर सब को खूब झुमाया। इस मौके पर हारमोनियम पर विजय कुमार एवं तबलावादक भगवान तिवारी ने अपनी सेवा दे रहे हैं। दूर दराज से काफी संख्या में भक्तजन कथा श्रवण के लिए पहुच रहे हैं।

## 6 लीटर शराब बरामद

नरहट (नवादा) (नि.सं.)। जिले के नरहट थाना क्षेत्र स्थित हजरतपुर टोला लेवार में पुलिस ने एक्स ड्राइव अभियान के तहत छापेमारी करते हुए छह लीटर देशी महुआ शराब बरामद की है। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चंदन चौहान के घर पर यह कार्रवाई की गई, जहां से अवैध शराब मिली। इस मामले में शराबबंदी कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। बिहार में अप्रैल 2016 से पूर्ण शराबबंदी लागू है, जिसके तहत राज्य में शराब का उत्पादन, बिक्री और सेवन प्रतिबंधित है। इस कानून के उल्लंघन पर सख्त दंड का प्रावधान है। पुलिस और उत्पाद विभाग नियमित रूप से छापेमारी अभियान चलाकर अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई कर रहे हैं।

# पुलिस ने स्निफर डॉग की मदद से पकड़ा शराब

- जमीन के अंदर गाड़कर रखी गई तीन लीटर शराब बरामद

निज संवाददाता | पकरीबरावां (नवादा)

पकरीबरावां प्रखंड के धमौल थाना क्षेत्र में पुलिस ने स्निफर डॉग की सहायता से शराब के विरुद्ध विशेष छापेमारी अभियान चलाया, जिसमें घरों और जमीन में छुपाकर रखी गई शराब बरामद की गई। थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू ने बताया कि धमौल, पड़रिया और अन्य क्षेत्रों में स्निफर डॉग के साथ सघन तलाशी अभियान चलाया गया। धमौल बस स्टैंड स्थित संजय चौधरी के घर से दो लीटर शराब बरामद की गई, जबकि धमौल पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के पीछे खेत में जमीन के अंदर गाड़कर रखी गई तीन लीटर शराब भी मिली। कुल मिलाकर पांच लीटर अवैध शराब जब्त की गई। दुर्भाग्यवश, दोनों मामलों में शराब तस्कर पुलिस कार्रवाई से पहले ही फरार होने में सफल रहे।

थानाध्यक्ष ने बताया कि इन घटनाओं के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आगे की कार्रवाई जारी है। इस विशेष अभियान में पुलिस टीम ने स्निफर डॉग की मदद से छुपाई गई शराब को खोजने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। इससे पहले भी, पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए कई छापेमारी अभियानों को अंजाम दिया है, जिससे क्षेत्र में अवैध शराब व्यापार पर अंकुश लगाने में मदद मिली है। पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय समुदाय में सकारात्मक संदेश गया है, जिससे अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों में भय का माहौल बना है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे अवैध शराब से संबंधित किसी भी जानकारी को तुरंत साझा करें, ताकि समाज को इस बुराई से मुक्त किया जा सके। इस अभियान में शामिल पुलिसकर्मियों की तत्परता और स्निफर डॉग की कुशलता ने साबित कर दिया है कि तकनीकी संसाधनों के सही उपयोग से अपराध पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। आशा है कि भविष्य में भी ऐसे अभियानों के माध्यम से अवैध शराब व्यापार पर पूर्ण विराम लगाया जा सकेगा।

# परम्परागत तरीके से मनाया गया महाशिवरात्रि

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)



कौआकोल प्रखंड में बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व पारंपरिक उत्साह और भक्तिमय माहौल में मनाया गया। श्रद्धालुओं ने परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ भगवान शिव की आराधना की। प्रखंड के सभी शिवालयों की साफ-सफाई कर उन्हें भव्य रूप से सजाया गया था। भक्तों ने दिनभर उपवास रखा और शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। रानीबाजार सहित कई गांवों में भव्य शिव बारात की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिव-पार्वती विवाह उत्सव मंदिरों में विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कौआकोल ब्लॉक परिसर स्थित शिव मंदिर, रानीबाजार शिव-पार्वती मंदिर, सोखोदेवरा का एकदंड महादेव मंदिर, बाबा बम्बेश्वर नाथ मंदिर, भोरमबाग महादेव मठ सहित विभिन्न मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर जगह-जगह भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिससे माहौल और भी भक्तिमय हो गया। महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व पर, श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने के लिए पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। इस दिन को भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के रूप में भी मनाया जाता है, जिससे इसकी महत्ता और बढ़ जाती है। इस वर्ष महाशिवरात्रि का पर्व 26 फरवरी 2025 को मनाया गया, जो माघ मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को पड़ता है। पंचांग के अनुसार, चतुर्दशी तिथि की शुरुआत 26 फरवरी 2025 को सुबह 11:08 बजे हुई और इसका समापन 27 फरवरी को सुबह 8:54 बजे हुआ। इस विशेष दिन पर भगवान शिव की पूजा, रुद्राभिषेक और व्रत का विशेष महत्व होता है। महाशिवरात्रि के अवसर पर, भक्त रात्रि के चार प्रहरों में पूजा का आयोजन करते हैं, जिसमें हर प्रहर की विशेष पूजा विधि होती है।

# मूल निवासी एवं वामसेफ ने किया प्रशिक्षण शिविर आयोजित

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



नवादा जिले में मूल निवासी संघ और बामसेफ के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को गढ़ स्थित बामसेफ कार्यालय में मूल निवासियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में देशभर से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रशिक्षकों ने हिस्सा लिया और सामाजिक न्याय, शिक्षा और संविधान से जुड़ी विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक के रूप में दिल्ली से आए बामसेफ के राष्ट्रीय प्रचारक और संविधान प्रबोधक उमेश रजक ने भाग लिया। उन्होंने फूले-अंबेडकरवादी आंदोलन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसके विभिन्न पहलुओं को समझाया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार महात्मा फुले और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने समाज में व्याप्त अन्याय और भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किया।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ब्राह्मणवादी व्यवस्था के कारण शूद्रों, दलितों और पिछड़े वर्गों को लंबे समय तक शोषण और अत्याचार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि इस शोषण का मूल कारण अशिक्षा रही है, जिसे समाप्त करने के लिए महात्मा फुले ने अपने विचारों और कविताओं के माध्यम से सामाजिक विश्लेषण प्रस्तुत किया था। शिविर में उपस्थित लोगों को बताया गया कि फुले और अंबेडकर के आदर्शों पर आधारित समाज के निर्माण के लिए सबसे जरूरी है कि हर घर में भारतीय संविधान को समझने और अपनाने की परंपरा विकसित की जाए। पूर्णकालिक प्रचारक रामफल पंडित ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि मूल निवासियों के लिए अंबेडकर वाङ्मय को पढ़ना जितना आवश्यक है, उतना ही यह जानना भी जरूरी है कि डॉक्टर अंबेडकर ने स्वयं क्या पढ़ा था और उनके विचार किन आधारों पर विकसित हुए थे।

शिविर के दौरान संजय कुमार ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को एक विशेष डायरी भेंट की और उन्हें प्रेरित किया कि वे आज के पाठ को एक महत्वपूर्ण दस्तावेज के रूप में संजोकर रखें, ताकि वे हमेशा इससे मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर समाज को जागरूक करने और संगठित करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान विनोद कुमार, शतीस कुमार, बाल्मीकि प्रसाद, रोहित कुमार, प्रवीण कुमार, अमित कुमार, अजय और मुकेश समेत सैकड़ों मूल निवासी उपस्थित रहे। इन सभी ने प्रशिक्षण सत्र में बढ़-चढ़कर भाग लिया और फूले-अंबेडकरवादी विचारधारा को समझने एवं उसे आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। शिविर में भाग लेने वाले प्रशिक्षकों ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य समाज में व्याप्त असमानता और भेदभाव को समाप्त कर एक समतामूलक समाज की स्थापना करना है। इस दौरान वक्ताओं ने सामाजिक न्याय, शिक्षा और जागरूकता के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की। इस प्रशिक्षण शिविर से जुड़े आयोजकों ने कहा कि आने वाले समय में भी इस तरह के शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि समाज के सभी वर्गों तक जागरूकता और संवैधानिक अधिकारों की जानकारी पहुंचाई जा सके।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य सचिव ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

**आरा**। जिले में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा को लेकर सोमवार को बैठक हुई। मुख्य सचिव की अध्यक्षता ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान बैठक में सूचना एवं जनसंपर्क, वाणिज्यकर, खनन, उत्पाद, परिवहन, कला संस्कृति, राजस्व और खेल विभाग की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा हुई। मुख्य सचिव ने योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीतीश कुमार, सहायक आयुक्त वाणिज्यकर, अपर समाहर्ता भोजपुर, सहायक आयुक्त राज्य कर, जिला खनन पदाधिकारी राजेश कुशवाहा, सहायक आयुक्त उत्पाद, जिला परिवहन पदाधिकारी रवि रंजन, जिला खेल पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### महाशिवरात्रि पर आज शिव बारात, झांकियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र

**आरा**। महाशिवरात्रि पर आज भगवान शिव की बारात निकलेगी। शिव बारात शोभा यात्रा समिति ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। मंगलवार को गज्जू लाल शिव मंदिर, रामगढ़ीया हनुमान टोला में भोलेनाथ का रुद्राभिषेक हुआ। इसके बाद हल्दी रस्म पूरी की गई। समिति के संरक्षक दंडी बाबा ने रुद्राभिषेक किया। हल्दी रस्म के दौरान श्रद्धालु पीले वस्त्रों में भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। अरुण गुप्ता ने बताया कि शिव बारात आज बुधवार को सुबह 11 बजे निकलेगी। बारात में आकर्षक झांकियां और बाजे-गाजे के साथ बाबा पालकी पर सवार रहेंगे। महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है। इस मौके पर शिव बारात शोभा यात्रा समिति के अध्यक्ष अरुण गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रतीक राज, उपाध्यक्ष मंजिल सिंह, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश सहसंयोजक सोना लाल, विशाल सिंह, रोहित सिंह समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। बाबा रामेश्वर नाथ महादेव मंदिर, हाउसिंग कॉलोनी चंदवा में आज 24 घंटे का अखंड हरि-कीर्तन होगा। मंदिर के संस्थापक सह अध्यक्ष धीरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि शिव विवाह, रुद्राभिषेक सहित कई धार्मिक अनुष्ठान भी होंगे। जय मां काली बखोरापुर वाली प्रांगण में भी 24 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन होगा। मंदिर के मीडिया समन्वयक अखिलेश बाबा ने बताया कि इसमें बिहार और उत्तर प्रदेश की दो-दो कीर्तन मंडलियां शामिल होंगी।

### लोजपा (रा.) के जिलाध्यक्ष ने लोगों को दिलाई सदस्यता

**बक्सर**। जिले के ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मझवारी गांव में लोजपा रामविलास का मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मुख्य अतिथि के रूप में लोजपा रामविलास बक्सर के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह मौजूद रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रदेश सचिव संजय कुमार पासवान ने शिरकत की। मिलन समारोह में गोलू श्रीवास्तव ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ लोजपा रामविलास की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने उन्हें बक्सर जिला लोजपा रामविलास का सहायक मीडिया प्रभारी नियुक्त किया, जबकि पप्पू कुमार पासवान को जिला महासचिव का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि बक्सर जिले के ब्रह्मपुर और डुमरांव विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर तक कमेटियां गठित हो चुकी हैं। उन्होंने घोषणा की कि दोनों विधानसभाओं में जल्द ही बूथ स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश सचिव संजय कुमार पासवान, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष तूफान राज पासवान, आईटी सेल जिलाध्यक्ष अभिषेक पांडेय, संसदीय बोर्ड जिलाध्यक्ष ठाकुर भानुशंकर सिंह, जिला प्रवक्ता मनोज कुमार सिंह, ब्रह्मपुर विधानसभा अध्यक्ष विजय तिवारी व रिंकू पांडेय आदि मौजूद रहे।

### दलित समागम सम्मेलन की तैयारी, हम विस्तार पर चर्चा

**आरा**। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ भोजपुर जिला की बैठक खेतड़ी मोहल्ला में हुई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मोहम्मद जाबिर उर्फ पप्पू खान ने की। बैठक में प्रदेश प्रधान महासचिव सह जिला प्रभारी फिरोज अहमद और प्रदेश महासचिव गोहर अरमान अंसारी मौजूद रहे। मोहम्मद जाबिर ने पटना गांधी मैदान में होने वाले दलित समागम सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा की। कार्यकर्ताओं को सम्मेलन में शामिल होने के लिए दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भोजपुर में पार्टी मजबूत हो रही है। हजारों कार्यकर्ता सक्रिय हैं। अल्पसंख्यक समाज का दूसरी पार्टियों से मोहभंग हो चुका है। बड़ी संख्या में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब सरकार में अल्पसंख्यक और दलित समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। बैठक में पार्टी विस्तार पर भी चर्चा हुई। साजिया नाज को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। मोहम्मद शकील अली, मोहम्मद आलमगीर और अरशद परवेज को जिला सचिव नियुक्त किया गया। अशरफ हुसैन को बड़हरा प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। फिरोज अहमद ने निसार रिजवान को प्रदेश सचिव और डॉ. अब्दुल रहमान उर्फ छोटू को प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत किया।

### 31 मार्च तक लगेंगे बिल सुधार शिविर

**आरा**। बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान और बिल सुधार के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं। यह शिविर साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी, पटना के महाप्रबंधक (राजस्व) अरविंद कुमार के निर्देश पर आयोजित किए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं को घर पर ही बिजली संबंधी समस्याओं का समाधान मिल सके, इसके लिए यह पहल की गई है। यह अभियान 31 मार्च 2025 तक चलेगा। इसमें शिकायतों का समाधान, बिल सुधार और अन्य बिजली संबंधी समस्याओं का निपटारा किया जा रहा है। अरविंद कुमार ने कहा कि अप्रैल 2024 से अब तक जिन उपभोक्ताओं ने बिल का भुगतान नहीं किया है, उनका कनेक्शन काट दिया जाएगा। ऐसे उपभोक्ताओं को कम से कम 50% बकाया राशि जमा करनी होगी। जिनके मीटर खराब हैं, उन्हें भी शिविर में आकर मीटर बदलवाना चाहिए। विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता अविनाश कुमार ने कहा कि यह अभियान उपभोक्ताओं को उनके घर तक सेवाएं पहुंचाने का प्रयास है। वरीय प्रबंधक (राजस्व) नंदन सिंह ने कहा कि इन शिविरों से उपभोक्ताओं को बकाया बिल जमा करने में सहूलियत मिल रही है। इससे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। अब तक 658 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 398 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। उपभोक्ताओं से 61.71 लाख की राशि वसूली गई है। 5100 रसीदें जारी की गई हैं। 2667 बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए हैं। शिविरों में उपभोक्ताओं को शिकायत निवारण, बिल सुधार और कनेक्शन से जुड़ी समस्याओं का समाधान दिया जा रहा है। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं और बकाया बिल जल्द जमा करें, ताकि बिजली आपूर्ति बाधित नहीं हो।

### दहेज-हत्या मामले में पति, सास और ससुर को उम्रकैद

**बक्सर**। बक्सर में दहेज हत्या मामले में कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश हर्षित सिंह ने पति, सास और ससुर को उम्रकैद की सजा सुनाई है। तीनों पर 20-20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। मामला पिछले साल का है। इंदू देवी की शादी 2023 में दीपक कुमार से हुई थी। शादी के बाद ससुराल वालों ने दहेज में मोटरसाइकिल की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर 5 जुलाई 2023 को इंदू की हत्या कर दी गई। आरोपियों ने शव को छिपाने की कोशिश की। इंदू का शव बोरे में भरकर सातों रेवती गांव के पास मथई पुल के नीचे जमीन में दफनाया गया था। इस मामले में पति दीपक कुमार, ससुर जोखू चौधरी, सास ललिता देवी और चचेरे देवर मंटू कुमार उर्फ आदित्य पर केस दर्ज किया गया।


**साक्ष्य मिटाने के आरोप में चचेरे देवर को सजा:** पुलिस ने जांच के बाद चार्जशीट दाखिल की। कोर्ट ने गवाहों और सबूतों के आधार पर सभी को दोषी करार दिया। साक्ष्य मिटाने के आरोप में चचेरे देवर को ढाई साल की सजा और 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

# गैंगरेप मामले में केस दर्ज, 2 गिरफ्तार

♦ खेत में ले जाकर किशोरी के साथ किया था दुष्कर्म, एक आरोपी नाबालिग

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना पुलिस ने किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म किए जाने मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया मोतिश कुमार महतो जगदीशपुर थाना के रूपबांध गांव का निवासी है। जबकि, दूसरा नाबालिग है। जिसकी जानकारी मंगलवार को एसपी राज ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। मालूम हो कि रविवार को दोपहर 13 वर्षीय किशोरी खेत में पटवन करने गई थी। इस दौरान उसे अकेला पाकर गांव के रूपबांध गांव के दो मनचले आरोपितों ने उसके साथ जबरदस्ती की थी।



**पीड़िता की मां ने की थी शिकायत दर्ज:** घर लौटकर किशोरी ने अपने परिजनों से इसकी शिकायत की थी। सोमवार को जब किशोरी की मां रूपबांध आरोपितों के घर पहुंच शिकायत करने गई थी तो मनचले युवकों और परिवार वालों ने उनसे झगड़ा भी किया था। इसके बाद किशोरी की मां ने जगदीशपुर थाने पहुंचकर इसकी शिकायत की थी। पीड़िता के बयान पर केस हुआ था। जिसे गंभीरता से लेते हुए जगदीशपुर थाना की पुलिस ने दो नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पीड़िता का मेडिकल जांच सदर अस्पताल,आरा में कराया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों में एक आरोपी नाबालिग है।

**मां ने बताया- खेत में ले जाकर किया था दुष्कर्म:** मां ने बताया 13 उनकी बेटी रविवार की शाम अपने चाचा एक साथ टोटो से करीब चार किलोमीटर दूर बगल के गांव के खेत में पटवन करने गई थी। इसी दौरान उसके चाचा मोटर का तार लगाने के लिए चले गए थे। वहां उसे अकेला पाकर दो गांव एक बदमाशों द्वारा उसके साथ जबरदस्ती करने लगे। उसके बाद वहां से बच्ची अकेले वापस पैदल घर आ रही थी तभी दोनों लड़कों ने उसका पीछा करते हुए आ गए और अरहर खेत में ले जाकर उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इस घटना को अंजाम देने के बाद दोनों लड़कों ने धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। पीड़िता की मां ने बताया कि एक साल पूर्व दोनों युवक एवं गांव के अन्य युवकों के साथ मोबाइल और पैसे को लेकर झगड़ा हुआ था । उसी दौरान पीड़िता का भाई बीच बचाव किया था । उसके बाद से ही युवकों के द्वारा भाई को धमकी देता और बुरा अंजाम भुगतने को कहता था ।

# हॉस्पिटल में झाड़फूंक और आरती उतारने लगी मरीज की पत्नी

**निज संवाददाता। आरा**



आरा का हाइटेक मशीनों से लैस मॉडल सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के ऑब्जरवेशन वार्ड में डायरिया बीमारी से पीड़ित भर्ती पति का पत्नी द्वारा एक अजीबोगरीब तरीके से इलाज किया गया। उसकी पत्नी द्वारा वार्ड में ही उसका झाड़-फूंककर हुए दीप जलाकर आरती उतारा जाने लगा। जिसको लेकर पूरे वार्ड में लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। वही पत्नी द्वारा पति को झाड़-फूंक व दीया जलाकर आरती उतरता देख वार्ड में भारी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। मरीज टाउन थाना क्षेत्र के भलुहीपुर मोहल्ला निवासी धनपाल यादव है।

**पत्नी बोली- 2 महीने से बीमार हैं पति, किसी ने जादू-टोना करने की बात बताई:** मरीज धनपाल यादव की पत्नी ने बताया कि वह करीब दो महीना से बीमार चल रहे हैं और उन लोगों द्वारा उसका कई जगहों पर इलाज कराया गया लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। जिसके बाद वे लोग उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए जहां चिकित्सक द्वारा देख उसे डायरिया बीमारी का लक्षण बताया। चिकित्सक द्वारा उसे इमरजेंसी वार्ड के ऑब्जरवेशन वार्ड में भर्ती कर उसका इलाज किया जा रहा था लेकिन इसी बीच उसकी पत्नी को किसी व्यक्ति द्वारा कहा गया कि हो सकता है तुम्हारे पति पर किसी के द्वारा जादू- टोना किया गया होगा। जिसके कारण पति की तबीयत खराब होने की बात का हवाला देकर में वार्ड में ही उसके द्वारा झाड़-फूंक और आरती उतारने की सलाह दी गई थी। उसकी बातों को सुनकर उसने अपनी पति की ऑब्जरवेशन वार्ड में ही झाड़ फूंक और आरती उतारने लगी। हालांकि अन्य मरीजों के परिजन एवं सुरक्षाकर्मियों के हल्ला-गुल्ला हो जाने के बाद वह अपने पति को लेकर अस्पताल से चली गई।

# महाशिवरात्रि पर बक्सर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**निज संवाददाता। बक्सर**

बक्सर में महाशिवरात्रि का पर्व भव्य रूप से मनाया जा रहा है। बाबा बरमेश्वर नाथ और रामेश्वर नाथ मंदिर में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। सुबह से ही जिले के प्रमुख शिव मंदिरों में भारी भीड़ जुटी। श्रद्धालु रामरेखा घाट से गंगाजल लेकर विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक कर रहे हैं। ब्रह्मेश्वर नाथ, रामेश्वरनाथ महादेव, पंचमुखी महादेव, सिद्धनाथ महादेव और नाथ बाबा मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ी।

**प्रशासन ने सुरक्षा के किए कड़े इंतजाम:** प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। भीड़ नियंत्रण के लिए प्रमुख मंदिरों के मार्गों को 'नो व्हीकल जोन' घोषित किया गया है। भारी वाहनों की शहर में एंट्री बंद है। चार पहिया वाहनों को केवल बाईपास से आने-जाने की अनुमति है।



धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, फाल्गुन माह की चतुर्दशी को भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इस अवसर पर शहर में शिव बारात निकाली गई। बारात में देवी-देवताओं की झांकी और भूत-प्रेतों की टोली आकर्षण का केंद्र रही। श्रद्धालुओं का मानना है कि महाशिवरात्रि पर उपवास और विधिपूर्वक पूजा करने से शिव-पार्वती की कृपा मिलती है। इससे जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। पूरे शहर में 'हर हर महादेव' के जयकारे गूंज रहे हैं और माहौल भक्तिमय हो गया है।

# सड़क हादसे में दरभंगा निवासी की मौत

♦ बेटा समेत लोगों के साथ बाइक से गए थे प्रयागराज, लौटने के दौरान ट्रक ने रौंदा, बेटा जख्मी

**निज संवाददाता। आरा**

आरा-छपरा फोरलेन पर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के बबुरा पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार को ट्रक ने महाकुंभ से लौट रहे बाइक सवार दरभंगा निवासी पिता-पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बाइक चला रहा पुत्र जख्मी हो गया। जिसके बाद जख्मी पुत्र का इलाज बड़हरा के मनीछपरा स्थित पीएचसी में कराया गया। घटना को लेकर लोगों के बीच अपरा तफरी मची रही। वहीं घटना के बाद चालक ट्रक छोड़ मौके से फरार हो गया।

**शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जख्मी का इलाज जारी:** स्थानीय ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना बड़हरा थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के



अनुसार मृतक दरभंगा जिला के यूनिवर्सिटी थाना क्षेत्र के सुंदरपुर बिरा गांव निवासी 52 वर्षीय पुत्र राम किशोर महतो है। मृतक पेशे से पासी थे ताड़ के पेड़ से ताड़ फल उतार कर बेचते थे। जबकि जख्मी बाइक चला रहा उनका पुत्र 19 वर्षीय राम कुमार है।

**महाकुंभ से लौटने के दौरान हुआ हादसा:** जख्मी राम कुमार ने बताया कि अपने गांव से पांच बाइक पर दस लोग सवार होकर रविवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ स्नान करने के लिए निकले थे। इसके बाद सभी बनारस के काशी गए,फिर मंगलवार की शाम सभी लोग बाइक से वापस दरभंगा लौट रहे थे। लौटने के क्रम में वह बाइक चला रहा था एवं उसके पिता राम किशोर महतो बाइक पर पीछे बैठे हुए थे। जैसे ही उनकी बाइक बबुरा पेट्रोल पंप के समीप पहुंची। तभी विपरीत दिशा से आ रही हैं ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर पीछे बैठे उसके पिता की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि वह जख्मी हो गया। घटना के बाद मृतक के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सिकठी पैक्स समिति चुनाव में निशांत सिंह की बड़ी जीत

♦ 397 मतों से विजयी होकर चौथी बार बने अध्यक्ष, 71.92% हुआ मतदान

**निज संवाददाता। बक्सर**

बक्सर के राजपुर प्रखंड के सिकठी पैक्स समिति के चुनाव में निशांत सिंह उर्फ पूना सिंह ने शानदार जीत दर्ज की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राजीव रंजन सिंह को 397 मतों के अंतर से हराया। निशांत सिंह को 970 मत मिले, जबकि राजीव रंजन सिंह को 573 मत मिले। मतदान मंगलवार को सुबह 7 बजे से शुरू हुआ। कुल 2251 मतदाताओं में से 1619 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दोपहर 12:30 बजे तक 50% मतदान हुआ। शाम 4:30 बजे तक मतदान का प्रतिशत बढ़कर 71.92% हो गया।

**सुरक्षा के थे कड़े इंतजाम:** मतदान के लिए एक सरकारी



स्कूल में चार बूथ बनाए गए थे। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। मतदान केंद्र से 200 मीटर की दूरी पर मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारी तैनात थे। थानाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश सिंह और मजिस्ट्रेट सह बीपीआरओ ममता कुमारी के नेतृत्व में पुलिस टीम पूरे दिन गश्त करती रही। मतगणना शाम 7 बजे से रात 9 बजे तक चली। चार टेबल पर मतगणना की गई। शुरुआत से ही निशांत सिंह बढ़त बनाए रहे। कुल 71 मत रद्द किए गए। राजपुर बीडीओ सिद्धार्थ कुमार ने निशांत सिंह को प्रमाण पत्र देकर चौथी बार पैक्स अध्यक्ष घोषित किया। बता दें कि बक्सर के अन्य पैक्स का चुनाव हो रहा था, उसी समय सिकठी पैक्स के लिए नामांकन शुरू किया गया था। लेकिन बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने अचानक चुनाव पर रोक लगा दी थी। लंबे समय और कई संशोधनों के बाद अब यह चुनाव कराया जा रहा है। प्राधिकार ने पुरानी मतदाता सूची को आधार बनाया है। इस पंचायत में पहले हुई व्यापक गड़बड़ी को खत्म कर नए तरीके से चुनाव आज संपन्न कराया गया। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# भगवान श्रीकृष्ण ने की थी शिवलिंग की स्थापना

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर में एक ऐसा चमत्कारिक शिवलिंग है, जहां मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है। मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम से लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तक इस शिवलिंग के दर्शन कर चुके हैं। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने इसकी स्थापना द्वापर युग में की थी। आरा शहर से लगभग 12 किलोमीटर दूर हरिगांव गांव में मौजूद ये शिव मंदिर श्री बाणखण्डितनाथ शिव मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। इस मंदिर के निर्माण को लेकर ग्रामीण अपने अनुसार तरह-तरह की बातें और पौराणिक कथाओं का जिक्र करते हैं। जब भगवान श्री कृष्ण और बाणासुर के साथ युद्ध हुआ था, उस दौरान भगवान श्री कृष्ण ने इसी स्थान पर शिवलिंग की स्थापना की थी। एक महिला ने बताया कि मैंने इस मंदिर के बारे में बहुत कुछ सुना था। मैंने मन में मन्नत मांगी की बेटे की नौकरी लग जाएगी, तब पूजा करने आऊंगी। कुछ साल बाद बेटे की नौकरी लग गई। बहू भी सरकारी टीचर बन गई। तब से मैं रोजाना मंदिर आती हूं।

**मंदिर में शिवलिंग के अलावा अन्य देवी-देवताओं की हैं मूर्तियां:** वर्तमान समय में मंदिर के चारों तरफ से बाउंड्री बना हुआ है। मंदिर के अंदर जाने के लिए एक प्रवेश द्वार है। मंदिर में भगवान भोलेनाथ के अलावा भगवान विष्णु,माता लक्ष्मी, श्री कृष्णा और राधा और हनुमान जी की प्राचीन काल की मूर्ति स्थापित है। सभी मूर्तियों पर अलग-अलग कलाकृति दर्शाई गई है। इसके साथ ही इस मंदिर के प्रांगण में एक कुआं भी है, जो कचरा से भरा हुआ है। लेकिन इस कुएं के दीवार पर एक शिलापट्ट है, जिस पर कैथी भाषा में कुछ लिखा हुआ है। कैथी भाषा के मिलने से भी यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह मंदिर काफी प्राचीन है। हालांकि ग्रामीण से द्वापर युग का बताते हैं।

**साल 2008 में दर्शन के लिए आए थे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार:** गांव के ग्रामीण धुनमुन पांडे ने बताया कि यह मंदिर बहुत पुराना है। 2008 में जब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार यहां आए थे तो उनके साथ पुरातत्व विभाग की टीम भी



आई थी। उस दौरान पुरातत्व विभाग की टीम ने इस मंदिर में स्थापित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग की जांच की थी। इस दौरान मशीन भी बताने में फेल हो गया था कि शिवलिंग कितना पुराना है। लोगों ने बताया कि कार्बन डेटिंग के दौरान मशीन 1000 साल पर जाकर रुक गया। बताया गया कि शिवलिंग 1000 साल से भी ज्यादा पुराना है। गांव के लोगों का कहना है कि इतना पुराना मंदिर और शिवलिंग होने के बावजूद इस मंदिर का विस्तार नहीं हो पाया है। जो भी बना है ग्रामीणों की मदद से ही बना है। यह गांव मॉरिशस के प्रथम प्रधानमंत्री सर शिव सागर राम गुलाम का है। यहां उनके पिता मोहित राम गुलाम और उनके परिवार पूजा पाठ भी करते थे ।

**भगवान श्रीकृष्ण ने पोते को बचाने के लिए की थी शिवलिंग की स्थापना:** हरेंद्र कुमार गुप्ता (ग्रामीण) ने बताया कि हमने यह सुना है कि यह मंदिर द्वापर युग का है। यह शिवलिंग सोड़ीपुर (वर्तमान में मषाढ़) गांव की उषा के प्रेम प्रसंग का प्रतीक है। क्योंकि उस समय उषा की शादी प्रद्युम्न से प्रेम प्रसंग की वजह से हुआ था। इस कारण से बाणासुर के साथ भगवान श्रीकृष्ण अपने पोते को बचाने के लिए भगवान शिवलिंग की स्थापना की थी। यहां पर श्री कृष्ण और बाणासुर के साथ युद्ध हुआ था। एक पौराणिक कथा है कि जब बाणासुर बाण चलता था तो बाण यहां आकर खंडित हो जाता था। इस वजह से इस मंदिर का भी नाम बाणखण्डितनाथ रखा गया। इस मंदिर में नीतीश कुमार, आरके सिंह, भगवान सिंह कुशवाहा समेत अन्य नेता पहुंचे हैं। इन सभी के अलावे जो भी यहां सच्चे मन से मनोकामना मांगता है, वो पूरी होती है। मंदिर के महंत गिरजा शंकर चौबे ने बताया कि मुझे अभी आए हुए इस मंदिर में केवल पांच वर्ष ही हुए हैं। इस वजह से मैं इस मंदिर को लेकर के पूरी बात नहीं बता पाऊंगा। लेकिन ग्रामीण कहते हैं कि यह मंदिर द्वापर युग का है।

# भूत-प्रेत, देवी-देवता शिव बारात में हुए शामिल

♦ महाशिवरात्रि पर बक्सर में 50 ऊंट, हाथी और 12 डीजे के साथ निकली बारात, सड़कों पर उमड़ी भीड़

**निज संवाददाता। बक्सर**

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार को बक्सर में अनोखी शिव बारात निकाली गई। कोइरपुरवा और खलासी मोहल्ला स्थित रामेश्वरन मंदिर से शुरू हुई इस बारात में भगवान शिव दूल्हे के रूप में विराजमान थे। श्रद्धालु इस भव्य आयोजन में उत्साह से शामिल हुए। बारात की शोभा बढ़ाने के लिए 50 ऊंट, हाथी और 12 डीजे शामिल किए गए। स्थानीय युवाओं और बच्चों ने देव-दानव, भूत-प्रेत और चुड़ैल का वेश धारण किया, जिससे बारात की झांकी और आकर्षक बन गई। बनारस से आए कलाकारों ने शिव तांडव और भभूत डांस प्रस्तुत किया, वहीं राधाकृष्ण की झांकी ने भक्तों का मन मोह लिया।

**भव्य झांकियां और भक्तिमय माहौल:** मूर्तिकारों द्वारा बनाई गई भगवान शिव की भव्य प्रतिमा को रथनुमा ट्रैक्टर पर सजाया गया। बारात में सबसे आगे ऊंट, हाथी और घोड़े



चल रहे थे, उनके पीछे डीजे की धुन पर नगरवासी नृत्य कर रहे थे। आयोजन समिति के सदस्यों ने देव-दानव, भूत-प्रेत और अन्य पौराणिक पात्रों के वेश में बारात की शोभा बढ़ाई। अलग-अलग रथों पर देवी-देवता और राक्षसों की झांकियां भी सजाई गईं। बारात जैसे-जैसे नगर भ्रमण करती गई, चौक-चौराहों पर भक्तों ने भव्य स्वागत किया। जगह-जगह शरबत और नाश्ते की व्यवस्था की गई। लोग मोबाइल में इस अनूठी शिव बारात के दृश्य कैद करते नजर आए।

**शिव-पार्वती विवाह का आयोजन:** रात को सुधार समिति, कोइरपुरवा की ओर से सभी बारातियों को पकवान परोसे गए। बारात सोहनी पट्टी स्थित गौरीशंकर मंदिर पहुंची, जहां भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह संपन्न कराया गया। वहीं, खलासी मोहल्ला की बारात चरित्रवन स्थित पंचमुखी शिव मंदिर पहुंची और वहां भी शिव-गौरी विवाह हुआ।

**सुरक्षा और यातायात के विशेष इंतजाम:** शहर में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन ने कड़े सुरक्षा प्रबंध किए। झांकियों के साथ पुलिस बल भी तैनात रहा। बारात को देखते हुए वाहनों के रूट डायवर्ट किए गए, जिससे यातायात सुचारू बना रहे। हर साल निकलने वाली इस अनोखी शिव बारात को देखने के लिए शहरवासियों में खास उत्साह रहता है। महाशिवरात्रि के इस आयोजन ने पूरे शहर को शिवमय बना दिया और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

## संक्षिप्त समाचार

### 10 तक कागजात जमा करें, पीपीआई और यूएसडी के तहत दिए जाते हैं 300 रुपए

**संग्रामपुर**। जननी बाल सुरक्षा योजना से वंचित लाभार्थियों को 10 मार्च तक संग्रामपुर सीएचसी में जरूरी कागजात जमा कराने होंगे। पिछले वर्षों में जो लाभार्थी योजना का लाभ नहीं ले सके, उन्हें इसका फायदा मिलेगा। इसके लिए आधार संख्या, पासबुक की छायाप्रति और शिशु जन्म के समय मिला पुर्जा जमा करना अनिवार्य है। इसके बाद सीएचसी भुगतान की प्रक्रिया शुरू करेगा। सीएचसी पदाधिकारी डॉ. शीतल नरूला ने बताया कि अंतरा योजना के तहत लाभार्थी को 100 रुपए मिलते हैं। पीपीआई और यूएसडी के तहत 300 रुपए दिए जाते हैं। यह सरकार का राष्ट्रीय कार्यक्रम है।

### दीक्षांत के लिए अब तक 550 ने किया है आवेदन

**हवेली खड़गपुर**। मुंगेर विश्वविद्यालय में दूसरे दीक्षांत समारोह के लिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है। जो 25 फरवरी को पूरी हो जाएगी। इसमें सबसे ज्यादा पीजी के छात्रों ने आवेदन किया है। विश्वविद्यालय ने टॉपर्स की सूची भी जारी कर दी है। मुंगेर विवि ने एक फरवरी से आवेदन प्रक्रिया शुरू की थी। छात्रों को 22 फरवरी तक आवेदन का समय दिया गया था। इसमें स्नातक सत्र 2021-24, पीजी सत्र 2021-23 और 2022-24, बीएड सत्र 2022-24, बीसीए सत्र 2020-23 और 2021-24, बीबीए सत्र 2020-23 और 2021-24, बायोटेक सत्र 2020-23 और 2021-24 के उन छात्रों से आवेदन मांगे गए थे, जो अपने सत्र से उत्तीर्ण हो चुके हैं। सोमवार तक कुल 550 छात्रों ने आवेदन किया। इसमें सबसे ज्यादा 271 आवेदन पीजी के दोनों सत्र से आए। स्नातक सत्र 2021-24 से 103, बीएड से 86, एलएलबी से 44, बायोटेक से 4, बीसीए से 37 ने आवेदन किए।

### कल्याणटोला बरियापुर ने 129 रन जीता मैच, दरियापुर की टीम हारी

**हवेली खड़गपुर**। लायंस स्पोर्टिंग क्लब पहाड़पुर के तत्वाधान में खेले जा रहे पहाड़पुर विलेज कप का दूसरा मुकाबला कल्याणटोला बरियापुर बनाम दरियापुर पर के बीच खेला गया। जिसमें कल्याणटोला बरियापुर ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 9 विकेट खोकर 198 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। कल्याणटोला बरियापुर की तरफ से शिवधर ने 5 छक्के और 3 चौके की मदद से 45 रन और दीपक ने 5 छक्के 4 चौके की मदद से 49 रन बनाए। दरियापुर के गेंदबाज धीरज ने 4 विकेट और अनीश ने 2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दरियापुर की टीम 10 ओवर में ही 68 रनों पर ऑलआउट हो गया। दरियापुर की तरफ से नीतीश ने 3 छक्के 2 चौके की मदद से 31 रन और अनीश ने 2 छक्के 1 चौके की मदद से 20 रन बनाए। कल्याणटोला के गेंदबाज निर्मल 4 विकेट और दीपक ने 3 विकेट झटके। यह मुकाबला कल्याणटोला बरियापुर 129 रनों जीत लिया।

### मुंदीचक मोड़ पर किया जा रहा कचरा डंपःमुख्य सड़क से कूड़ा हटाकर लगातार इस इलाके में की जा रही डंपिंग




**भागलपुर**। मुंदीचक मोड़ पर अवैध तरीके से कचरा डंप किया जा रहा है। जिससे वहां रहने वाले लोगों और राहगीरों को परेशानी हो रही है। दुर्गंध से लोग परेशान होते हैं। जिला स्वास्थ्य समिति की बिल्डिंग के बाहरी बाउंड्री के किनारे कचरा पसरा है। करीब 30 मीटर के दायरे में सि कचरा ही है। मंगलवार दोपहर को भी यहां पर निगम की टीम डंप कर रही थी। बीते कई दिनों से यहां पर कचरा का उठाव नहीं हो रहा है। सवाल है कि शहर के बीचोंबीच इस तरह कचरा डंप करना कितना सही है। वहीं व्यवस्था के अनुसार सारा शहर का कचरा कनकैथी डंपिंग ग्राउंड भेजना चाहिए। स्थानीय दीपक ने बताया कि ऐसा लगता है कि सारे शहर का कचरा यहीं पर फेंका जाता है। जहां अवैध कचरा डंप किया जाता है वह इलाका वार्ड-37 में आता है। पार्षद बबीता देवी ने बताया कि यहां से कचरा हटा लिया जाता है। जबकि स्वास्थ्य शाखा प्रभारी विकास हरि ने बताया कि मुंदीचक मोड़ पर कचरा डंप किया जाता है। लेकिन रात को कचरा का उठा लिया जाता है।

### ऑस्ट्रेलियाई पर्यटक डोनाल्ड सैम्स की कब्र तैयार, मुंगेर के चर्च में दफन 91 साल के सैलानी की कब्र

**मुंगेर**। मुंगेर के चुरंबा स्थित बैपटिस्ट यूनिन चर्च में 91 साल के ऑस्ट्रेलियाई पर्यटक डोनाल्ड सैम्स को दफनाया गया है। कब्र का पक्कीकरण कर दिया गया है और शिलापट्ट भी लगा दिया गया है।चर्च के पादरी लाल बिहारी मुखिया के अनुसार, ईसाई धर्म में मृतक के घर तीन दिन में शांति सभा की जाती है। इसके बाद 40वें दिन भी शांति सभा होती है। कालवा क्रूज कंपनी के पदाधिकारी आज मुंगेर आएंगे। वे कब्र की तस्वीरें मृतक के परिजनों को भेजेंगे। इसके बाद परिजन भारत आएंगे। वे चर्च में जाकर ईसाई रीति-रिवाज के अनुसार बाइबल पढ़ेंगे। साथ ही कैंडल जलाएंगे, धूप-अगरबत्ती दिखाएंगे और फूलमाला चढ़ाकर प्रार्थना करेंगे। डोनाल्ड सैम्स को बीते शनिवार को पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में दफनाया गया था। कब्र के पक्कीकरण में चुरंबा के सरदार मोहम्मद बरकत अली और क्रूज कंपनी के स्थानीय गाइड राज विजय साह का योगदान रहा है।

### पैट: रिजल्ट में गड़बड़ी के आरोप, रद्द करने की मांग, एक छात्र ने उसकी कोटि और वर्ग में बदलवा का आरोप लगाया

**भागलपुर**। एक दिन पहले जारी हुए टीएमबीयू के पीएचडी एडमिशन टेस्ट (पैट) 2023 के रिजल्ट में गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। एक छात्र ने दावा किया कि रिजल्ट में उसकी कोटि और वर्ग बदल दिया गया। जबकि छात्र राजद और एबीवीपी ने भी रिजल्ट में गड़बड़ी के आरोप लगाए हैं। छात्र राजद के विवि अध्यक्ष लालू यादव और अन्य कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को परीक्षा नियंत्रक कृष्ण कुमार को ज्ञापन देकर कहा कि रिजल्ट में कई तरह की अनियमितता और विवि अधिनियम की अवहेलना की गई है। उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन में लापरवाही की गई है। इससे छात्र-छात्राएं प्रभावित और हताश हैं। छात्र संगठन ने ज्ञापन के जरिए मांग की कि रिजल्ट को रद्द किया जाए। संशोधित रिजल्ट में पेपर 1 तथा पेपर 2 के प्राप्तांक को अलग-अलग दर्शाया जाए। संशोधित रिजल्ट में नाम, क्रमांक संख्या, श्रेणी, पेपर 1 और पेपर 2 के प्राप्तांक, योग्यता के अंक और श्रेणीवार कट ऑफ जारी किया जाए। रिजल्ट से पूर्व वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का उत्तर जारी किया जाए और मूल्यांकन मुख्यालय से बाहर कराया जाए। एबीवीपी के प्रदेश सह मंत्री कुणाल पांडेय ने कहा कि पैट के परिणाम में काफी गड़बड़ी है। रिजल्ट को सही किया जाए। इधर पॉलिटिकल साइंस के छात्र सौरभ कुमार ने परीक्षा नियंत्रक को आवेदन देकर कहा कि उसकी कोटि ओबीसी है लेकिन रिजल्ट में एससी कर दिया गया है। साथ ही रिजल्ट में उसका वर्ग पुरुष की जगह महिला कर दिया गया है। इससे पहले फिजिक्स के छात्रों ने रिजल्ट जारी होने से पहले ही आरोप लगाया था कि 9 फरवरी को हुई परीक्षा में सिलेबस से बाहर के प्रश्न पूछे गए थे। कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने इसकी जांच के लिए कमेटी बनाई थी। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि प्रश्न सिलेबस से जुड़े हुए ही पूछे गए थे। हालांकि सूत्रों ने बताया कि कमेटी के सदस्यों के बीच इसको लेकर असमंजस की स्थिति थी। कुछ सदस्यों का मानना था कि पूछे गए प्रश्न सिलेबस से तो थे लेकिन उनका पैटर्न नया था। संभवतः इन प्रश्नों को वैसे शिक्षक ने तैयार किया था जो एमएससी का सिलेबस नहीं पढ़ाते हैं।

# महाशिवरात्रि को लेकर अजगैबीनाथ धाम में भीड़

निज संवाददाता। भागलपुर

◆ प्राचीन बुढ़ानाथ मंदिर भी में श्रद्धालुओं की लंबी लाइन, भक्तों ने लगाए 'हर-हर महादेव' के नारे





सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ धाम में महाशिवरात्रि को लेकर बुधवार को लाखों शिव भक्तों ने उत्तरवाहिनी गंगा में लगाई डुबकी लगाई। महादेव के भक्तों द्वारा हर हर महादेव के जयकारों पूरे अजगैबीनाथ नगरी गुंजायमान हो गया। अहले, सुबह से अजगैबीनाथ सहित शहरी इलाके के दर्जनों मंदिर श्रद्धालुओं का भीड़ पूजा अर्चना करने में जुट गए। महाशिवरात्रि के दिन सुबह से ही लाखों शिव भक्तों ने हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुए उत्तरवाहिनी गंगा में लगाई डुबकी। लाखों शिव भक्तों ने हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुए अजगैबीनाथ मंदिर स्थित बाबा भोलेनाथ के शिवलिंग पर गंगा जल चढ़ाते हुए मां पार्वती को भी गंगा जल चढ़ाया, और जीवन में सुख शांति समृद्धि की कामना करते हुए लाखों शिव भक्त देखे गए।

**अजगैबीनाथ मंदिर में भगवान शिव बारात की तैयारीः** अजगैबीनाथ मंदिर के महंत प्रेमानंद गिरी की ओर से बताया गया कि शिव विवाह एवं शिव बारात की झांकी की तैयारी की जा रही है। इधर, सुरक्षा के दृष्टि को देखते हुए थानाध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल की ओर से गंगा घाट, अजगैबीनाथ मंदिर, पूरे शहर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। नगर परिषद सुल्तानगंज की ओर से गंगा घाट एवं पूरे शहर में साफ सफाई की गई थी।

**शहरी इलाके के मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ः** इधर,महाशिवरात्रि के मौके पर भागलपुर के सबसे प्राचीन मंदिर बाबा बुढ़ानाथ मंदिर में आस्था का जन सैलाब उमड़ा। सुबह से ही जिले के अलग-अलग हिस्सों से काफी संख्या में श्रद्धालु बाबा बुढ़ानाथ मंदिर पहुंचकर भोलेनाथ की आराधना में जुटे हैं। बता दें कि महाशिवरात्रि के मौके पर बाबा बुढ़ानाथ मंदिर में खास तैयारी की जाती है और विशेष रूप से पूजा अर्चना की जाती है। यह मंदिर भागलपुर के सबसे प्राचीन मंदिर में से एक है।

# शादीशुदा प्रेमिका से मिलने पहुंचा प्रेमी पेड़ में बांधकर पिटाई, देवर ने पकड़ा

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को लोगों ने मंगलवार की रात पकड़ा लिया। इसके बाद पेड़ से बांधकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। घटना मधुसूदपुर थाना क्षेत्र के नवटोलिया गांव की है। शादीशुदा प्रेमिका को उसके देवर ने ही प्रेमी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया। इसके बाद परिवार के लोगों और ग्रामीणों को सूचना दी। ग्रामीणों ने प्रेमी को पकड़ा और पेड़ में बांधकर पीटा। फिर पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को थाना ले गई। युवक की पहचान छोटी इब्राहिमपुर निवासी मनीष कुमार के रूप में हुई है। मनीष ने पुलिस को बताया कि 'प्रेमिका के बुलाने पर उससे मिलने पहुंचे थे।'

**अनजान शख्स को देखकर देवर को हुआ शकः** प्रेमी ने बताया कि '3 साल पहले सोशल मीडिया के जरिए नवटोलिया गांव की एक महिला से संपर्क हुआ। फिर बातचीत बढ़ने के बाद दोनों कभी-कभी मिलने जुलने लगे। मंगलवार को प्रेमिका ने फोन कर रात में बुलाया। शाम में प्रेमिका के घर पहुंचे तो उसके देवर को शक हो गया।' 'हम दोनों एक कमरे में थे। उसके देवर ने हमें पकड़ लिया, जिसके बाद लोगों ने पकड़कर पीटा।' मधुसूदनपुर थानाध्यक्ष सफदर अली ने बताया कि 'दोनों पक्ष ने आपस में समझौता कर लिया है। किसी तरह की कोई लिखित शिकायत नही मिली है।'

**पति रहता था बाहर, भाभी के भाई से अफेयरः** बताया जा रहा है कि 'महिला का पति सऊदी में मजदूरी करने के लिए गया है। उसके दो बच्चे हैं। अक्सर बाहर रहने पर महिला अपनी भाभी के भाई से फोन पर बातचीत करने लगी। तीन साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था।'

### भागलपुर में पैसा निकाल भाग रहे पॉकेटमार की पिटाई

**भागलपुर** । भागलपुर में बुधवार को पॉकेट से रुपए चोरी करते चोर को लोगों ने धर दबोचा। इसके बाद उसकी जमकर पिटाई की। पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के लोहिया पुल पर का है। जानकारी के अनुसार, पॉकेटमार कर भाग रहे एक पॉकेटमार को लोगों ने पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। दरअसल, झारखंड के रहने वाले विष्णु पंडित अपनी पत्नी और बच्चे के साथ मार्केटिंग करने के लिए भागलपुर आए हुए थे और जब पैदल लोहियापुल से होते हुए मार्केट जा रहे थे। इस दौरान पॉकेटमार आकाश कुमार ने विष्णु पंडित के जेब से एक हजार रुपए निकाल लिया और वहां से भागने लगा।

## भागलपुर पहुंचे राज्यसभा सांसद मनोज झा

# बोलें- बचपन में मां बहलाने के लिए कहती थी, लालू के बयान का समर्थन किया

निज संवाददाता। भागलपुर



राज्यसभा सांसद और RJD के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज झा भागलपुर पहुंचे। उन्होंने CM नीतीश और PM मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को निपटाने की तैयारी है। 24 फरवरी को PM नरेंद्र मोदी ने भागलपुर में CM नीतीश कुमार को लाडला मुख्यमंत्री कहकर संबोधित किया था, इसपर मनोज झा ने चुटकी ली है। उन्होंने कहा कि जब पड़ोस के बच्चे को खिलौना चाहिए होता था तो मां अपने बच्चे को लाडला बेटा कहकर बोलती थी। मां कहती थी कि अरे मेरा लाडला, आपको दूसरा ला देंगे, ये खिलौना उसको दे दो।

वहीं मनोज झा ने कहा कि मैं इसको निबटाने की तैयारी मानता हूं। दिलीप जायसवाल ने कहा है कि नीतीश कुमार पर दैवीय शक्ति आ गयी है। गांव में किसी पर देवी आती हैं तो उसे बांधकर रखा जाता है। उनके जाने के लिए विनती की जाती है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि नीतीश जी साकांक्ष हो जाएं। नीतीश जी के समर्थकों के साथ नाइंसाफी की योजना है। वहीं CM के बेटे निशांत कुमार अगर राजनीति में आना चाहें, तो उनका स्वागत है।

**लालू पूर्व रेल मंत्री हैं, उनकी चिंता वाजिबः** राजद सुप्रीमो लालू ने महाकुंभ को फालतू बताया था। वहीं अब मनोज झा ने कहा कि मैंने भी आज पूजा की, लेकिन कभी पूजा का आडंबर नहीं किया। शिव को मानता हूं, लेकिन शिव के नाम पर आडंबर नहीं करूंगा। आडंबर हमारे धर्म मे कभी नहीं था। उन्होंने कहा कि जिस दिन लालू यादव जी के मुंह से यह कहलाया गया, उसी रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हादसा हुआ था। लालू पूर्व रेल मंत्री हैं, उनकी चिंता वाजिब है। यह धार्मिक देश था, धर्मांध कभी नहीं था।

### 'पुलिस अफसर मेरी पत्नी से पर्सनल काम करवाते थे', पति बोला- साजिश के तहत उसे मार डाला

निज संवाददाता। भागलपुर

गया में फायर बिग्रेड के सरकारी आवास में मंगलवार की शाम महिला सिपाही का शव मिला था। बुधवार को शव अंतिम संस्कार के लिए भागलपुर के बसंतपुर लाया गया। सिपाही के पत्नी ने पुलिस अधिकारियों पर पत्नी की साजिश के तहत हत्या का आरोप लगाया है। चंदन कुमार ने बताया कि 'मेरी पत्नी आत्महत्या नहीं कर सकती। ये हत्या है। उसके अधिकारी उससे पर्सनल काम करने को कहते थे। हमने इसे लेकर अधिकारियों से शिकायत भी की थी।' 'कृष्ण मुरारी प्रसाद और राजेश प्रसाद ने अपने साथियों के साथ मिलकर मेरी पत्नी की हत्या की साजिश रची और उसे मार दिया।

**पूर्व मध्य रेल**
**शुद्धिपत्र**
**निविदा सूचना सं०: ईएलजी/जीएस/दानापुर/खुली/19/24–25**
खुली निविदा सं० ईएलजी/जीएस/दानापुर/खुली/19/24–25, जिसे दिनांक 03/03/2025 को खोला जाना था तकनीकि कारणों से निरस्त किया जाता है।
**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा०)**
**पूर्व मध्य रेल, दानापुर**
**पीआर/2189/डीएनआर/ईजीईएन/सी/24–25/16**

**पूर्व मध्य रेल**
**ई. निविदा सूचना**
**ई–निविदा सूचना सं०–एस०जी०/डी०एस०ई०/ओ०टी०/02/25**
वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है।
**कार्य का नाम एवं स्थान :** अल्टरेशन ईन क्योसन मेक ई.आई (इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग) सिस्टम एट 03 स्टेशन्स ईन कनेक्शन विथ करेक्शन ईन यार्ड लेआउट वर्क ऑफ (i) यार्ड रिमॉडलिंग फॉर इनक्रिजिंग द सीएसएल ऑफ सेकंड अप लूप एंड प्रोविजन ऑफ शंटिंग नेक टू अवॉइड शंटिंग ईन मेन लाईन एट मानपुर (ii) प्रोविजन ऑफ ओभर रन लाईन ईन अप लूप लाईन एट परैया स्टेशन। (iii) प्रोविजन ऑफ ओभर रन लाईन ईन डाउन लूप लाईन एट गुरारू स्टेशन। **कार्य का अनुमानित मुल्य :** ₹ 3,44,27,401.79/–, **(तीन करोड़ चौवालीस लाख सताईस हजार चार सौ एक रूपये एवं उन्नासी पैसे मात्र), धरोहर राशि :** ₹ 3,22,100.00 (तीन लाख बाईस हजार एक सौ रूपये मात्र) **ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** दिनांक 17.03.2025 को 12:30 तक। **वेब साईट का पता जहाँ से ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है:** www.ireps.gov.in
**मं०सं० एवं दू०सं०अभि०, पं०दी०द०उपा०**
**पीआर/2177/डीडीयू/एस एण्ड टी/टी/24–25/32**

**पूर्व रेलवे**
ई-निविदा सूचना सं. एनआईटी/02/25/10, दिनांक 24.02.2025; प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, फेयरली प्लेस, कोलकाता 700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। क्रमांक, निविदा सं., भंडार का विवरण, ईएमडी क्रमशः निम्नलिखित हैः- निविदा खुलने की तारीखः 13.03.2025, समयः अपराह्न 1.30 बजेः (1) 10252317, स्प्रिंग लोडेड स्विच 6ए-250वी इत्यादि, रु. 1,18,910/-। निविदा खुलने की तारीखः 17.03.2025, समयः अपराह्न 1.30 बजेः (2) 21251460, बीएमबीएस बोगी के लिए पिन, रु. 2,04,070/-। निविदा खुलने की तारीखः 18.03.2025, समयः अपराह्न 1.30 बजेः (3) 09255004, सुरक्षा (फॉग पास) के लिए फॉग पायलट असिस्टेंट सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करने के लिए खरीददारी, रु. 7,56,480/-। निविदा खुलने की तारीखः 19.03.2025, समयः अपराह्न 1.30 बजेः (4) 15255008, इलेक्ट्रिक ओवरहेड ट्रैवेलिंग क्रेन 40 टन के साथ एसडीएल 80 मीटर, रु. 2,58,040/-। निविदा खुलने की तारीखः 24.03.2025, समयः अपराह्न 1.30 बजेः (5) 12251063, सिंगल क्वायल स्प्रिंग वाशर टी-10773, रु. 1,07,240/-। (6) 12255009, रनिंग हवील, रु. 1,47,480/-। (7) 21251378, योक इत्यादि, रु. 20,00,000/-। निविदा खुलने की तारीखः 01.04.2025, समयः अपराह्न 1.30 बजेः (8) 11252615, सेकेंडरी सस्पेंशन इत्यादि के लिए टीपीयू रिंग की खरीददारी, रु. 1,64,400/-। निविदा खुलने की तारीखः 07.04.2025, समयः अपराह्न 1.30 बजेः (9) 10252162, सम्पूर्ण बैटरी बॉक्स इत्यादि, रु. 1,61,190/-। निविदा लागतः सभी के लिए रु. 0। टिप्पणीः उपरोक्त उल्लेखित सभी निविदाएँ ई-निविदा हैं तथा सभी निविदादाताओं से अपनी बोलियां आईआरईपीएस की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in के जरिए ऑन लाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। उपरोक्त उल्लेखित निविदाओं तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में और अधिक विवरण के लिए कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।
(STORES-81/2024-25)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व मध्य रेल**
**शुद्धि–पत्र**
आईआरईपीएस–**www.ireps.gov.in** के वेब पोर्टल "पार्टीशिपेशन इन थ्रू" सामग्री की आपूर्ति के लिए ई–निविदा सूचना। निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा बंद करने का समय 14.00 बजे है।
**क्रम सं. 01, निविदा सं. :** 39235276D, **शुद्धिपत्र प्रकाशित करने की तिथि :** 19/02/2025, मौजूदा कंडीशन : निल, **संशोधित कंडीशन :** मौजूदाके अलावा "प्राइस वेरिएसन क्लाउज" प्राइस वेरिएसन क्लाउज पी. भी. सी. पी=पीओ + (सीयू–सीयूओ) वेयर पी = प्राइस पेबल एज एडजेसटेड इन एकॉर्डन्स विद एबोव एप्रोप्रीएट फार्मूला इन रूपीस/केजी.पी रेट कोटेड/एक्सेप्टेड इन रूपीस/केजी। सीयू–सीयूओ =आईईईएमए प्राइस ऑफ कोपर वायर रॉड इन रूपीस/केजी 30 डेज प्राइअर टु डेट ऑफ ओपनिंग ऑफ टेन्डर सीयू=आईईईएमए प्राइस ऑफ कोपर वायर रॉड इन रूपीस/केजी 30 डेज प्राइअर टु द डेट ऑफ इन्स्पेक्शन काल फॉर रिच लॉट., **निविदा बंद होने की तिथि :** दिनांकः 06/03/2025, 14:00 Hrs.,
प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव समापन एवं समय से पहले आईआरईपीएस **www.ireps.gov.in** के वेब पोर्टल के माध्यम से केवल ऑनलाइन जमा करना होगा। उपरोक्त पोर्टल पर–निविदा सूचना में प्रेषिती के संबंध में अन्य विवरण और भंडार का विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है।
**व. मंडल सामग्री प्रबंधक, पू.म.रेल, धनबाद**
पीआर/02176/डीएचएन/भ./सी/24–25/36

**पूर्व मध्य रेल**
**खुली ई–निविदा सूचना**
**ऑन लाईन ई–निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित सूचना संख्या : ईएलजी/जीएस/दानापुर/खुली/23/24–25**
मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन संबेदकों से जिनके पास वैध विधुत लाईसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तो को पूरा करते हों उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई–निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैः **निविदा संख्याः ईएलजी/जीएस/दानापुर/खुली/23/24–25, (1) कार्य का नामः** दानापुर मंडल पर अमृत भारत स्टेशन स्कीम (ABSS) के तहत रेलवे स्टेशन के प्रमुख उन्नयन के सम्बन्ध में कर्षण वितरण (TRD) कार्य। **(2) अनुमानित लागतः** रू. 1,06,04,661.26/– **(3) अग्रधन राशिः** रू. 2,03,000/– **(4) निविदा जमा करने की तिथि एवं समयः** 20.03.2025 को 12:00 बजे तक निर्धारित है। **(5) उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड और कार्यालयः** क्रिस वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/सामान्य का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर। **नोटः (1)** विवाद की स्थिति में अंग्रजी नोटिस मान्य होगा। **(2)** यदि जरूरी हो तो शुद्धि–पत्र उपरोक्त वेबसाइट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।
**मंडल रेल प्रबंधक (विधुत/सामान्य)**
**पूर्व मध्य रेल, दानापुर**
**पीआर/02196/डीएनआर/ईजीईएन/टी/24–25/36**

**पूर्व मध्य रेल**
**ई–निविदा सूचना**
ई–निविदा सूचना सं. एस.जी./डी.एस.ई./ओ.टी./03/25 वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदारों से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है।
**1. कार्य का नाम एवं स्थान :** अल्टरेशन ईन सिमेन्स मेक ई.आई (इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग) सिस्टम एट 02 स्टेशन्स ईन कनेक्शन विथ करेक्शन ईन यार्ड लेआउट वर्क एट (i) यार्ड रिमॉडलिंग एट सैयदराजा फॉर इनक्रिजिंग द सीएसएल ऑफ अप लूप लाईन एंड प्रोविजन ऑफ ओभर रन लाईन ईन डाउन लूप लाईन एंड (ii) प्रोविजन ऑफ ओभर रन लाईन ईन अप लूप लाईन एट गंज ख्वाजा स्टेशन। **2. कार्य का अनुमानित मूल्य :** रू. 2,56,99,717.75/– (दो करोड़ छप्पन लाख निन्यान्वे हजार सात सौ सतरह रूपये एवं पचहत्तर पैसे मात्र)। **3. धरोहर राशि :** रू. 2,78,500.00/– (दो लाख अठहत्तर हजार पाँच सौ रूपये मात्र)। **4. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 17.03.2025 को 12.30 बजे तक। **5. वेबसाईट का पता जहाँ से ई– निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है :** www.ireps.gov.in
**मं.सं. एवं दू.सं.अभि., पूर्व मध्य रेल, डीडीयू**
पीआर/02178/डीडीयू/एस एण्ड टी/टी/24–25/32

**पूर्व मध्य रेल**
**खुली ई–निविदा सूचना**
खुली ई–निविदा सूचना सं.– टीआरडी–ओ.टी.–14–वाईडीआर–पीटी–3–24–25
नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी वैद्युतिक लाईसेंस रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित सुदृढ़ वित्तीय क्षमता रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदारों से ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **क्र.सं. :** 1, **कार्य का नाम और स्थान :** डीडीयू डिविजन में एमटीजीई, केटीक्यू, जीएक्यू एवं एसवाईजे स्टेशनों पर यार्ड रिमॉडलिंग का कार्य।, **क्र.सं. :** 2, **अनुमानित रकम :** ₹ 2,83,90,004.41, **क्र.सं. :** 3, **बयाना राशि :** ₹ 292000.00, **क्र.सं. :** 4, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय :** दिनांक 18.03.2025 को 15:00 बजे तक।, **क्र.सं. :** 5, **वेबसाइट का विवरण जहाँ ई–निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है :** www.ireps.gov.in
**वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/क.वि.,**
**पूर्व मध्य रेल, डीडीयू**
पीआर/02182/डीडीयू/ईटीआरडी/टी/24–25/28

**पूर्व रेलवे**
ई-निविदा सूचना सं. ओ/एसी/टी/206 से 207-24-25 (ओपन), दिनांक 21.02.2025; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: क्रमांक 1, केस सं. ओ-एसी-टी-206-24-25; कार्य का नामः सीनि. डीईएन/2/आसनसोल के अधीन लाइडर सर्वेक्षण तकनीक के प्रयोग द्वारा स्टेशन यार्डों तथा अनुभागों के ग्रेडिएंट सत्यापन के लिए खुली निविदा। निविदा मूल्य : रु. 66,31,110। बयाना राशि : रु. 1,32,600; क्रमांक 2, केस सं. ओ-एसी-टी-207-24-25; कार्य का नाम : एएसएन-केएएन अनुभाग में केपीके-डीएमए के बीच पुल सं. 2डीके की रिगार्डरिंग के साथ अन्य आनुषंगिक कार्यों के लिए खुली निविदा। निविदा मूल्य : रु. 2,11,82,316.08। बयाना राशि : रु. 2,55,900; कार्य हेतु समापन अवधिः 6 महीने (क्रमांक 1 के लिए) तथा 12 महीने (क्रमांक 2 के लिए)। बंद होने की तारीख एवं समय : प्रत्येक के लिए 18.03.2025 को दोपहर 12.00 बजे। परिपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।
(ASN-350/2024-25)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**
निविदा सूचना सं. : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/642, दिनांक 24.02.2025; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित विद्युतीय कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3347; कार्य का नामः तारकेश्वर स्टेशन में नए फुट ओवर ब्रिजों का प्रावधान। निविदा मूल्यः रु. 3,30,778। बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा): रु. 6,600; समापन अवधिः 90 दिन। क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3424; कार्य का नामः हावड़ा स्टेशन में साइनेज बोर्ड की स्थापना। निविदा मूल्यः रु. 52,63,473। बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा): रु. 1,05,300; समापन अवधिः 270 दिन। क्रमांक 3, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3425; कार्य का नामः नई डीआरएम बिल्डिंग एवं मुख्यालय बिल्डिंग, फेयरली प्लेस, कोलकाता के अग्रभाग की प्रकाश व्यवस्था का पुनरुद्धार एवं पुनर्निर्माण। निविदा मूल्यः रु. 1,16,59,474। बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा): रु. 2,08,300; समापन अवधिः 120 दिन। निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 17.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत किसी भी सुविधाजनक दिवस को ऑनलाइन निविदाएं खोली जाएंगी। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है।
(HWH-630/2024-25)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में बड़ा रेल हादसा टला

#### एक्सप्रेस ट्रेन गुजरने से पहले नजर पड़ गयी वरना



**जमुई, एजेंसी।** बिहार के जमुई में जसीडीह-झाझा रेलखंड पर दो फिश प्लेट खुली हुई पाई गई. गनीमत रही कि रेलवे ट्रैक की पेट्रोलिंग कर रहे कर्मचारी सूरज वर्मा और चंद्रिका यादव ने सही समय पर इसे देख लिया और अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी. वरना थोड़ी ही देर में इसी ट्रैक से सियालदह-जयनगर गंगासागर एक्सप्रेस को गुजरना था. जमुई में रेल हादसा टलाः यह घटना पूर्व रेलवे के आसनसोल रेल मंडल के लहाबन-टेलवा बाजार हॉल्ट के बीच सोमवार देर रात करीब 1 बजे की बताई जा रही है. आनन-फानन में रेलवे ट्रैक को ठीक कराया गया. ट्रैक दुरुस्त होने के बाद ही सियालदह-जयनगर गंगासागर एक्सप्रेस को आगे के लिए रवाना किया गया. इस वजह से करीब पौने घंटे तक रूकी रही.

**रेल कर्मियों की सतर्कता से टला हादसाः** दरअसल, रेलवे ट्रैक की पेट्रोलिंग कर रहे कर्मचारी सूरज वर्मा और चंद्रिका यादव ने ट्रैक की गड़बड़ी को देखा. दोनों की नजर सबसे पहले एक फिश प्लेट पर पड़ी जो पूरी तरह खुली हुई थी, जबकि दूसरी के नट-बोल्ट ढीले थे.

**रेलकर्मी होंगे पुरस्कृतः** फिलहाल रेलवे पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि फिश प्लेट प्राकृतिक रूप से खुली थी या किसी ने जानबूझकर इसे खोला था. घटना की जानकारी मिलते ही एईएन जसीडीह पिंटू दास मौके पर पहुंचे. उन्होंने बताया कि कैसे फीस प्लेट खुली इसकी जांच पड़ताल की जा रही है. दोनों रेलकर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा.

**13 फरवरी को ट्रैक से विस्फोटक बरामदः** बता दें कि इससे पहले भी इस रेलखंड में संदिग्ध गतिविधियां देखी गई हैं. 13 फरवरी को झाझा-गिद्धौर रेलखंड पर बदमाशों ने पटरी काटने की कोशिश की थी. वहीं, घोरपारन स्टेशन के पास एसएसबी ने 45 किलोग्राम विस्फोटक बरामद किया था.

### बस-टैंकर में आमने-सामने की भिड़ंत

#### 4 की मौत :बेगूसराय में 15 घायल, हादसे के बाद सड़क पर पलटी बस



**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय में मंगलवार रात साढ़े 9 बजे हा॥-28 पर सिटी राइड बस और दूध टैंकर के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में बस पर सवार 4 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि, 15 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। टक्कर इतनी जोरदार हुई कि बस मौके पर ही पलट गई। वहीं, दूध टैंकर आगे से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। घटना बछवाड़ा थाना क्षेत्र में रानी गांव के पास की है। मृतक की पहचान उमेश दास के बेटे आदित्य कुमार, दो नाती चमथा निवासी सौरभ कुमार और गौरव कुमार, काजी रसलपुर निवासी सिकंदर दास के बेटे अमन कुमार के रूप में की गई है। मृतक आदित्य कुमार दुल्हे का भाई था। बताया जा रहा है कि उमेश दास के बेटे की शादी थी। तेघड़ा थाना क्षेत्र के दुलारपुर से सिटी राइड बस समस्तीपुर जिले के देसुआ पतैली बारात जा रही थी। गांव से 4-5 किलोमीटर आगे बढ़ते ही हादसा हो गया। इसी दौरान रानी हाईस्कूल के समीप सामने से आ रहे दूध टैंकर से टक्कर हो गई। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बस के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला। सभी घायलों को नजदीक के अस्पताल पहुंचाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। बछवाड़ा थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि %तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। 15 लोग घायल हैं। घायलों का इलाज चल रहा है। टैंकर का ड्राइवर-खलासी फरार है।

### होली पर किन्नरों का थाने में जश्न :वैशाली के बिदुपुर थाने में भोजपुरी गानों पर किया डांस

**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।**
वैशाली में एक अनूठा दृश्य देखने को मिला। बिदुपुर थाने में किन्नरों ने धमाल मचा दिया। होली से पहले बधाई लेने पहुंचे किन्नरों के एक समूह ने थाने में जमकर नृत्य किया। किन्नरों ने थाने में पहुंचते ही बधाई मांगनी शुरू की। उन्होंने भोजपुरी गानों पर डांस किया। सोची सोची जिया हमरो, दरोगा जी हो चार दिन पियवा बा नापाता और सैयां हमार हो नथुनिया पे गोली मारे जैसे लोकप्रिय गानों पर प्रस्तुति दी। थाना परिसर में किन्नरों का यह अंदाज देखकर स्थानीय लोगों की भी भीड़ जमा हो गई।

# पुण्य भूमि को सादर नमन करती हूं.. पीएमसीएच शताब्दी समारोह की साक्षी बनीं राष्ट्रपति द्रौपति मुर्मू

**पटना, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपति मुर्मू, राज्यपाल आरीफ मोहम्मद खान, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और सीएम नीतीश कुमार पीएमसीएच शताब्दी समारोह के साक्षी बने. बापू सभागार में राष्ट्रपति ने कहा कि बिहार सरकार ने चिकित्सा बुनियादी ढांचे के समग्र विकास के लिए बहुत कुछ किया है. राज्य में और अधिक समावेशी स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित किए जाने की जरूरत है. बड़े अस्पताल, पीएमसीएच को कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज, अनुसंधान के लिए देश के अन्य अस्पतालों के साथ समन्वय करना चाहिए

इस पुण्य भूमि को मैं सादर नमन करती हूं. भारतीय अध्यात्म का केंद्र, माता सीता, भगवान महावीर और भगवान बुद्ध की पावन स्थली है. महात्मा गांधी ने भारत में अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन की प्रेरणा भी यही से लिए. यह भूमि देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जन्म भूमि है.- द्रौपति मुर्मू, राष्ट्रपति




## राजेंद्र प्रसाद कराते थे आंख का इलाज

द्रौपति मुर्मू ने इस कार्यक्रम में पीएमसीएच के मशहूर छात्रों की चर्चा की. कहा कि यहां के पूर्व विद्यार्थी न केवल पद्म पुरस्कारों बल्कि डॉ बीसी राय पुरस्कार और उन प्रतिष्ठित पुरस्कारों से भी सम्मानित हुए हैं. आंख के डॉक्टर दुखन राम जी की ख्याति पूरे भारत में थी. डॉ राजेंद्र प्रसाद भी अपनी आंख के इलाज के लिए प्राय पटना ही आते थे. इस दौरान उन्होंने सीपी ठाकुर के बारे में बात की.

कहा कि बचपन में कालाजार से जूझते हुए डॉक्टर सीपी ठाकुर इसी संस्थान से निकले थे. उन्होंने कालाजार खत्म करने का संकल्प उठाया. मुझे उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित करने का अवसर मिला. बिहार में ऐसे अनेक केंद्र विकसित किए जाने की आवश्यकता है.

## राज्य में 6 से 12 हुआ मेडिकल कॉलेज

कार्यक्रम में सीएम नीतीश कुमार ने लालू राज की याद दिलायी. कहा कि 2005 से पहले कुछ नहीं था. इसके बाद हमलोगों ने काम किया. पहले बिहार में सिर्फ 6 मेडिकल कॉलेज थे. अभी कुल 12 मेडिकल कॉलेज बन गए हैं. 14 पर काम हो रहा है. सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि हर जिले में मेडिकल कॉलेज बनवाएंगे. केंद्र सरकार ने भी आठ जगह मेडिकल कॉलेज दिया है. पीएमसीएच 5000 बेड का होगा. पीएमसीएच को हमने सबसे बड़ा अस्पताल बनाने का निर्णय लिया है.

## लालू-राबड़ी राज पर प्रहार

इस दौरान सीएम ने लालू-राबड़ी राज पर प्रहार करते हुए कहा कि पहले क्या था? शाम में कोई घर से बाहर नहीं निकलता था. कहीं कोई रास्ता नहीं था. स्वास्थ्य-शिक्षा की हालत खराब थी. इन सब क्षेत्रों में हमने काम किया. आज बिहार काफी विकास किया है.

## बीमारु से अगृणी राज्य बना बिहार

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि मेरा जन्म भी पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ही हुआ था. पूरे विश्व में कोई ऐसी जगह नहीं जहां पीएमसीएच का कोई डॉक्टर ना हो. यहां के डॉक्टर देश और विदेशों में उच्च पद पर हैं. नरेंद्र मोदी जी बिहार के विकास के लिए लगातार लगे हुए हैं. उन्होंने बिहार को बीमारु राज्य से अगृणी राज्य बनाया.

# नक्सली विवेक यादव की गोली मारकर हत्या सिर पर था 13 लाख का इनाम

**गया, एजेंसी।** बिहार के गया में बिहार-झारखंड के वांछित माओवादी विवेक यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई है. इस पर झारखंड में 10 लाख और बिहार में 3 लाख का इनाम था. नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के बिहार झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी और मध्य बिहार जोनल कमेटी में शीर्ष नक्सली लीडर में शामिल विवेक यादव लंबे अरसे से सक्रिय था.

**गया में नक्सली की गोली मारकर हत्याः** बिहार झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी और मध्य बिहार जनरल कमेटी के प्रभारी संदीप यादव के मारे जाने के बाद नक्सली गतिविधियों के संचालन में इसकी अहम भूमिका होती थी. गौरतलब हो कि मंगलवार को गया जिले के डुमरिया थाना अंतर्गत मंझौली के टेकरा खुर्द गांव के समीप जंगल में इसका शव पाया गया. इसकी गोली मारकर हत्या की की गई थी. माना जा रहा है कि नक्सलियों के आपसी वर्चस्व की लड़ाई में विवेक यादव को गोली मारी गई.

**10 लाख का इनामी नक्सलीः** इमामगंज एसडीपीओ अमित कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मंगलवार को शव बरामद हुआ था, उसकी पहचान बिहार-झारखंड का कुख्यात माओवादी विवेक यादव के रूप उर्फ नेता जी के रूप में हुई है. विवेक यादव कई उपनामों से जाना जाता था. इसे सुनील यादव, कारू जी, ब्रेक जी, नेताजी के नाम से भी लोग जानते थे. विवेक यादव कोठी थाना के करनड़ गांव का रहने वाला था. इमामगंज एसडीपीओ अमित कुमार का कहना है कि बिहार-झारखंड का कुख्यात माओवादी विवेक यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई है.नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के बिहार झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी और मध्य बिहार जोनल कमेटी में शीर्ष नक्सली लीडर में शामिल विवेक यादव लंबे अरसे से सक्रिय था.

# बिहारशरीफ में परीक्षा मूल्यांकन केंद्रों पर धारा 144 लागू




**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा जिला के अंतर्गत इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा-2025 के उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ने मूल्यांकन केंद्रों के आसपास 200 गज की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना की ओर से आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा के बारकोडेड उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य 27 फरवरी से 8 मार्च तक नालंदा जिला के निर्धारित मूल्यांकन केंद्रों पर किया जाएगा। बिहारशरीफ अनुमंडल मुख्यालय में 5 मूल्यांकन केंद्र स्थापित किए गए हैं।

## मूल्यांकन केंद्रों की सूची

1. नेशनल उच्च विद्यालय, शेखाना, बिहारशरीफ, 2. बिहार टाउन उच्च विद्यालय, बिहारशरीफ, नालंदा, 3. एसएस बालिका +2 उच्च विद्यालय, बिहारशरीफ 4. सोगरा उच्च विद्यालय, बिहारशरीफ 5. आदर्श उच्च विद्यालय (बिहार टाउन उच्च विद्यालय कैंपस), बिहारशरीफ।

**मूल्यांकन केंद्रों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल रहेंगे :** जिलाधिकारी की ओर से जारी आदेश के अनुसार, मूल्यांकन कार्य शांतिपूर्ण संपन्न हो इसके लिए सभी मूल्यांकन केंद्रों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पुलिस सशस्त्र बल की स्टेटिक प्रतिनियुक्तियां की गई हैं। साथ ही गश्ती दल दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति भी की गई है। अनुमंडल दंडाधिकारी, बिहारशरीफ काजले वैभव नितिन ने धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मूल्यांकन केंद्र के इर्द-गिर्द 200 गज परिधि तक निषेधाज्ञा आदेश लागू किया है। इस आदेश के तहत 5 या उससे अधिक व्यक्ति का इकट्ठा होना, हथियार लेकर चलना, मूल्यांकन संचालन के दौरान अनाधिकृत आवाजाही, किसी प्रकार का धारदार हथियार जैसे लाठी, भाला और गड़ासा निषिद्ध रहेगा। मूल्यांकन केंद्रों पर लागू यह आदेश 27 फरवरी से 8 मार्च तक प्रभावी रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सुसंगत प्रावधानों के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली के शॉर्ट सर्किट से सहरसा में भीषण आग:11 साल की बच्ची की मौत, एक घंटे में फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**सहरसा, एजेंसी।** सहरसा के सौरबाजार थाना इलाके के कांप गांव मे बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग में एक परिवार का 4 घर जल कर राख हो गया। 11 साल की किशोरी की जान चली गई। सौरबाजार थाना क्षेत्र के कांप वार्ड नंबर-11 में हुई इस अगलगी की घटना में मृतका की पहचान रंजीत ठाकुर की बेटी मोनाक्षी कुमारी के रूप में हुई है। घटना मे करीब 6 लाख से अधिक के क्षति का अनुमान है। आग बिजली के शार्ट सर्किट से लगी। स्थानीय लोगों ने सबसे पहले बिजली विभाग को सूचित कर बिजली कटवाई। इसके बाद आग बुझाने का प्रयास किया और फायर ब्रिगेड को फोन कर जानकारी दी। अग्निशमन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची।



## लाखों रुपए की संपति का नुकसान

करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि बिजली के शॉट सर्किट से लगी आग में किशोरी घर में रह गयी और आग की चपेट में जलकर मौत हो गयी। आग के इस घटना में लाखों रुपए की संपति का नुकसान हुआ है। सौरबाजार थानाध्यक्ष अजय कुमार पासवान के अनुसार घटना में लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। मृतका के चाचा सुधीर ठाकुर ने बताया कि मंगलवार की रात करीब 9 बजे सभी लोग खाना पीना खा कर सो गए। लेकिन करीब डेढ़ घंटे बाद रात करीब साढ़े दस बजे अचानक मेरे बड़े भाई रंजीत ठाकुर के कमरे मे आग लग गयी। जिसके बाद मेरी उसी बीच नींद खुली तो देखा कि आग की लपटे तेज है, तो आवाज देकर सभी को जगाया और बाहर निकले। इसी बीच आग भयावह हो गयी। जिस बीच मीनाक्षी अपने कमरे मे रह गयी। जिसकी आग मे झूलसने मौत हो गयी। स्थानीय ग्रामीणों ने बिजली विभाग को फोन करके बिजली कटवायी और फायर बिग्रेड की टीम को जानकारी दी। जिसके बाद आग को बुझाया। आग को बुझाने का प्रयास ग्रामीणों की ओर से किया जाने लगा और मौके पर सौरबाजार थाना से अग्निशमन की गाड़ी पहुंची और करीब एक घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया।



# 2015 में मुख्यमंत्री ने किया था लेजर शो का उद्घाटन:गोलघर में न लेजर शो चल रहा, न ही सीढ़ियों पर चढ़ने की इजाजत

**पटना, एजेंसी।** गोलघर की व्यवस्था गोल मटोल है। करीब एक करोड़ की लागत से गोलघर गुंबद में लेजर लाइट शो की शुरुआत 2015 में की गई, लेकिन वर्ष 2019 से ही यह बंद है। तीन-चार बार टेंडर जारी किया जा चुका है, लेकिन यह फाइनल स्टेज तक नहीं पहुंच रहा। इसके सारे तकनीकी उपकरण और कुर्सियां धूल फांक रही हैं। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया था। इसमें एक साथ 25 लोग बैठकर लेजर शो देख सकते थे। यह 25 मिनट का शो था। 25 से 30 रुपए टिकट की कीमत थी। दर्शकों के सुरक्षा की दृष्टि से लेजर शो को गुंबद के बाहर करने की योजना भी बनाई गई, लेकिन यह भी लागू नहीं की जा सकी। गोलघर गुंबद पर चढ़ने के लिए बनी सीढ़ियां पिछले 8 साल से बंद है। सीढ़ियों में दरार आने के बाद एएसआई को मरम्मत के लिए सौंपा गया। इसे 2 साल पहले नवीनीकरण का काम पूरा कर कला संस्कृति विभाग को सौंप दिया गया। साल 2023 में विभाग के सचिव दीपक कुमार ने इसका निरीक्षण किया, जिसमें कुछ खामियां पाई गई। उसे दुरुस्त करने के बाद पुरातत्व विभाग ने दोबारा सौंप दिया। उस वक्त से यहां ताला जड़ा हुआ है। विजिटर गोलघर गुंबद चढ़ने की दृष्टि से आते हैं, लेकिन मायूस होकर लौटते हैं। गोलघर में लोग आते तो हैं, लेकिन गोलघर गुंबद की बाहरी सतह और उसे पर चढ़ने वाली सीढ़ियों में लगी ताला देखकर वापस लौट जाते हैं।

## फाउंटेन की हालत बेहद खराब

पर्यटन विभाग द्वारा गोलघर परिसर में एक म्यूजिकल फाउंटेन बनाया गया। 8 साल से बंद पड़ा है। इसे पर्यटन विभाग ने कला संस्कृति एवं युवा विभाग को सौंप दिया है। वर्ष 2011 में गोलघर में दरार आने के बाद, इसकी मरम्मत का काम शुरू किया गया।

# दिलीप जायसवाल का इस्तीफा, नीतीश कैबिनेट से छोड़ा मंत्री पद

**पटना, एजेंसी।** बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने इस्तीफा दे दिया है. नीतीश मंत्रिमंडल विस्तार से पहले उन्होंने अपना पद छोड़ दिया है. हालांकि वह बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बने रहेंगे. वहीं, इस्तीफा देने से पहले उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में एक व्यक्ति, एक पद का सिद्धांत है, लिहाजा हमने मंत्री पद से इस्तीफा देने का फैसला किया. मैं राजस्व मंत्री के पद से इस्तीफा देने जा रहा हूं. एक व्यक्ति, एक पद वह सिद्धांत है, जिस पर हमारी पार्टी काम करती है. मैं आभारी हूं कि केंद्रीय नेतृत्व ने मुझे पार्टी की राज्य इकाई की जिम्मेदारी दी है. मंत्रिमंडल विस्तार सीएम का विशेषाधिकार है- डॉ. दिलीप जायसवाल, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार



**क्यों दिया इस्तीफा?:** असल में भारतीय जनता पार्टी का सिद्धांत है कि एक व्यक्ति एक ही पद पर रहेगा. दिलीप जायसवाल राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री के साथ-साथ बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं. लिहाजा ये पहले से तय था कि उनको किसी एक पद से इस्तीफा देना होगा, क्योंकि इसी वजह से डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को भी प्रदेश अध्यक्ष का पद छोड़ना पड़ा था. उनकी जगह ही जायसवाल को कमान मिली थी.

## नीतीश कैबिनेट का होना है एक्सटेंशन

आज या कल नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार होना है. जिसमें भारतीय जनता पार्टी से 3 और जनता दल यूनाइटेड के कोटे से 2 नए मंत्री बन सकते हैं. पहले से ही 6 मंत्री पद खाली है, जायसवाल के इस्तीफे के बाद 7 नए मंत्री बन सकते हैं. ऐसे में बीजेपी कोटे से मंत्रियों की संख्या बढ़ सकती है.

## लोकसभा चुनाव के बाद बने प्रदेश अध्यक्ष

लोकसभा चुनाव 2024 के बाद पिछले साल 25 जुलाई को डॉ. दिलीप जायसवाल को बिहार बीजेपी का अध्यक्ष बनाया गया था. उन्होंने सम्राट चौधरी की जगह ली थी. कोसी-सीमांचल से आने वाले 61 वर्षीय दिलीप जायसवाल विधान परिषद के सदस्य हैं.

# दारू पीकर स्कूल आते थे गुरुजी, ग्रामीणों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**पूर्णिया, एजेंसी।** बिहार में शराबबंदी कानून लागू होने के बाद भी न केवल शराब बिकती है, बल्कि लोग खुलेआम पीते भी हैं. अब तो बच्चों को जीवन को ज्ञान देने वाले शिक्षक भी शराब का सेवन करके स्कूल आने लगे हैं. मंगलवार को पूर्णिया में एक शराबी शिक्षक को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है. घटना कसबा थाना के उत्क्रमित उच्च विद्यालय मजगामा की है. शराब पीकर स्कूल आने के आरोप में शिक्षक गिरफ्तारः घटना के बाबत स्थानीय लोगों ने कहा कि मजगामा उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक सूर्य नारायण प्रसाद सिंह अक्सर शराब पीकर स्कूल आते हैं. आज भी वह शराब के नशे में स्कूल आए थे, जिसकी सूचना मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में स्कूल पहुंच गए. इसकी सूचना कसबा के बीडीओ और थाना प्रभारी को भी दे दी. वहीं सूचना मिलते ही पुलिस स्कूल पहुंची और आरोपी प्रधानाध्यापक को हिरासत में ले लिया. स्थानीय निवासी मोहम्मद दानिश ने बताया कि प्रधानाध्यापक सूर्य नारायण प्रसाद सिंह अक्सर शराब पीकर स्कूल आते हैं. इस बात को लेकर शिक्षक को बराबर समझाने की कोशिश की लेकिन वह किसी की नहीं सुनते थे.



जब वह आज भी वह शराब के नशे में स्कूल आए तो हमने इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी. पुलिस आई और उनको पकड़कर ले गई है.

## प्रधानाध्यापक ने बताई साजिश

हालांकि इस बात पूछे जाने पर आरोपी प्रधानाध्यापक सूर्य नारायण प्रसाद सिंह ने कहा कि उनके खिलाफ गांव के कुछ ग्रामीणों ने साजिश रचकर इस तरह का माहौल पैदा किया है. उन्होंने कहा कि शराब पीने की बात पूरी तरह से गलत है. पुलिस जब जांच करेगी तो सच्चाई सामने आ जाएगी. क्या बोले थाना प्रभारी?: वहीं, इस मामले में कसबा थाना प्रभारी अजय अजनबी ने बताया कि लोगों ने शिक्षक पर शराब पीकर स्कूल आने का आरोप लगाया था. उनको हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. साथ ही शराब पीने की पुष्टि के लिए जांच करवाने के लिए भेजा गया है. जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

कसबा थाना के ने थाना प्रभारी अजय अजनबी कहा कि ग्रामीणों के द्वारा फोन पर शिकायत मिली थी कि शिक्षक रोज शराब के नशे में स्कूल पहुंचते थे. आज भी शराब के नशे में स्कूल पहुंचे थे. पुलिस ने फिलहाल शिक्षक को हिरासत में लेकर पूछताछ की है और शराब पीने की पुष्टि के लिए जांच करवाने के लिए भेजा गया है. जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी.

# पूरी पारदर्शिता एवं कदाचार मुक्त तरीके से कराएं परीक्षा : डीसी



- परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारियों को पारदर्शिता और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के दिया गया निर्देश

निज संवाददाता | गोड्डा

गोड्डा जिले में झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षा 2025 के सफल और कदाचार मुक्त संचालन के लिए जिला प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त, जिशान कमर ने प्लस टू सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस, गोड्डा में परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने मूलभूत सुविधाओं, सीसीटीवी कैमरों की स्थापना और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारियों को पारदर्शिता और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। परीक्षा की तिथियां 11 फरवरी 2025 से 3 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई हैं।

माध्यमिक परीक्षा प्रतिदिन सुबह 9:45 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक और इंटरमीडिएट परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी ताकि कदाचार मुक्त वातावरण सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा, केंद्रों पर पेयजल, पर्याप्त रोशनी, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने सभी केंद्राधीक्षकों और परीक्षा से जुड़े कर्मियों को निर्देशित किया है कि वे परीक्षा के दौरान झारखंड अधिविध परिषद द्वारा जारी सभी नियमों और निर्देशों का सख्ती से पालन करें। परीक्षा केंद्रों के 500 गज की परिधि में निषेधाज्ञा लागू की गई है ताकि परीक्षा के दौरान शांति और व्यवस्था बनी रहे। साथ ही, प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाओं की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिला प्रशासन की इन तैयारियों का मुख्य उद्देश्य छात्रों को निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा माहौल प्रदान करना है, जिससे वे अपने भविष्य की दिशा में सकारात्मक कदम बढ़ा सकें।

## बीडीओ सह उड़नदस्ता टीम ने की ठाकुरगंगटी के परीक्षा केंद्र की जांच

निज संवाददाता | ठाकुरगंगटी



प्रखंड मुख्यालय चौक के निकट स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय ठाकुरगंगटी में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह उड़नदस्ता टीम के दंडाधिकारी विजय कुमार मंडल ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी आनंद रंजन झा के साथ सभी परीक्षा कक्षों का दौरा किया ताकि परीक्षा कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान, उन्होंने छात्रों को शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा देने की सलाह दी, जिससे वे अच्छे अंक प्राप्त कर समाज में सकारात्मक योगदान दे सकें। केंद्राधीक्षक संतोष कुमार दास, शिक्षक गौतम कुमार भारती, सतनारायण महतो, महेश कुमार साह, प्रदीप यादव, रंजना कुमारी, गायत्री कुमारी, संजुक्ता कुमारी, निरंजन कुमार, सफरुद्दीन अंसारी सहित अन्य शिक्षा कर्मियों को निर्देशित किया गया कि वे कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा संपन्न कराएं। उन्हें समय पर छात्रों को उत्तर पुस्तिका और प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने, परीक्षा के दौरान सभी कक्षों में नियमित निरीक्षण करने और सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि परीक्षा शत-प्रतिशत कदाचार मुक्त हो। इस केंद्र पर कुल 202 परीक्षार्थियों में से 198 ने सामाजिक विज्ञान की परीक्षा दी, जबकि चार अनुपस्थित रहे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई थीं, जिससे छात्रों को एक निष्पक्ष और शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा देने का अवसर मिला।

# बस्ता पहाड़ी के महाशिवरात्रि मेले की 22571 रुपए में हुई बंदोबस्ती

निज संवाददाता | ठाकुरगंगटी



प्रखंड के अंचलाधिकारी मदन महली ने मंगलवार को अंचल कार्यालय कक्ष में एक महत्वपूर्ण आयोजन किया, जिसमें रूंजी पंचायत अंतर्गत बस्ता पहाड़ी स्थित महाशिवरात्रि मेले की बंदोबस्ती की गई। यह आयोजन हर वर्ष महाशिवरात्रि के अवसर पर होता है, जिसमें मेले की संचालन और प्रबंध के लिए एक विशेष बंदोबस्ती की जाती है। इस वर्ष की बंदोबस्ती में कुल पांच व्यक्तियों ने भाग लिया, जिसमें जयप्रकाश मंडल, भोजल रविदास, बिंदेश्वरी साह, इंद्रजीत मंडल और मिथिलेश रंजन शामिल थे। बंदोबस्ती की प्रक्रिया में डाक की जमानत राशि के रूप में प्रत्येक बोलीदाता ने पांच-पांच हजार रुपए जमा किए और इसके बाद डाक की बोली का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बिंदेश्वरी साह, भोजल रविदास, और इंद्रजीत मंडल ने अपने-अपने नाम से बोली लगाई, लेकिन अंत में भोजल रविदास द्वारा सबसे अधिक बोली 22,571 रुपए की लगाई गई, जिसे स्वीकार करते हुए उसे बंदोबस्त कर दिया गया। डाक की बोली में कुल पांच चक्र हुए, जिसमें बोली की शुरुआत 22,511 रुपए से हुई थी और 22,571 रुपए तक जाकर यह समाप्त हुई।

इस प्रक्रिया के दौरान, बोली लगाने वालों ने एक-एक करके अपनी बोली प्रस्तुत की, जिससे यह आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस मौके पर अंचलाधिकारी मदन महली के साथ प्रभारी अंचल निरीक्षक महेश कुमार, राजस्व कर्मचारी देवकांत कुमार, अंचल कर्मी मोहम्मद इलाही, पप्पू कुमार आदि ने भी उपस्थिति दर्ज की और इस आयोजन के सही ढंग से संपन्न होने में अपना सहयोग दिया। अंचलाधिकारी ने इस बंदोबस्ती की प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बताया और कहा कि यह आयोजन हर साल महाशिवरात्रि के अवसर पर किया जाता है, ताकि मेले की व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस बंदोबस्ती के अंतर्गत, मेले के दौरान विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाएं, जैसे कि पानी, सफाई, और सुरक्षा का ध्यान रखा जाता है, जिससे हर वर्ष इस आयोजन का समुचित रूप से आयोजन हो सके। महाशिवरात्रि का मेला न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह क्षेत्रीय सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है, और इसे शांतिपूर्वक और व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने के लिए हर वर्ष यह बंदोबस्ती की जाती है।

## महाशिवरात्रि पर 501 कुंवारी कन्याओं ने निकाला कलश यात्रा

**नोनीहाट (दुमका) (नि.सं.)**। महाशिवरात्रि के पावन दिवस पर 501कुंवारी कन्याओं के द्वारा कलश यात्रा निकाला गया। इस कलश यात्रा के द्वारा ठाकुरबाड़ी और पातालगंगा मंदिर में बाबा भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। इस मौके पर निकाले गए कलश यात्रा मे कुंवारी कन्याओं ने हर हर महादेव और जय शिव शंकर की गगनभेदी नारे लगाए। मालूम हो कि नोनीहाट के धोबे नदी के छठ घाट से पंडित द्वारा विधि विधान से कलश में अभिमंत्रित जल लेकर कलश यात्रा को निकाला गया। जो छठ घाट पुराना बाजार, राजा बाजार, दुमका भागलपुर मेन रोड से होकर बाज़ार मार्ग से पुनः ठाकुरबाड़ी पहुंची मार्ग में घरघंट,शंख की ध्वनि से वातावरण भक्ति भाव से ओतप्रोत था। इस मौके पर बाबा भोले का जलाभिषेक के उपरांत आयोजक समिति ने कुमारी कन्याओं को जलपान एवं प्रसाद वितरण किया। समिति के सदस्यों ने बताया कि रात्रि में शिव विवाह का आयोजन रखा गया है। जिसमें पंडित के द्वारा विधि विधान से पारंपरिक तौर तरीके के साथ विवाह कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा।

## धमसाय के शिवरात्रि मेले में हेल्थ कैंप का आयोजन

निज संवाददाता | गोड्डा

जिला स्वास्थ्य समिति गोड्डा द्वारा बुधवार को धमसाय के शिवरात्रि मेले में हेल्थ कैंप का आयोजन जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती बेबी देवी ने फीता काटकर स्वास्थ्य कैंप की शुरूआत की। इस अभियान के निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के निर्देशानुसार गैर संचारी रोग के तहत दिनांक 20 फरवरी 2025 से दिनांक 31 मार्च 2025 तक विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत 30 वर्ष एवं अधिक आयु वर्ग के लोगों का बीपी शुगर जांच किया जाना है। तदोपरांत पॉजिटिव पाए जाने वाले मरीजों का इलाज किया जाना है साथ ही साथ जीवन शैली में बदलाव, खान-पान में विशेष ध्यान दिए जाने एवं योग व्यायाम किए जाने हेतु लोगों के बीच प्रचार प्रसार किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर में 172 से अधिक लोगों ने चिकित्सकों से अपनी जांच करवाई। इस दौरान चिकित्सकों ने मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। चिकित्सकों ने रोगियों को विभिन्न रोगों से बचने और रोकथाम करने के बारे में बताया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की हड्डी रोग, मोटापा, ब्लड प्रेशर, शूगर, पेट संबंधी विकार आदि की जांच निशुल्क की। जिसमें अनुभवी चिकित्सक डॉ० मोजाहिद इमाम ने कहा कि उनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करना है। डॉ० इमाम ने कहा कि हरी सब्जियों का सेवन करना चाहिए। निरंतर योग करने, खाने के बाद घूमने आदि पर जोर दिया। शिविर में ब्लड प्रेशर के मरीज अधिक मामले पाई गई एवम् निशुल्क दवाइयां वितरण की गई। शिविर में सेवाएं जैसे ओरल कैंसर स्क्रीनिंग, ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग, हड्डी, कैंसर स्क्रीनिंग, मधुमेह, रक्तचाप एनीमिया, सिकल सेल, टीवी स्क्रीनिंग, कुष्ठ स्क्रीनिंग, टीकाकरण, ए एन सी, आई स्क्रीनिंग किए गए। 172 लोगो को ओपीडी किया गया। 95हिमोग्लोबिन, 85 मधुमेह, आयुष डॉ० प्रवीण भारती एवम पीयूष देवाशीष के द्वारा 115 लाभार्थियों की जांच तथा दवा दिया गया, 86 सिकलसेल, टीबी जाँच 12, परिवार नियोजन परामर्श 26 किया गया। सामान्य स्वास्थ्य जांच और परामर्श प्रदान करने के साथ ही शिविर में आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड पंजीकरण के बारे में जागरूकता फैलाने के साथ साथ कुल 5 आयुष्मान कार्ड बनाये गए। इस मौके पर जिला डाटा प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार, डी पी ए अनुराग भारती, जिला शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक जयशंकर, डॉ० परवीन भारती, डॉ० पीयूष देवाशीष, फरजाना खातून, रूपम कुमारी, मीरा कुमारी, रीना कुमारी, जयमाला कुमारी, बेबी कुमारी, श्वेता भारती एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि पर शिव मंदिर में श्रद्धालुओं भीड़

**बसंतराय (नि.सं.)**। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर प्रखंड क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित शिव मंदिर में बुधवार को श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। वहीं सनातन धर्म का मानना है कि मंदिर में दर्शन पूजन से भक्तों की हर मुराद पूरी हो जाती है। यहां पर आने वाला कोई खाली हाथ नहीं लौटता है, यहां लोग जाकर मन्नत मांगते हैं, मान्यता है कि बाबा के दरबार में आने वाला कोई भी निराश होकर नहीं लौटा। इसलिए बाबा के दरबार में आज हजारों भक्त दर्शन पूजन के साथ रुद्राभिषेक भी कराते हैं। महाशिवरात्रि के मद्देनजर बाजार में फल फूल और प्रसाद की दुकानें सज गई है, शिव मंदिर परिसर के चारों और स्थित दुकानों को सजाने में दुकान पूरी तरह से जुटे रहे, इसके अलावा मंदिर के ईर्द गिर्द फूल माला बेचने वालों की अच्छी भीड़ देखने को मिल रही है।

# राजकीय जनजातीय हिजला मेला खेलकूद महोत्सव में 200, 800 और 1500 मीटर दौड़ में रमेश और संजू ने लहराया परचम

निज संवाददाता | दुमका



राजकीय जनजातीय हिजला मेला में खेलकूद समिति के तत्वावधान में पुरुष एवं महिलाओं के लिए ऐथलेटिक्स,तीरंदाजी, कबड्डी,खो-खो एवं वॉलीबॉल के साथ साथ दिव्यांगो के लिए भी कई प्रतियोगिताएं बुधवार को आयोजित की गई। पुरुषों के 200 मीटर दौड़ में रमेश मुर्मू, प्रणव पाठक तथा संजू मुर्मू, 800मीटर दौड़ में संजू मुर्मू, अभिषेक कुमार तथा सुरुधन बास्की 1500 मीटर दौड़ में भी संजू मुर्मू, अभिषेक कुमार तथा सुरुधन बास्की, आधुनिक तीरंदाजी में राजू बानरा, चन्द्रमोहन सोरेन तथा नोयल मरांडी, कुश्ती प्रतियोगिता में बासुकीनाथ यादव, आशीष कुमार तथा पवन कुमार मंडल, महिलाओं के 200 मीटर दौड़ में पानों मरांडी, दीपिका कुमारी तथा प्रेरणा मरांडी, 1500 मीटर दौड़ में दीपिका कुमारी, संतरी हेम्ब्रम तथा बिजली हेम्ब्रम, आधुनिक तीरंदाजी प्रतियोगिता में सकोदी मरांडी, शिवानी टुडू तथा अनुप्रिया हेम्ब्रम जबकि दिव्यांगो के 100 मीटर दौड़ में संतोष प्रसाद साह, रुप कुमार दास तथा उपेन्द्र राय,नेत्रहीनों के लिए आयोजित दौड़ में दिनेश मुर्मू, सिरिल राणा तथा रवि हांसदा क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि जिला कल्याण पदाधिकारी विजन उरांव, विशिष्ट अतिथि डा.श्वेता स्वराज सहित आयोजन समिति के सदस्यों ने नकद क्रमशः 500,400 तथा 300 और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया साथ ही उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मधुपुर ने शिकारीपाड़ा को 02-00, यूआइपीएस शिकारीपाड़ा ने एनवाईसी को 02-00 से, हास्टल न. 05 ने रांगा को 02-01 से, जिला स्कूल दुमका ने चंपानगर को 02-01 से, जिला स्कूल दुमका ने हास्टल न 05 को 02-01से, संत जेवियर कॉलेज ने हास्टल न 01 को 02-00 से, गुदराबगान ने हथियापाथर को 02-00 से, सरुआ ने हास्टल न 05 को 02-01 से तथा पुलिस लाइन दुमका ने एसटीबी म्हारो को 02-00 से परास्त कर अगले चक्र में प्रवेश किया।

बालक वर्ग में पाकुड़ ने मसलिया को 15-09 से हराकर तथा संत जोसेफ वाक ओवर मिलने के कारण फाइनल में पहुंच गई है। बाल वर्ग में देवघर और दुमका फाइनल में जबकि बालिका वर्ग में देवघर और करबिंधा फाइनल में पहुंच गई है। आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष जिला खेलकूद पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार, सहसंयोजक उमाशंकर चौबे, के एन सिंह, खो खो संयोजक गोविंद प्रसाद,ऐथलेटिक्स संयोजक वरुण कुमार, आकर्षक खेल संयोजक अरविंद कुमार, मीडियासंयोजक मदन कुमार, कबड्डी संयोजक अमरनाथ चौधरी, वॉलीबॉल संयोजक मुकेश कुमार, तीरंदाजी संयोजक देवीधन टुडू, कुश्ती संयोजक संदीप कुमार जय,पुरस्कार वितरण संयोजक विद्यापति झा एवं आफीसियल के रूप में शिशिर कुमार घोष, दीपक झा, हैदर हुसैन, डॉ रुपम कुमारी, वंशीधर पंडित, ज्ञान प्रकाश, निर्मल हांसदा, विनय कुमार सिंह, रंजीत कुमार मिश्रा, देवीधन टुडू, सुशील हेम्ब्रम, रंजन मुर्मू, असीम हेम्ब्रम, राजेश हेम्ब्रम, अग्नेश मुर्मू, ललित कुमार झा, कुलदीप सिंह, दाउद अली, गौरव सिंह, अमित कुमार, इन्द्रजीत गुप्ता, विनीत कुमार सिंह, प्रिंसराज सिंह, शमशेर अंसारी, फरीद खान, देवयानी राय, आशीष रंजन भारती, सुनेन्दु सरकार, विनीत कुमार सिंह, प्रिंसराज सिंह आदि की भूमिका उल्लेखनीय रही।

# बेटा-बेटी को समान रूप से करें शिक्षित : डालसा

निज संवाददाता | गोड्डा



गोड्डा जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) द्वारा पंचायत स्तर पर 90 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सुंदरपहाड़ी क्षेत्र के कौआढ़ाब गांव में एक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों को विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। डालसा की टीम, जिसमें चुनका मुर्मू और मंजूरी बीबी शामिल थीं, ने ग्रामीणों को बाल श्रम, मानव तस्करी, बाल विवाह, और शिक्षा के अधिकार के बारे में जागरूक किया। उन्होंने समाज के समग्र विकास में शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि सभी अभिभावकों को अपने बच्चों, चाहे बेटा हो या बेटी, को स्कूल भेजना चाहिए। बच्चों से मजदूरी कराना कानूनी अपराध है, और यह उनके भविष्य को अंधकारमय बनाता है। वर्तमान में, सरकारी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन, पोशाक, और छात्रवृत्ति जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो बच्चों की शिक्षा में सहायक हैं। किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या या सहायता के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण हमेशा तत्पर है। महिला शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना समाज की प्रगति के लिए आवश्यक है, और बेटा-बेटी के बीच किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। इस अभियान के अंतर्गत, जिले के अन्य क्षेत्रों में भी जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। बसंतराय में जायसवाल मांझी और जोबाती ममू, मेहरमा में रामविलास महतो और सुषमा मरांडी, बोआरीजोर में दयानंद यादव और अनिता टुडू, ठाकुरगंगटी में मुन्नी रानी, महागामा में जयकृष्ण यादव और स्टेंशिला हेम्ब्रम, पोड़ैयाहाट में मो. हसीब और शंकर चंद्र सेन, तथा पथरगामा में दिलीप यादव और मीणु बेसरा ने भी इसी प्रकार के शिविरों का आयोजन कर स्थानीय समुदाय को जागरूक किया। इन शिविरों में शिक्षा का अधिकार, पोक्सो अधिनियम, बाल श्रम निषेध, और बाल विवाह जैसी कुरीतियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, सरकारी योजनाओं और कानूनी सहायता के माध्यम से कैसे लाभ उठाया जा सकता है, इस पर भी प्रकाश डाला गया। डालसा का यह प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और सभी वर्गों को न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का हुआ प्रारंभ

**महागामा (नि.सं.)**। प्रखंड क्षेत्र के परसा पंचायत अंतर्गत मिल्लत कॉलेज परसा मैदान में बुधवार को दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन वॉलीबॉल क्लब के द्वारा किया गया। वॉलीबॉल मैच का उद्घाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य नगमा आरा एवं परसा पंचायत के मुखिया मुस्ताक आलम के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन मैच कोरियन एवं चकनाथू टीम के बीच खेला गया। जिस मुकाबले में मेजबान टीम ने जीत दर्ज की।

## दो बोरिंग वाहनों को जप्त कर वसूला गया जुर्माना

निज संवाददाता | गोड्डा



नगर क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से बोरिंग में लगे दो बोरिंग वाहनों को नगर परिषद द्वारा जप्त कर जुर्माना वसूला गया। वहीं दोनों वाहनों से 25-25 हजार जुर्माना लिए गए। इस दौरान बताया गया कि शहर में जो भी वाहन बोरिंग का कार्य करेंगे उन्हें नगर परिषद से निबंधन करना होगा। और जिस घर में बोरिंग होना है उस कर दाता को बोरिंग करने के लिए नगर परिषद को सूचना देनी होगी। मालूम हो कि शहर का ग्राउंड वाटर लेवल हाल के दिनों में लगातार नीचे जा रहा है। डीप बोरिंग पर और भी सख्ती की गई है। इमरजेंसी सेवा के हालात में ही डीप बोरिंग को गठित कमेटी अनुमति देगी और इसके अनुरूप ही वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था भी होनी चाहिए। फिलहाल शहर में सुंदर जलाशय से जलापूर्ति हो रही है जहां जलाशय से नगर परिषद आपूर्ति के लिए अधिकतम तीन एमसीएम पानी ले सकते हैं जो वर्तमान आबादी के लिए पर्याप्त है।

# दो दिवसीय जिला संतमत का 76वां वार्षिक अधिवेशन का हुआ आयोजन

**सत्संग परमात्मा का निज अंग : भगीरथ बाबा**

निज संवाददाता | गोड्डा



महर्षि मेंहीं सत्संग आश्रम, कुप्पाघाट, भागलपुर के गुरुसेवी संत भागीरथ जी महाराज ने कहा कि मोक्ष के द्वार पर चार द्वारपाल रहे हैं। वे हैं शम, विचार, संतोष और साधु-संग। जो अपना कल्याण चाहते हैं उन्हें संतोष धारण भी करना चाहिए। सत्संग करने वाले को सार ज्ञान की प्राप्ति होती है। सत्संग परमात्मा का निज अंग है। हमें बाहरी और भीतरी दोनों सत्संग करने की जरुरत है। हमें जुआ नहीं खेलना चाहिए। मांस, मछली नहीं खानी चाहिए और शराब भी नहीं पीना चाहिए। संत गुरुसेवी भगीरथ जी महाराज बुधवार को पोड़ैयाहाट प्रखंड के बक्सरा गांव में आयोजित संतमत सत्संग के 76 वें वाषिक जिला अधिवेशन के पहले दिन बुधवार को प्रवचन के दौरान बोल रहे थे। मौके पर स्वामी गुरचरण सेवी प्रमोद जी महाराज ने कहा कि सत्य जोड़ संग को सत्संग कहा जाता है। सत्संग की महिमा अपार है। कहा कि दरिद्र वह नहीं है जिसे धन नहीं है। बल्कि दरिद्र वह है जसे ज्ञान नहीं है। जो सत्संग नहीं करता है। इसके अलावा संतमत के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता स्वामी सत्यप्रकाश, नरेशानंद, परमानंद बाबा सहित अन्य साधु-महात्माओं ने भी विचार व्यक्त किए। इसके पूर्व स्थानीय छात्राओं ने स्वागत गान गाकर आगन्तुकों का स्वागत किया। स्वागत समिति के अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया हेमंत कुमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। स्थानीय विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि संतों के विचारों से हमारे समाज का सुधार होता है। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने कहा कि साधु संतों के समागम से यह धरा भी धन्य हो गई है। इस क्षेत्र के लोग भाग्यवान हैं जिन्हें संतों के वचनों को सुनने का सौभाग्य मिला है। कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश मंडल ने किया। सत्संग के दौरान सत्संग सरोवर नामक स्मारिका का लोकार्पण किया गया।

# बीएसएल के यातायात विभाग में हिंदी कार्यशाला का आयोजन



निज संवाददाता | बोकारो

राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार को नई दिशा देने तथा भारत सरकार द्वारा निर्धारित राजभाषा कार्यन्वयन लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु बुधवार को यातायात विभाग के सभागार में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य महाप्रबंधक(यातायात) मनोज कुमार हयांकी के साथ विभाग के वरीय अधिशासी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। बी एस एल के राजभाषा विभाग के प्रतिनिधि के रूप में आलोक कुमार, उप महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) के साथ कार्यशाला में मानस चंद्र रजवार सहायक प्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) उपस्थित थे। सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों और कार्यशाला में उपस्थित सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों का स्वागत करते हुये यातायात विभाग के ए के पी वर्मा ने विभाग में राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में प्रगति से संबंधी संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। राजभाषा विभाग के प्रतिनिधि के रूप में आलोक कुमार, उप महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) ने राजभाषा नियमों और सांविधिक प्रावधानों से जुड़े भारत सरकार की नीति, वार्षिक कार्यक्रमों, निर्धारित वार्षिक लक्ष्यों, विश्वपटल पर हिंदी के बढ़ते चरण तथा यूनिकोड के अधिकाधिक प्रयोग करने जैसे विषयों पर विस्तृत रूप से एक प्रस्तुतीकरण दिया और राजभाषा हिंदी का शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करना आवश्यक बताया। मुख्य महाप्रबंधक (यातायात) मनोज कुमार हयांकी ने अपने उद्बोधन में बीएसएल के यातायात विभाग की भारत सरकार के राजभाषा नीति के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई और दैनिक कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रभावी प्रयोग को सुनिश्चित करने हेतु यातायात विभाग के कर्मियों का उत्साहवर्द्धन किया। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता, कविता प्रतियोगिता, व्याख्यान प्रतियोगिता एवं पोस्टडर/स्केच प्रतियोगिता रखी गई थी। प्रतियोगिता मे चयनित श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## बी एस एल के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में हॉट मेटल के उत्पादन का अब बना नया रिकॉर्ड

निज संवाददाता | बोकारो



बोकारो स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में मंगलवार को फर्नेस संख्या 02 से 5764 टन हॉट मेटल के उत्पादन का नया दैनिक रिकॉर्ड बना है। ब्लास्ट फर्नेस संख्या 02 से पिछला सर्वश्रेष्ठ दैनिक हॉट मेटल उत्पादन का रिकॉर्ड दिनांक 26 मार्च 2024 को 5627 टन हॉट मेटल उत्पादन का था। ब्लास्ट फर्नेस विभाग में चार फर्नेस परिचालन से अब तक का सर्वश्रेष्ठ 17672 टन दैनिक हॉट मेटल उत्पादन का भी नया रिकॉर्ड बना है। चार फर्नेस परिचालन से 17009 टन दैनिक हॉट मेटल उत्पादन का पिछला रिकॉर्ड 24 जनवरी 2025 को कायम हुआ था। उल्लेखनीय है कि चार फर्नेस परिचालन से जनवरी 2025 माह में अब तक का सर्वश्रेठ 468010 टन हॉट मेटल के उत्पादन का नया मासिक रिकॉर्ड बना था। जनवरी 2025 माह में ब्लास्ट फर्नेस संख्या 01, 02 और 05 से अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक 109989 टन,141824 टन तथा 109923 टन हॉट मेटल का उत्पादन का नया मासिक रिकॉर्ड बना था। निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ बोकारो स्टील के शीर्ष प्रबंधन ने मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) शौविक रॉय एवं उनकी समस्त टीम तथा सभी सहयोगी विभागों तथा संविदा कर्मियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### रांची में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन पड़ा महंगा, तीन महीने में 214 के डीएल सस्पेंड

**रांची, एजेंसी।** ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करना वाहन चालकों को भारी पड़ रहा है। ट्रैफिक पुलिस की अनुशंसा पर रांची जिला परिवहन कार्यालय ने तीन माह (अक्तूबर 2024 से दिसंबर 2024) तक कुल 214 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड किए हैं। इनमें सबसे अधिक बिना हेलमेट के वाहन चलाने पर कुल 106 लोगों के डीएल सस्पेंड किए गए हैं। अलग-अलग नियमों का उल्लंघन करने पर अक्तूबर, 2024 में कुल 80, नवंबर में 41 और दिसंबर, 2024 में कुल 93 लोगों के डीएल सस्पेंड हुए हैं। अकेले, साल 2024 में कुल 3628 ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड हुए हैं। तीन माह में अनसेफ कंडीशन यानी वाहन में किसी प्रकार की छेड़छाड़ करने पर कुल 26, दो पहिया वाहनों में पीछे बैठे लोगों के हेलमेट नहीं पहनने पर 82 और दो पहिया वाहन चलाते समय खुद वाहन चालकों के हेलमेट नहीं पहनने पर कुल 106 लोगों के डीएल सस्पेंड किये गये हैं। रांची के डीटीओ अखिलेश कुमार ने बताया कि पहली बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर तीन माह और दूसरी बार पकड़े जाने पर भी तीन माह के लिए डीएल सस्पेंड किया जाता है, जबकि तीसरी बार में ड्राइविंग लाइसेंस रद्द कर दिया जाता है।

### देवघर में चार्जर केबल से पैर बांधकर और दुपट्टे से गला दबाकर महिला की हत्या

**देवघर, एजेंसी।** झारखंड के देवघर जिले के कुंडा थाना क्षेत्र के के तपोवन ढ़ाकोडीह गांव से एक 24 वर्षीया महिला का शव संदिग्ध परिस्थिति में पुलिस ने बरामद किया है। मृतका के मायके वालों ने चार्जर केबल से उसका गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। मृतका का नाम यशोदा देवी (पति अजीत कुमार पोद्दार) था। मृतका के शव के पास से पुलिस ने मोबाइल के चार्जर का केबल भी बरामद किया है। देवघर जिले के कुंडा थाने की पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतका के भाई सारठ थाना क्षेत्र के ढोढोडूमर गांव निवासी कन्हैया पोद्दार ने का आरोप है कि उसकी बहन की हत्या पति अजीत पोद्दार और उसकी सास बबीता देवी ने गला दबाकर की है। कन्हैया ने बताया कि बहन के ससुराल के एक पड़ोसी ने फोन पर उन्हें सूचना दी कि उसकी बहन की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही बहन के ससुराल पहुंचा तो देखा कि यशोदा जमीन पर मृत पड़ी थी। उसके गर्दन और पैर में काला दाग के निशान थे। उसकी बहन की हत्या मोबाइल के चार्जर केबल से पैर बांध कर और दुपट्टे से गला दबाकर की गयी है। घटना के बाद से ससुराल वाले फरार बताये जाते हैं। कुंडा थाने की पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है। मृतका का मायका सारठ थाना क्षेत्र के ढोढोडूमर गांव में है।

### रेलवे में नौकरी के नाम पर लाखों की ठगी का चौथा आरोपी बोकारो से अरेस्ट, ऐसे देते थे झांसा

**जमशेदपुर, एजेंसी।** रेलवे में नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के चौथे साथी को बिष्टुपुर थाना की पुलिस ने बोकारो से गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार धराया व्यक्ति आसनसोल में एक अस्पताल में कर्मचारी है। उसकी पत्नी भी अस्पताल में नर्स है। इस मामले में गिरफ्तार मनीष कुमार उक्त व्यक्ति के जरिये ही आसनसोल स्थित अस्पताल में युवक का फर्जी मेडिकल जांच कराता था और कागजात भी उपलब्ध कराता था। पुलिस इस मामले में गिरोह के अन्य सदस्यों का पता लगाने में जुटी है। पुलिस ने इस मामले में पूर्व में मुख्य आरोपी बोकारो चास निवासी मनीष कुमार के अलावा बोकारो के कसमार थाना क्षेत्र के राजदीप कुमार और मंतोष कुमार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों ने कई लोगों से रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी की है, लेकिन किसी को नौकरी नहीं दिलायी। गिरफ्तार युवकों के पास से पुलिस ने कुछ कागजात बरामद किए हैं। इसके अलावा चारों का मोबाइल भी जब्त कर लिया है। जब्त किये गये मोबाइल से पुलिस को रुपये लेनदेन और कागजात की जानकारी मिली है। जानकारी के अनुसार आदित्यपुर रेलवे कॉलोनी निवासी सह रेलकर्मी राघव मछुवा उर्फ महेश मछुवा ने बिष्टुपुर थाना में गोविंदपुर निवासी मनीष कुमार के खिलाफ गत 29 जून 2024 को रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने का केस दर्ज कराया था।

# मंईयां सम्मान से विपक्ष के पेट में दर्द क्यों? कांग्रेस सदन में जमकर बरसे

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन द्वितीय पाली में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान बजट सत्र पर चर्चा हुई। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में बोलते हुए कहा कि अभिभाषण को किसी राजनीतिक चश्मे से ना देखने पर ही असली तस्वीर सामने आती है। इसे झूठ का पुलिंदा कहने वालों से पूछना चाहिए कि अभिभाषण में शामिल बातों को क्या सरकार ने धरातल पर नहीं उतारा है।

उन्होंने अमेरिका के द्वारा भारतीय नागरिकों को डीपोर्ट किए जाने का मामला उठाते हुए कहा कि जो लोग कमाने गए थे उन्हें हथकड़ियां में लौटाया गया। भारत सरकार चुप्पी साधे रही। मंईयां सम्मान योजना और बिजली बिल माफी से पूरा प्रदेश खुश है। जो काम हेमंत सोरेन ने किया, वही भाजपा की सरकारें भी कर रही है। बिजली बिल के एवज में 3620 करोड़ रुपये माफ किए गए हैं तो इसे झूठ का पुलिंदा कैसे कहा जा सकता है। हेमंत सरकार ने जब गरीबों की मदद की तो भाजपा के पेट में दर्द क्यों हो रहा है।

हेमंत सरकार दलितों, आदिवासी की मदद कर रही है और उसका जिक्र अभिभाषण में किया जाता है तो विपक्ष



इसे झूठ का पुलिंदा बता रही है।

झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश करते हुए विपक्ष की ओर से लगातार की जा रही टोकाटोकी के बीच कहा कि साफ-सुथरा और निष्पक्ष चुनाव से बनी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त शासन चला रही है। विदेश में बच्चों को पढ़ाने के लिए राज्य सरकार की ओर से जारी मरांग गोमके छात्रवृत्ति योजना की प्रशंसा की। शिक्षा में सुधार के लिए कई प्रयोग किए जा रहे हैं। नेतरहाट की तर्ज पर दुमका और चाईबासा में विद्यालय खोले जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि धनबाद और जमशेदपुर में सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल चलाने का निर्णय लिया गया है। कहा, शासन का प्रभाव ऐसा है कि झारखंड में नाम मात्र के नक्सली रह गए हैं। कई सरेंडर कर चुके हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

झारखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटन बंद होने के बाद राज्य सरकार ने अबुआ आवास योजना चालू की और हर परिवार को पक्का आवास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

आधारभूत संरचनाओं में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। झारखंड में सड़कों को दुरुस्त किया जा रहा है। आज देश में झारखंड किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है।

विधायक उमाकांत रजक ने कहा कि राज्य सरकार ने लाखों किसानों का ऋण माफ किया है। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस प्रकार साजिश कर हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया उसका माकूल जवाब जनता ने दिया। विश्रामपुर से राजद के विधायक नरेश सिंह ने भी सरकार की योजनाओं की प्रशंसा की।

रांची से भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि राज्यपाल से असत्य बोलवाया गया। संवैधानिक बाध्यता है कि राज्यपाल वही पढ़ेंगे, जो सरकार लिखकर देगी।

उन्होंने विधायकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार में वफा ढूंढ़ रहे हो, बड़े नादान हो जहर की शीशी में दवा ढूंढ़ रहे हो। इसके बाद उन्होंने सत्तापक्ष के कई सदस्यों पर भी चुटकी ली।

सीपी सिंह ने स्टीफन को भीष्म पितामह करार देते हुए कहा कि वे अपनों के ही तीरों से घायल होकर पड़े हुए हैं। अर्जुन ने इतना तीर मारा कि उठ ही नहीं सके। इसी प्रकार उन्होंने उमाकांत रजक पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अभी-अभी चुनाव से पहले झामुमो में आए हैं। इसके पहले जब हाथी उड़ रहा था तो उड़ानेवालों में ये भी शामिल थे। इरफान पर चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा कि आप डाक्टरी पढ़े हुए हैं, भले ही यूक्रेन में पढ़े हों।

## झारखंड के माफियाओं का गजब कारनामा, कोयला चोरी करने के लिए निकाल ली नयी तरकीब



**लातेहार, एजेंसी।** झारखंड के कोयला माफियाओं को अब किसी का डर नहीं है। यही कारण है कि लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र में अब वे कोयला की चोरी करने के लिए जमीन खोद कर अवैध माइंस ही बना ले रहे हैं। दरअसल बालूमाथ थाना क्षेत्र के हरैयाखांड़ और आसपास के इलाके में जमीन के नीचे कोयला है। इस कोयले का खनन करने में माफिया जुट गये हैं और वहां अवैध माइंस बना लिया है।

माफिया आराम से कोयला चोरी कर इसकी तस्करी कर रहे हैं। लातेहार के माफियाओं ने यह अवैध माइंस जेसीबी के जरिये मिट्टी को खोदकर और ट्रेंच बनाकर तैयार किया है। यहां से कोयला चोरी कर इसे ट्रैक्टर और हाइवा के जरिये ईंट भट्ठों सहित दूसरे स्थान पर भेजा जाता है। अब तक यहां से लाखों रुपये की कोयला चोरी की जा चुकी है। अमूमन इस इलाके में रात में कोयला चोरी कर इसे आसपास के इलाके में एकत्र किया जाता था। इसके बाद जेसीबी के जरिये बड़े वाहनों में कोयला को लोड कर इसे दूसरी जगहों पर भेजा जाता था।

कोयला चोरी करने वाले जिस तरह संगठित रूप से काम रहे थे, उसके बाद से कई सवाल उठने लगे हैं। सवाल यह है कि इतने बड़े पैमाने पर कोयले की चोरी हो रही है, लेकिन इसे संरक्षण देने वाले कौन लोग हैं। क्योंकि बिना संरक्षण के रातों रात माइंस बना देना और कोयले की तस्करी करना संभव नहीं हैं।

## झारखंड में समय पर वार्षिक रिटर्न दाखिल नहीं करने वाले कारखानों की खैर नहीं, अब लगेगा दंड



**रांची, एजेंसी।** झारखंड के कारखानों द्वारा निर्धारित समय-सीमा में वार्षिक रिटर्न दाखिल नहीं करने पर अब दंड लगेगा। सरकार ने झारखंड फैक्ट्री रूल 1950 में संशोधन करते हुए यह प्रावधान किया है। साथ ही लाइसेंस में बदलाव के लिए पूर्व निर्धारित शुल्क को 500 रुपये से बढ़ा कर 1000 रुपये करने का फैसला किया है। रूल में ये संशोधन अधिसूचना जारी होने की तिथि से प्रभावी होंगे।

साथ ही कारखानों द्वारा 15 जनवरी तक वार्षिक रिटर्न दाखिल करने का प्रावधान है। झारखंड सरकार ने समीक्षा के दौरान पाया कि दंड का प्रावधान नहीं होने की वजह से समय पर रिटर्न दाखिल नहीं किया जाता है। इसलिए सरकार ने सब-रूल में संशोधन करते हुए दंड का प्रावधान किया है। इसके तहत अब 15 जनवरी तक रिटर्न दाखिल नहीं करने वाले कारखाने लाइसेंस नवीकरण फीस का 50 प्रतिशत दंड देकर 31 मार्च तक रिटर्न दाखिल कर सकेंगे।

30 जून तक रिटर्न दाखिल करने के लिए लाइसेंस नवीकरण फीस का 100 प्रतिशत दंड के रूप में चुकाना होगा। 30 जून तक रिटर्न दाखिल नहीं करने या गलत सूचना देने की स्थिति में लाइसेंस जब्त कर लिया जायेगा। इससे पहले कारखाना प्रबंधन को अपना पक्ष पेश करने का मौका दिया जायेगा। लाइसेंस जब्त करने पर श्रम विभाग के सचिव के यहां अपील की जा सकेगी।

# कामडारा में पहाड़गांव के प्राचीन शिव मंदिर में गुप्त गंगा से सालों भर बहता है पानी

**गुमला, एजेंसी।** गुमला जिले में कई ऐसे शिवालय हैं, जिनका इतिहास और स्थापना काल किसी को नहीं मालूम। अनंत काल से यहां पूजा-पाठ हो रहा है। कामडारा प्रखंड में पहाड़गांव का प्राचीन शिव मंदिर भी ऐसा ही एक मंदिर है। यहां गुप्त गंगा से साल भर पानी बहता रहता है। कामडारा प्रखंड की सरिता पंचायत में पहाड़ गांव आमटोली है। यहां प्राचीन शिव मंदिर है, जो आस्था का केंद्र है। यह मंदिर जंगल और पहाड़ों के बीच है। प्राकृतिक सौंदर्य के बीच बने इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि स्वयं भगवान भोलेनाथ यहां बिराजे हैं।

यहां का प्रकृति सौंदर्य श्रद्धालुओं का मन मोह लेता है। श्रद्धालुओं की मानें, तो इस मंदिर का निर्माण स्वयं शंभु ने कराया है। मंदिर को बनाने के लिए सीमेंट, छड़, गिट्टी, बालू या




मिट्टी तक का इस्तेमाल नहीं हुआ है। एक पत्थर के ऊपर दूसरा पत्थर रखकर इस मंदिर का निर्माण किया गया है। शिव भक्तों का मानना है कि स्वयं भगवान यहां निवास करते हैं। यही वजह है कि लाखों आंधी, तूफान आ जाए, मंदिर को कोई नुकसान नहीं होता। महाशिवरात्रि के अवसर पर पूजा-अर्चना करने और इस प्राचीन मंदिर में विराजमान भगवान के दर्शन करने के लिए दूसरे राज्यों से भी श्रद्धालु यहां आते हैं। लोगों का कहना है कि इस मंदिर में पूरी आस्था और श्रद्धा से अगर कोई मन्नत मांगता है, तो उसे मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। इस मंदिर से सटी गुप्त गंगा भी है। गुप्त गंगा से साल भर पानी बहता रहता है। लोग गुप्त गंगा से जल लाकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं।

स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मंदिर को पर्यटक स्थल घोषित करने की मांग की है। इस मंदिर परिसर में बजरंग बली मंदिर, माता पार्वती मंदिर, गणेश मंदिर के साथ-साथ अन्य देवी-देवताओं के भी मंदिर हैं। कुछ मंदिर हाल-फिलहाल में बनाये गये हैं। सभी मंदिरों में सालों भर पूजा करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहता है।

यह मंदिर प्रखंड मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर पहाड़ गांव में है। प्राचीन शिव मंदिर तक पहुंच पथ के साथ ट्रेन की सुविधा भी है। रेलवे स्टेशन पकरा से उतरकर मंदिर तक की दूरी लगभग एक किलोमीटर है। सड़क मार्ग से आयेंगे, तो बाकूटोली से बक्सपुर मोड़ होकर पकरा मंदिर टोली पहुंच सकते हैं।

# धनबाद में बाइक सवार अपराधियों ने की अंधाधुंध फायरिंग, गोली लगने से दो मजदूर घायल



**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिले के महुदा थाना क्षेत्र में महुदा कोल वाशरी से सटे मुरलीडीह रेलवे फाटक के समीप श्री तिरुपति बालाजी इंटरप्राइजेज द्वारा एलएचएस अंडरपास बनाया जा रहा है। मंगलवार की रात मजदूरों पर बाइक पर आए दो अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग की। इसमें दो मजदूरों को गोली लगी है। दोनों मजदूर घायल हो गए। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल मजदूर बिहार के बेगूसराय के रहने वाले हैं। इनके नाम लाला साहनी और झूलो चौधरी है। फायरिंग से इलाके में दहशत है। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली।

मजदूर लाला साहनी को एक गोली जांघ में लगी है जबकि एक पेट में लगी है। झूलो चौधरी की जांघ में एक गोली लगी है। दोनों मजदूरों को समुचित इलाज के लिए धनबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। धनबाद की महुदा पुलिस ने घटनास्थल से एक मैगजीन और आठ खोखे बरामद किए हैं।

बिहार के छह लोग अंडरपास के निर्माण कार्य में लगे हैं। काम कर वे यहां रात का भोजन बनाकर खाना खाने बैठे थे। तभी रात लगभग 9 बजे बाइक पर सवार दो अपराधी वहां पहुंचे और उन पर ताबड़तोड़ गोली चलाने लगे। इसमें दो मजदूरों को गोली लगी। सभी चिल्लाते हुए जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। दोनों घायल भी उसी हालत में वहां से भागते हुए महुदा कोल वाशरी की ओर चले गए। इसके बाद घटना की जानकारी महुदा पुलिस को दी गयी। सूचना पाकर महुदा इंस्पेक्टर ममता कुमारी और महुदा थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भेजकर छानबीन शुरू कर दी।

धनबाद के ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी भी सूचना मिलते घटनास्थल पहुंचे और मजदूरों से पूछताछ की। इस संबंध में ग्रामीण एसपी ने कहा कि यहां अज्ञात बाइक सवार दो अपराधियों द्वारा मजदूरों पर फायरिंग की गयी है। ये जल्द पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## टाटानगर और रांची से गुजरनेवाली कई ट्रेनें रद्द, एक का बदल गया है रूट



**जमशेदपुर, एजेंसी।** नयी दिल्ली से पुरी के बीच चलने वाली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस (12802) 26 फरवरी को रद्द रहेगी। पुरी से दिल्ली जानेवाली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस (12801) को भी बुधवार को रद्द कर दिया गया है। टाटा-जम्मूतवी एक्सप्रेस (18101) को 26, 28 फरवरी और दो मार्च को रद्द कर दिया गया है। आनंद विहार-हटिया एक्सप्रेस (12874) को 26 फरवरी को रद्द किया गया है। हल्दिया-आनंद विहार एक्सप्रेस (12443) को 27 फरवरी को रद्द किया गया है।

हटिया-आनंद विहार एक्सप्रेस (12873) को 27 फरवरी को रद्द किया गया है। आनंद विहार-पुरी एक्सप्रेस (12816) 26-27 फरवरी को रद्द रहेगी। आनंद विहार-रांची एक्सप्रेस (12826) 26 को रद्द रहेगी। रांची-आनंद विहार एक्सप्रेस (12825) 27 फरवरी को रद्द रहेगी। भुवनेश्वर-आनंद विहार एक्सप्रेस 26 फरवरी को रद्द रहेगी। नयी दिल्ली-भुवनेश्वर एक्सप्रेस (12282) 27 फरवरी को रद्द रहेगी। हटिया-आनंद विहार एक्सप्रेस (12817) 28 फरवरी को रद्द रहेगी।

रेलवे ने रांची-लोक मान्य टर्मिनल एक्सप्रेस (18609) को 26 फरवरी को परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन बुधवार को वाराणसी-लखनऊ, कानपुर, झांसी से बीना होकर मुख्य मार्ग से चलेगी।

# सीआईएससीई बोर्ड ने परीक्षा को लेकर किए बदलाव, 2027 से 12वीं में अंग्रेजी समेत पांच विषयों में पास करना होगा अनिवार्य

**रांची, एजेंसी।** क्रांति दीप-काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) बोर्ड की ओर से 2027 में आयोजित होनेवाली 10वीं और 12वीं की परीक्षा को लेकर कई बदलाव किये गये हैं। जिसके तहत 2027 में होने वाली 12वीं की परीक्षा के पास क्राइटेरिया में भी बदलाव किया गया है। जिसमें अब छात्रों को 12वीं पास करने के लिए पांच या छह विषयों में उत्तीर्णता मानक प्राप्त करना होगा। यानी इंग्लिश या मॉडर्न इंग्लिश के साथ चार विषयों में पास होना अनिवार्य होगा। इससे पहले 12वीं में पास करने के लिए इंग्लिश के साथ तीन विषयों में पास होना अनिवार्य था। यह जानकारी बिशप वेस्टकॉट ब्वॉयज स्कूल नामकूम के प्रिंसिपल जोएल एडविन ने दी।

प्रिंसिपल जोएल एडविन ने बताया कि विभिन्न यूनिवर्सिटी व कॉलेजों में नामांकन के लिए 12वीं में कम से कम पांच विषय मांगे जाते हैं। ऐसे में छात्रों को नामांकन प्रक्रिया में किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी। छात्रों को लाभ मिलेगा। संत जेवियर्स स्कूल डोरंडा के 12वीं क्लास के को-ऑर्डिनेटर संतोष कुमार ने बताया कि अन्य बोर्ड में 12वीं में पांच विषयों पर मूल्यांकन होता है। जबकि सीआइएससीइ में बोर्ड इंग्लिश के साथ तीन विषय यानी कुल चार विषयों पर ही मूल्यांकन हो रहा था। इस बदलाव से सीआइएससीइ 12वीं के छात्रों का मुल्यांकन भी अन्य बोर्ड के बराबर हो जायेगा।

बोर्ड की ओर से जारी रेगुलेशन के अनुसार 2027 में 12वीं की परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र पांच विषयों का कॉम्बिनेशन नहीं ले सकेंगे। इसमें इंग्लिश के साथ मॉडर्न इंग्लिश, फिजिक्स के साथ इंजिनियरिंग साइंस, जियोमेट्रिकल मैकेनिकल ड्राइंग के साथ जियोमेट्रिकल एंड बिल्डिंग ड्राइंग, मैथमेटिक्स एंड अप्लायड मैथेमेटिक्स और रोबोटिक्स के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शामिल है।

2027 में होनेवाली 10वीं और 12वीं परीक्षा के लिए नये विषय जोड़े गये हैं। इसमें 12वीं क्लास के लिए पांच नये विषयों को जोड़ा गया है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रॉबोटिक्स, अप्लाइड मैथमेटिक्स, मॉडर्न इंग्लिश और भूटिया लैंग्वेज शामिल हैं। वहीं 10वीं में भी एक विषय भूटिया लैंग्वेज जोड़ा गया है। सीआइएससीइ बोर्ड की ओर से 2027 में होनेवाली 10वीं व 12वीं परीक्षा के लिए सिलेबस व रेगुलेशन जारी किये गये हैं। जिसमें कई विषयों के लिए संशोधित सिलेबस जारी किये गये हैं। 12वीं क्लास में 12 विषयों के सिलेबस में संशोधन किया गया है। वहीं 10वीं के लिए भी 10 विषयों के लिए संशोधित सिलेबस जारी किये गये हैं।

2027 में होनेवाले 10वीं व 12वीं के रिजल्ट डॉक्यूमेंट में भी बदलाव किये गये हैं। जिसमें दो रिजल्ट डॉक्यूमेंट के जगह एक डॉक्यूमेंट दिया जायेगा। पहले दो रिजल्ट डॉक्यूमेंट स्टेटमेंट ऑफ मार्क्स और पास सर्टिफिकेट दिये जाते थे। अब परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को पास सर्टीफिकेट कम स्टेटमेंट ऑफ मार्क्स नाम से एक डॉक्यूमेंट दिये जायेंगे। इसके साथ ही डॉक्यूमेंट में पास सर्टिफिकेट अवार्डेड (पीसीए) और पास सर्टिफिकेट नोट अर्वाडेड की जगह पर क्वालीफाइड और नॉट क्वालिफाइड अंकित किया जायेगा।

# गिरिडीह में घोर लापरवाही, कोषागार या बैंक की जगह आजीविका केंद्र को बना दिया वज्रगृह

**गिरिडीह, एजेंसी।** मैट्रिक प्रश्न पत्र लीक मामले में गिरिडीह जिला प्रशासन की लापरवाही उजागर हुई है। यहां शहर के कुरैशी मोहल्ले के पास जिला जनसंपर्क कार्यालय के पीछे स्थित शहरी आजीविका केंद्र में बनाये गये स्ट्रांग रूम में प्रश्नपत्र रखे गये। इतना ही नहीं, ट्रक के वहां तक नहीं पहुंचने पर टोटो से वहां बंडल लाया गया। जैक अध्यक्ष के निर्देश के बाद भी घोर लापरवाही बरती गयी।

जैक अध्यक्ष ने सभी जिलों के डीसी को निर्देश दिया था कि वज्रगृह कोषागार, उपकोषागार या बैंक में बनाया जाए। इतना ही नहीं वज्रगृह में प्रश्नपत्र को सील करने और खोलने के दौरान मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में वीडियोग्राफी भी करनी थी। रिजर्व में जिस प्रश्नपत्र को पैकेट में रखा गया था, उसके सील का मिलान भी किया जाना था, बावजूद इन निर्देशों के पूरे मामले की अनदेखी की गयी।



वज्रगृह ऐसे स्थान पर बनाया गया, जहां आम लोगों का आना-जाना लगा हुआ था। परिसर का मुख्य गेट भी टूटा हुआ है। वज्रगृह में सीसीटीवी कैमरे तक नहीं लगाये गये हैं। सुरक्षा के नाम पर सिर्फ पांच सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गयी है, लेकिन परिसर में आने-जाने के लिए आमलोगों को पूरी छूट थी। प्रश्नपत्र को ट्रक से अनलोड कर स्ट्रांग रूम तक ढुलाई करने के दौरान भी निगरानी में बड़ी चूक हुई। प्रश्न पत्रों की ढुलाई के दौरान भी न ही कोई वीडियोग्राफी करायी गयी और न ही किसी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति थी।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## रेखा सरकार के सामने ढेर सारी चुनौतियां

दिल्ली में गुरुवार को मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता के शपथ लेने के बाद यह साफ हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी एक स्पष्ट संदेश के साथ काम करना चाहती है। इस बात पर राजनीतिक गलियारों में जरूर सुगबुगाहट रही कि दिल्ली विधानसभा के चुनावी नतीजों के बाद मुख्यमंत्री पद पर चुने गए व्यक्ति की घोषणा करने में ग्यारह दिन क्यों लग गए। सतह पर इस पद के लिए खींचतान की चर्चा रही, मगर ऐसा लगता है कि रेखा गुप्ता की अब तक की राजनीतिक भूमिका को देखते हुए उनके नाम पर सहमति बनाने में पार्टी को ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी। जो हो, अब मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही रेखा गुप्ता के सामने जितनी बड़ी चुनौती इस जिम्मेदारी के निर्वहन की है, उसी के समांतर जनता की नजर उन वादों को पूरा किए जाने पर भी रहेगी, जो चुनावों के दौरान भाजपा की ओर से किए गए थे। गौरतलब है कि दिल्ली चुनावों के दौरान यमुना का पानी और उसकी सफाई एक बहुप्रचारित मुद्दा बनी थी। आरोप-प्रत्यारोप के बीच हकीकत यह है कि यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाने और उसकी सफाई के मसले पर दशकों से राजनीति होती रही है। अमूमन हर पार्टी ने सत्ता मिलने पर यमुना को स्वच्छ बनाने के बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन आज भी यह नदी बेहद दयनीय हालत में है और जिसका पानी नहाने लायक भी नहीं है। यह देखने की जरूरत होगी कि दिल्ली की नई सरकार यमुना को एक स्वच्छ नदी के रूप में जीवन देने के लिए कितनी ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ काम कर पाती है। इसके अलावा, पूर्व सरकार की ओर से जनता के लिए चलाए गए कल्याणकारी कार्यक्रम, स्कूली शिक्षा, भ्रष्टाचार पर रोक, आबकारी नीति, दिल्ली में भयावह स्तर तक के प्रदूषण और बुनियादी ढांचे को दुरुस्त करने जैसी चुनौतियां मुंह बाए खड़ी हैं, जिन पर विपक्ष के रूप में कभी भाजपा सवाल उठाती थी और अब आम आदमी पार्टी अपनी मजबूत भूमिका में हमेशा तैयार दिखेगी। मसलन, दिल्ली की महिलाओं को ढाई हजार रुपए देने की घोषणा के समांतर इस मसले पर संदेह भी जताए जाने लगे हैं। यों मुफ्त की योजनाओं पर अक्सर सवाल उठाए जाते रहे हैं।

## ओटीटी पर अब सुप्रीम कोर्ट की कड़ी नजर

पिछले कुछ वर्षों में इंटरनेट के विस्तार के साथ ओटीटी मंचों पर भी हास्य कार्यक्रमों के नाम पर जिस तरह फूहड़ और अश्लील सामग्री परोसी जाने लगी है, वह कई बार मानसिक विकृति से भरी होती है। हाल ही में एक ओटीटी मंच पर एक कथित हास्य कलाकार के कार्यक्रम में जैसी बातचीत सामने आई, उसे किसी भी लिहाज से स्वस्थ मनोरंजन नहीं माना जा सकता। विडंबना है कि ऐसे कार्यक्रमों के दर्शक भी बिना किसी हिचक के कुंठाओं के प्रदर्शन में शामिल होते हैं। हालांकि समाज का एक बड़ा हिस्सा आज भी हास्य के नाम पर अश्लीलता को मानवीय गरिमा के विरुद्ध मानता है और स्वाभाविक ही इस मसले पर व्यापक आपत्ति उभरी।सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित कथित कलाकार के प्रति नाराजगी जाहिर की। अब सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इस मसले पर सख्त रुख अपनाते हुए ओटीटी मंचों को आचार संहिता और कानून का पालन करने का निर्देश दिया है। अश्लील सामग्री का प्रकाशन एक दंडनीय अपराध है। मंत्रालय के नोटिस में कहा गया है कि ओटीटी मंचों पर किसी भी सामग्री के प्रदर्शन में लागू कानूनों के विभिन्न प्रावधानों और आइटी नियम, 2021 के तहत 'कोड आफ एथिक्स' का ध्यान रखा जाए।हास्य और मनोरंजन सेहत के लिए अच्छा है, लेकिन अगर इसकी वजह से लोगों के सोचने-समझने की प्रक्रिया विकृत होती है, यौन कुंठाओं की एक नई दुनिया बनती है, तो वह किसी भी समाज के लिए नुकसानदेह है। दरअसल, सामाजिक व्यवहार और इसके बारे में आम धारणा का विकास लोगों के सोचने-समझने के तरीके और उसकी अभिव्यक्तियों के सहारे होता है। ऐसे में अगर कुछ विशेष सुविधाओं में जीने वाले लोग अपनी सार्वजनिक अभिव्यक्तियों में हास्य के नाम पर अश्लीलता का बेहिचक प्रदर्शन करते हैं, तो निश्चित रूप से यह एक प्रतिगामी रवैया है।

## विकसित हो भीड़ नियंत्रण का प्रभावी तंत्र

(रमेश सर्राफ धमोरा)

*हमारे देश में आए दिन जगह-जगह बड़े-बड़े धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक व अन्य कई प्रकार के आयोजन होते रहते हैं। जिनमें हजारों-लाखों लोग शामिल होते हैं। ऐसे ही कार्यक्रमों में जरा सी लापरवाही भगदड़ का कारण बन सकती है। ऐसे में यदि कार्यक्रम के आयोजक सावधानी बरतते हुए भीड़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम करें तभी किसी तरह की दुर्घटना होने से बचा जा सकता है।*

भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। भगदड़ प्रायः भीड़ भरे इलाको में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है। देश में हम आए दिन भीड़ में भगदड़ मचने से कई लोगों के मरने की खबरें पढ़ते रहते हैं। हाल ही में महाकुंभ स्नान के दौरान प्रयागराज में भीड़ में भगदड़ के चलते 37 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इस घटना के कुछ दिनों बाद ही नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की भीड़ में अचानक भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही दुर्घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद है। देश में भगदड़ में मरने वालों की सूची बहुत लंबी है। सभी को पता है कि जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी वहां कभी भी भगदड़ मचने की स्थिति पैदा हो सकती है। मगर अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है जिससे भगदड़ की स्थिति ही उत्पन्न नहीं होने पाए। सरकारी भी भगदड़ होने के बाद उसको रोकने के ढोल पीट कर कुछ समय बाद शांत बैठ जाती है। मगर ऐसा कोई स्थाई तंत्र विकसित नहीं किया जाता है। जिससे भगदड़ की स्थिति होने से पहले ही सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट मिले और वह उन पर नियंत्रण कर सके। भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। भगदड़ प्रायः भीड़ भरे इलाको में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है। इसमें संपत्ति से अधिक जान की क्षति होने की संभावना रहती है। भीड़ दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के वैश्विक डेटाबेस के मुताबिक सन 2000 के बाद से भारत में 50 से ज्यादा विनाशकारी सामूहिक समारोहों में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। इन दुर्घटना को देखते हुए प्रभावी भीड़ प्रबंधन तंत्र विकसित करने की बहुत जरूरत महसूस की जा रही है। खासकर कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में इसकी काफी जरूरत महसूस होती है। भगदड़ बेहद खतरनाक और घातक स्थिति होती है। किसी भी जगह पर जब भीड़ उसकी क्षमता से अधिक हो जाती है और लोगों के पास निकलने का रास्ता नहीं होता है। भीड़ की वजह से लोगों को पैर रखने की जगह नहीं मिलती है। ऐसी स्थिति में किसी तरह की अफवाह या दुर्घटना होने पर भीड़ बेकाबू हो जाती है। इसे भीड़ में हलचल भी कहा जाता है। इसकी वजह से ही भगदड़ की स्थिति बनती है। इसी तरह भीड़ में हलचल का मतलब भीड़ का बेतरतीब तरीके से एक से ज्यादा दिशाओं में एक ही समय में आगे बढ़ना है। ऐसे में लोगों को चलने के लिए जगह कम होती है वो एक-दूसरे के बीच दब जाते हैं। जब लोग एक-दूसरे से बहुत नजदीक होते हैं तो 'फोर्सेज का ट्रांसमिशन' यानी बल का संचरण हो सकता है। इस फोर्स ट्रांसमिशन को आपने भी कभी न कभी तब महसूस किया होगा जब आप एक बहुत भीड़-भाड़ वाली किसी लाइन में खड़े हुए होंगे। जब पीछे से अचानक धक्का लगता है तो व्यक्ति खुद भी उस धक्के को अपने से आगे खड़े व्यक्ति को ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में अपना संतुलन बनाए रखना और अपने पैरों पर खड़े रहना लोगों के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है। ये पहली बार नहीं था जब किसी धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मची हो। इसके पहले भी समय-समय पर भगदड़ मचने की खबरें सामने आती रही हैं। इन घटनाओं में कई लोगों की जान भी चली गई। 27 अगस्त 2003 महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में स्नान के दौरान भगदड़ मचने से 39 लोगों की मौत हो गई थी। 25 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर में भगदड़ मच गई थी। जिसमें 340 से ज्यादा श्रद्धालु कुचले गए थे। 3 अगस्त 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में मची भगदड़ में 162 लोगों की मौत हो गई थी। 30 सितंबर 2008 राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में मची भगदड़ में लगभग 250 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में 63 लोगों की मौत हो गई थी.।14 जनवरी 2011 को केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में सबरीमाला मंदिर में एक जीप की टक्कर से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 8 नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे हर की पौड़ी घाट पर मची भगदड़ में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई थी। 19 नवंबर 2012 को पटना में गंगा नदी पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से भगदड़ मच गई थी जिसमें 20 लोगों की मौत हो गयी थी। 13 अक्टूबर 2013 मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि के जश्न के दौरान भगदड़ मचने से 115 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। 3 अक्टूबर 2014 को दशहरे का जश्न समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में भगदड़ मच गई जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई थी। 14 जुलाई 2015 को आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में पुष्करम उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर भगदड़ मचने से 27 लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी। 1 जनवरी 2022 को जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ मचने से 12 लोगों की मौत हो गई थी। 31 मार्च 2023 को इंदौर शहर के एक मंदिर में रामनवमी के मौके पर एक प्राचीन बावड़ी के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। इसी तरह रेलवे स्टेशनों पर भी भगदड़ के कारण कई बड़ी दुर्घटना हो चुकी है। 28 सितंबर 2002 को लखनऊ में बसपा की रैली से वापस घर लौटते समय ट्रेन की छत पर चढ़ने से चार लोगों की करंट लगने से मौत हो गई थी। 13 नवंबर 2004 को नई दिल्ली स्टेशन पर छठ पूजा के दौरान बिहार जाने वाले ट्रेन का प्लेटफार्म अचानक बदलने से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए ओवरब्रिज पर मची भगदड़ में चार यात्रियों की मौत हुई थी। 03 अक्टूबर 2007 को मुगल सराय जंक्शन पर भगदड़ मचने के कारण 14 महिलाओं की मौत हो गई थी। 10 फरवरी 2013 को इलाहाबाद में कुंभ मेला के दौरान रेलवे जंक्शन पर भगदड़ मचने से 38 लोगों की मौत हो गई थी। 29 सितंबर 2017 के दिन मुंबई के एलफिंस्टन रेलवे स्टेशन में बने फुटओवर ब्रिज पर भगदड़ मचने के कारण 22 लोगों की मौत हुई थी।

## बगिया के लाल विष्णु देव का कमाल: छत्तीसगढ़ में ट्रिपल इंजन की सरकार

(संदीप शर्मा)

विष्णुदेव साय किसान पुत्र हैं। वे किसानों के दुख-दर्द को भलीभांति जानते और समझते हैं। अन्नदाता किसानों की चिंता करते हुए विष्णु देव साय ने सरकार बनते ही सबसे पहले किसानों का दो साल का बकाया बोनस दिया। छत्तीसगढ़ में इस समय ट्रिपल इंजन की सरकार है। यह संभव हो सका है प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शी सोच और सुशासन से। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए उन्होंने संवेदनशीलता के साथ हर वर्ग का ध्यान रखकर नीतियां बनायी। परिणाम सबके सामने है। साय सरकार के 14 महीने की अल्पावधि में ही चहुंओर सांय?सांय काम हो रहा है। छत्तीसगढ़ की जनता का विश्वास जीतने में विष्णु देव साय कामयाब हुए। नतीजतन, हाल ही में हुए नगरीय निकाय चुनाव में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया। विधानसभा, लोकसभा के बाद अब नगरीय निकायों के चुनाव में भारी सफलता ने विष्णु देव के कुशल नेतृत्व पर मुहर लगा दी है। निश्चय ही ट्रिपल इंजन की सरकार बनने से अब छत्तीसगढ़ में विकास की गति तेज होगी। दूरस्थ आदिवासी अंचल जशपुर के बगिया गांव में विष्णुदेव साय का जन्म 21 फरवरी 1964 को हुआ। तब किसी ने कल्पना नहीं की होगी कि बगिया का यह लाल, एक दिन छत्तीसगढ़ के मुखिया की महती जिम्मेदारी संभालेंगे। छत्तीसगढ़ के प्रथम निर्विवाद आदिवासी मुख्यमंत्री होने का इतिहास विष्णुदेव साय के नाम पर दर्ज है। उनके सहज, सरल व्यक्तित्व में छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री होने का भाव साफ झलकता है। मृदुभाषी होने के साथ ही प्रशासनिक कसावट को लेकर उनकी छवि ने जन सामान्य का दिल जीत लिया है। वैसे तो पंच से लेकर सरपंच, विधायक, सांसद, केंद्रीय राज्यमंत्री और मुख्यमंत्री बनने तक का उनका राजनीतिक सफर उपलब्धियों भरा है। लेकिन, बीते 14 महीने में मुख्यमंत्री के रूप में उनके द्वारा बनाई गई जनहितैषी नीतियों से सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। विष्णुदेव साय किसान पुत्र हैं। वे किसानों के दुख?दर्द को भलीभांति जानते और समझते हैं। अन्नदाता किसानों की चिंता करते हुए विष्णु देव साय ने सरकार बनते ही सबसे पहले किसानों का दो साल का बकाया बोनस दिया। 3100 रूपये प्रति क्वंटिल की दर से 21 क्वंटिल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी सुनिश्चित की। इससे किसानों के जीवन में खुशहाली आयी है। किसान अब धान की खेती से धनवान बनने की ओर अग्रसर हैं। कोई भी नागरिक खुले आसमान के नीचे नहीं सोएगा, सबका खुद का आशियाना होगा, इसकी चिंता करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 18 लाख से अधिक जरूरतमंद हितग्राहियों के लिए प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति मुख्यमंत्री बनते ही दी। यह उनकी संवेदनशीलता का सबसे बड़ा उदाहरण है। इसी तरह माता?बहनों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में महतारी वंदन योजना मील का पत्थर साबित हो रहा है। हर महीने करीब 70 लाख महिलाओं के खाते में सीधा एक हजार रूपये जमा होने से उनके जीवन स्तर में बहुत कुछ बदलाव आया है। माताएं?बहनें आत्मनिर्भर हो रहीं हैं। युवाओं का विश्वास सरकारी व्यवस्था पर से उठने लगा था। पूर्ववर्ती सरकार में पीएससी में हुए बड़े पैमाने पर घोटाले की वजह से युवा खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे थे। युवा, किसी भी देश?राज्य के भविष्य की रीढ़ हैं। पीएससी परीक्षा व्यवस्था में आमूल?चूल परिवर्तन और पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं आयोजित होने से युवाओं का भरोसा जीतने में विष्णु देव साय कामयाब हुए हैं। छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नीति को लोकव्यापी और सुगम बनाकर इन्वेस्टर को आकर्षित करने में विष्णु देव साय कामयाब हुए हैं। विकासशील छत्तीसगढ़ में उद्योग के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में साय सरकार की नई औद्योगिक नीति निश्चित रूप से मील का पत्थर साबित होगी।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5655

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 4 | | 6 | |
| 3 | | | | 6 | 8 | 2 | | |
| 4 | 6 | | | 9 | | | | 1 |
| | | | | | 1 | | 4 | |
| | 3 | 4 | | 5 | | 7 | 2 | |
| | 9 | | 2 | | | | | |
| 6 | | | | 8 | | | 7 | 9 |
| | | 9 | 3 | 2 | | | | 8 |
| | 7 | | 9 | | | | 5 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5654

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 7 | 9 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 1 | 9 | 5 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 7 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 7 | 9 | 2 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 7 | 2 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 6 | 1 | 9 | 5 | 7 | 3 | 4 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 | 6 | 7 |

## वर्ग पहेली 5655

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | ■ | ■ | 4 | ■ |
| 5 | | | ■ | 6 | | | 7 |
| | ■ | 8 | | | ■ | 9 | |
| 10 | 11 | | ■ | 12 | | | ■ |
| ■ | 13 | | 14 | | ■ | 15 | 16 |
| 17 | | ■ | | ■ | 18 | | |
| | ■ | ■ | | ■ | 19 | | |
| 20 | | | | ■ | | ■ | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. हिंदी और उर्दू के भारतीय लेखकों में अद्वितीय लेखक (मूल नाम धनपत राय श्रीवास्तव ने 8 अक्टूबर 1936 को इस दुनिया से अलविदा कहा) (4)
5. पदक, मैडल (3)
6. सहसा, अकस्मात, यकायक (4)
8. चाप, धनुष, प्रबंधालय, डी (3)
9. सारा के सारा, समस्त, पूरा (2)
10. अंतरात्मा, मन, कानशंस, हृदय (3)
12. बर्फ शब्द का अपभ्रंश (3)
13. लगातारघंटा बजने से होने वाला टन-टन शब्द (4)
15. स्याही को अंग्रेजी में यह कहते हैं (2)
17. पदार्थ का मुख्य और मूल अंश, सत, यथार्थ बात (2)
18. न टलने वाला, अटल, स्थाई (3)
19. हवा, समीर, समीर (3)
20. नामकरण करना, नाम कर्म करना, नाम देना (4)

**ऊपर से नीचे**
1. प्रेत का स्वामी होने के कारण यमराज को यह भी कहते है (4)
2. मेरा या मेरी (2)
3. स्वस्थ्य करना, नीरोग करना (5)
4. 1962 की निर्देशक मेहबूब खान की फिल्म जिसमें मास्टर साजिद, और कुमकुम आदि की भूमिकाऐं थी (7)
6. बिगाड़, झगड़ा, झंझट (4)
7. अव्यक्त मधुर ध्वनि, बीता या आने वाला दिन (2)
11. लंबाई नापने हेतु दार्शनिक प्रणाली की एक ईकाई (3)
14. छूकर पता लगाना, तलाश करना, मन की थाह लेना (4)
16. किनाने पर, पास, समीप, मेड (3)
17. तमस्या, पुरानी फिल्मों की एक दिवंगत अभिनेत्री (3)
18. स्त्री, नारी (3)

### वर्ग पहेली 5654 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बे | ग | म | अ | ख्त | र | ■ | स |
| गु | म | ना | म | ■ | त | ब | ला |
| ना | क | ■ | र | ट | ना | ■ | मी |
| ह | ■ | शा | ना | ■ | र | दी | ■ |
| ■ | श | प | थ | ■ | ■ | ना | ता |
| ओ | ह | दा | ■ | य | ■ | पा | ना |
| ■ | ना | ता | क | ती | ■ | ठ | ■ |
| रा | ई | ■ | ला | म | ■ | क | र्म |

## आज का राशिफल

### मेष
आज करियर के लिहाज से बहुत अच्छा है। आप जमीन-जायदाद के मामले में कोई डील करेंगे तो उसमें आपको लाभ होगा और आपकी तरक्की होने के योग हैं। भाग्य आपका साथ देगा। पिता के आशीर्वाद से ऑफिस में भी लाभ होगा। सरकार से सम्मान मिलने के भी योग हैं। शाम को माता जी की तबियत खराब होने से आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

### वृष
आज हर काम सोच-समझकर करना चाहिए। किसी भी तरह के झगड़े से दूर रहें। अपने काम पर ध्यान दें। किसी को आपकी बात बुरी न लगे, इसका ध्यान रखें। बेवजह किसी से बात न करें। अगर आपका पैसा कहीं फंसा है, तो आज मिल सकता है। सोच-समझकर लिए गए फैसले फायदेमंद रहेंगे। शाम से रात तक हर काम में किस्मत आपका साथ देगी।

### मिथुन
आज दिन कामयाबी भरा रहेगा। बिजनस के मामले में आपके सारे प्लान सफल होंगे। आपमें साहस बना रहेगा और जो भी काम करेंगे, उसमें कामयाबी मिलेगी। अपने काम पूरे करने में सक्षम रहेंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्ते बेहतर होंगे और साथ मिलकर कोई बड़ा काम कर सकते हैं।

### तुला
आज करियर में दिक्कतों और विरोध का सामना करना पड़ सकता है। बेहतर होगा कि आप अपने स्वभाव पर ध्यान दें। कड़ी मेहनत से ही सफलता मिलेगी। काम में कामयाब हो सकते हैं। ऐशो-आराम की चीजों पर ध्यान देंगे और उनकी खरीद करेंगे। आपके मिलनसार स्वभाव के कारण लोग आपको पसंद करते हैं। रात में किसी धार्मिक व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है।

### वृश्चिक
आज करियर के मामले में लाभ से भरा होगा और आपकी तरक्की होने से मन काफी प्रसन्न होगा। नए काम में हिस्सा लेने से खुशी मिलेगी। आपका अधिकांश वक्त परिवार के साथ धार्मिक कार्य में बीतेगा। परिवार के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आत्मविश्वास से किए गए काम सफल होंगे और फायदा होगा। रुके हुए काम थोड़ा खर्च करने से पूरे हो सकते हैं।

### धनु
आज दिन किस्मत के लिहाज से बहुत अच्छा है। आपकी परेशानियां दूर होंगी और भाग्य आपका साथ देगा। संतान से अच्छी खबर मिल सकती है। भतीजे से मदद मिलने के योग हैं। बिजनस में मनचाहा मुनाफा होगा। अगर अपनी जुबान पर काबू रखेंगे, तो हर काम में कामयाबी मिलेगी। आपका दिन आर्थिक लाभ से भरा होगा और योजनाएं सफल होंगी।

### कर्क
आज धन लाभ होगा और आर्थिक मामलों में आपके लिए शुभ योग हैं। भाग्य आपका साथ देगा। आपको संपत्ति मिलने के योग हैं और कारोबार में मुनाफा होगा। शॉपिंग में आपकी रुचि रहेगी। घर सजाने के लिए शॉपिंग पर जा सकते हैं। बिना मांगे किसी को सलाह न दें, इसका उल्टा असर हो सकता है। रात में धार्मिक कार्य में समय बिताएंगे।

### सिंह
आज फायदे का दिन है। आपकी तरक्की होने से मन काफी प्रसन्न होगा। कमाई बढ़ाने के आपके प्रयास सफल रहेंगे। सही तरीकों से कमाया हुआ पैसा आपके धन में इजाफा करेगा। किस्मत के लिहाज से दिन अच्छा है। हर क्षेत्र में फायदा होगा। दोस्तों का साथ मिलेगा और नए दोस्त भी बनेंगे। आपके धन में वृद्धि होगी और भाग्य आपका पूरा साथ देगा।

### कन्या
आज दिन फायदे का है। आपकी संपत्ति में बढ़ोतरी होगी। ननिहाल से भी मान-सम्मान मिलेगा। पत्नी के परिवार से फायदा होगा। नौकरी में छिपे हुए दुश्मन आपके बारे में बुरा-भला कहेंगे, जिससे शाम को परेशानी हो सकती है। बिजनस में फायदा होगा और मन खुश रहेगा।

### मकर
आज दिन फायदेमंद रहेगा। पढ़ाई-लिखाई के क्षेत्र में किए गए बदलाव फायदेमंद रहेंगे। पढ़ाई में आपकी रुचि बढ़ेगी और आपको कामयाबी मिलेगी। नए काम सीखने में कामयाब होंगे। अपनी बातों को सही साबित करने में सफल रहेंगे। माता-पिता और गुरु का सम्मान करने से लाभ होगा। शाम को गाड़ी चलाते समय सावधान रहें, चोट लग सकती है।

### कुंभ
आज करियर में फायदा होगा। लेकिन आमदनी से अधिक खर्च होगा। बच्चों के अच्छे काम से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। अपने धैर्य और हुनर से दुश्मनों पर भी जीत हासिल करेंगे। शाम से रात तक प्यारे लोगों से मिलकर मन खुश रहेगा। घूमने-फिरने और मौज-मस्ती में समय बीतेगा। आपको धन लाभ होगा और आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं।

### मीन
आज करियर में फायदा होगा। आपकी विद्या, बुद्धि और ज्ञान में वृद्धि होगी। मेहनत से आपकी इच्छाएं पूरी होंगी। ऑफिस में लोगों से सम्मान मिलेगा। शाम को धार्मिक कामों में मन लगेगा। शुभ काम पर खर्च करने से आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आपके हर काम में भाग्य का साथ मिलेगा। आपको धन लाभ होगा और मान सम्मान में वृद्धि होने से मन को बहुत खुशी होगी। भाग्य साथ देगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### केरल के त्रिशूर में वरिष्ठ सिविल पुलिस अधिकारी ने की आत्महत्या

**त्रिशूर, एजेंसी।** केरल के त्रिशूर जिले में 52 वर्षीय एक वरिष्ठ सिविल पुलिस अधिकारी ने ट्रेन के सामने कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह घटना मंगलवार देर रात वडक्कनचेरी के पास हुई। पुलिस अधिकारी के अनुसार, मृतक की पहचान रमेश बाबू के रूप में हुई है जो नियंत्रण कक्ष में तैनात थे। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस पंचनामा की कार्यवाही कर रही है।

### केंद्र बुनियादी ढांचे के विकास में महाराष्ट्र की पहल को पूरा समर्थन देगा: गोयल



**मुंबई , एजेंसी।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आश्वासन दिया है कि केंद्र सरकार शहरी पुनर्विकास व बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने में महाराष्ट्र सरकार की पहल को हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। केंद्रीय मंत्री ने 25 फरवरी को मुंबई (उत्तर) में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार बेघर लोगों तथा उसी इलाके में कच्चे घरों में रहने वाले लोगों को पक्के मकान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। गोयल मुंबई (उत्तर) से लोकसभा सदस्य हैं। इस कार्यक्रम में उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के साथ मिलकर उत्तर मुंबई में 15 स्व-पुनर्विकसित 'हाउसिंग सोसायटी' की चाबियां बांटी। गोयल ने कहा कि मागाठाणे मेट्रो स्टेशन के पास 1,000 बिस्तर वाले अस्पताल का निर्माण तेजी से जारी है। साथ ही पश्चिम कांदिवली में 1,000 बिस्तर वाले एक अन्य अस्पताल के निर्माण की योजना है जिससे जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और सुविधा बढ़ेगी।

### बैंक कर्मी की हत्या का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**नोएडा, एजेंसी।** बैंक कर्मी की गोली मारकर हत्या के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने मंगलवार की देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना ईकोटेक-तीन क्षेत्र के डी पार्क के पास 21 फरवरी को बैंक कर्मी मनजीत मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अधिकारियों ने बताया कि मिश्रा की हत्या के मामले में उसके साले सहित दो लोगों को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने कहा कि जांच में पता चला कि यह हत्या 15 लाख रुपए की 'सुपारी' देकर करवाई गई थी। मिश्रा ने प्रेम विवाह किया था। उसका अपनी पत्नी से विवाद था।

# गुजरात से नवजात को लाकर तेलंगाना-आंध्र में बेचने वाला गिरोह पकड़ाया



**हैदराबाद, एजेंसी।**
तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद की राचकोंडा पुलिस ने एक ऐसे गिरोह को पर्दाफाश किया जो गुजरात से नवजात बच्चों को लाकर बेचा करता था. पुलिस ने कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया. इनमें बच्चों को बेचने में बिचौलिए की भूमिका निभाने वाले छह लोग और उन्हें खरीदने वाले पांच लोग शामिल हैं. पुलिस ने चारों बच्चों को रेस्क्यू कर उन्हें रंगारेड्डी जिले के सीडब्ल्यूसी अधिकारियों को सौंप दिया. गिरोह की मुख्य सरगना और उसकी सहयोगी फरार हैं.

**गुप्त सूचना पर कार्रवाई:** राचकोंडा पुलिस कमिश्नर सुधीर बाबू, मलकाजगिरी एसओटी इंस्पेक्टर जनैया, एडिशनल डीसीपी नरसिम्हा रेड्डी, डीसीपी रमना रेड्डी, एलबी नगर एसीपी कृष्णैया और चैतन्यपुरी इंस्पेक्टर वेंकटेश्वर राव ने मंगलवार 25 फरवरी को हैदराबाद में गिरोह के बारे में जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सुबह करीब छह बजे चैतन्यपुरी बस स्टॉप पर एक संदिग्ध महिला को कुछ अन्य लोगों के साथ रोका. उसके पास एक शिशु बरामद हुआ. पूछताछ में आरोपियों ने शिशुओं की खरीद-फरोख्त में शामिल होने की बात स्वीकार की.

**पुलिस कर रही जांच:** अधिकारियों के मुताबिक पूछताछ के बाद पुलिस एक अन्य महिला के घर पहुंची. जहां तीन और शिशु मिले. उन्होंने बताया कि एजेंट और मध्यस्थ के रूप में काम करने वाले आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने निःसंतान दंपतियों को जन्म और गोद लेने के प्रमाण पत्र देने के बहाने बुलाया था. पुलिस का कहना है कि वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि बच्चों को अगवा करके गुजरात लाया जा रहा है या फिर अभिभावकों को पैसे का लालच देकर अस्पतालों से खरीदा जा रहा है. मुख्य मास्टरमाइंड के पकड़े जाने पर और भी जानकारियां सामने आएंगी.

**कैसे काम करता था गिरोह:** गिरोह के सदस्य गुजरात से लाए गए बच्चों को बेचने के लिए एक जोड़े से 50 हजार रुपये तक कमीशन लेते थे. आरोपी केवल व्हाट्सएप कॉल करते थे. वे विशेष कोड के साथ लड़कियों और लड़कों को कॉल करते थे. नकली जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड बनाते थे और दावा करते थे कि बच्चे उन्हें खरीदने वाले जोड़े के हैं. इस तरह एक महीने के अंदर तीन बच्चे बेचे गए. मेडचल-मलकाजगिरी जिले के सुरराम की एक महिला की शादी 2016 में हुई थी. उसे कोई संतान न होने के कारण पति तलाक दे दिया था.

# यमुना एक्सप्रेसवे पर नई फिल्म सिटी के लिए बनेंगे 3-3 लेन के दो इंटरचेंज



**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।**
नई फिल्म सिटी के लिए यमुना एक्सप्रेसवे पर दोनों तरफ इंटरचेंज बनेंगे। इनकी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। दोनों इंटरचेंज करीब 480 मीटर लंबे और 11 मीटर चौड़े होंगे। इन्हें छह करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जाएगा।

यमुना प्राधिकरण ने दोनों इंटरचेंज के निर्माण को लेकर टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। एजेंसी चयन के बाद काम शुरू होगा। निर्माण कार्य इसी वर्ष पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि सेक्टर-21 में एक हजार एकड़ में अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी प्रस्तावित है। फिलहाल 230 एकड़ में प्रथम चरण के शिलान्यास की तैयारी चल रही है। यमुना एक्सप्रेसवे से फिल्म सिटी को सीधे जोड़ने के लिए फिलहाल इंटरचेंज नहीं है।

प्राधिकरण ने यमुना एक्सप्रेसवे पर जीरो पॉइंट से 21 किलोमीटर पर दो इंटरचेंज बनाने का निर्णय लिया है। दोनों इंटरचेंज भाईपुर गांव में बनेंगे। यहां पहले से अंडरपास बना हुआ है। ऐसे में वाहनों को उतरने के साथ ही एक्सप्रेसवे पर चढ़ने में भी कोई दिक्कत नहीं आएगी। दोनों तरफ इंटरचेंज तीन-तीन लेन के होंगे।

फिल्म सिटी के निर्माण के लिए 27 फरवरी के दिन कब्जा लिया जाएगा। फिल्म निर्माता बोनी कपूर परिवार के साथ जेवर जाकर जमीन का कब्जा लेंगे। प्रथम चरण की 230 एकड़ जमीन पर कब्जा देने की औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी। बोनी कपूर के साथ उनकी बेटी एवं बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर भी होंगी। अफसरों को मौके पर जाकर टेंट और अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के आदेश दिए गए हैं।

फिलहाल यमुना एक्सप्रेसवे पर जेवर टोल से पहले उतरने और चढ़ने की व्यवस्था नहीं है। नए इंटरचेंज के बनने से 21 किलोमीटर पर ही एक्सप्रेसवे पर बिना टोल उतरने और चढ़ने की सुविधा मिलेगी, जिससे जेवर से पहले रह रहे लोगों का सफर आसान बनेगा। लोगों को ज्यादा दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे उनका वक्त और ईंधन दोनों बचेगा। डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण ने कहा, नई फिल्म सिटी के लिए यमुना एक्सप्रेसवे के दोनों तरह उतरने और चढ़ने के लिए इंटरचेंज बनेंगे। इनकी रूपरेखा तैयार है। इनके निर्माण के लिए ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एजेंसी चयन के बाद काम शुरू होगा।

# बीड सरपंच हत्या मामले में उवल निकम को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र सरकार ने सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में जाने माने वकील उवल निकम को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया है. देशमुख के परिवार के सदस्यों ने भी ऐसी ही मांग की थी. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि राज्य सरकार ने संतोष देशमुख हत्या मामले में वरिष्ठ वकील उवल निकम को विशेष लोक अभियोजक और अधिवक्ता बालासाहेब कोल्हे को सहायक विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया है.

निकम ने 1993 में मुंबई में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों और 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकवादी हमलों जैसे कुछ हाई-प्रोफाइल मामलों में विशेष लोक अभियोजक के तौर पर सेवाएं दी थीं. बीड जिले के मसाजोग गांव के सरपंच देशमुख का नौ दिसंबर, 2024 को अपहरण कर उनकी हत्या कर दी गई थी. यह आरोप लगाया गया है कि इलाके में एक पवन ऊर्जा कंपनी से पैसे ऐंठने की कोशिश का विरोध करने पर उनकी हत्या कर दी गई. महाराष्ट्र के मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को हत्या की इस घटना के कुछ सप्ताह बाद जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया था. इस समय मामले की जांच राज्य आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) कर रहा है. इस जांच के तहत 150 से अधिक लोगों से पूछताछ की गई है और तीन संदिग्ध अब भी फरार हैं. बीड पुलिस ने हत्या के मामले में कई लोगों को गिरफ्तार किया है और वांछित आरोपियों को पकड़ने के लिए पोस्टर लगाकर आमजन से मदद भी मांगी है. यह मामला बीड जिले के केज पुलिस थाने में दर्ज है. भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं विधायक सुरेश धस ने फडणवीस से मुलाकात कर अनुरोध किया था कि अभियोजन पक्ष के मामले को मजबूत करने के लिए निकम को नियुक्त किया जाए.

### नेपाली छात्रा की आत्महत्या से संबंधित मामले में केआईआईटी के चार और अधिकारी तलब

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा सरकार ने बीटेक की 20 वर्षीय नेपाली छात्रा प्रकृति लम्साल की कथित आत्महत्या और उसके बाद परिसर में हुई अशांति की जांच कर रही उच्च स्तरीय समिति के समक्ष गवाही देने के लिए केआईआईटी के चार और अधिकारियों को बुलाया है। उच्च शिक्षा विभाग ने कलिंगा औद्योगिक प्रौद्योगिकी संस्थान (केआईआईटी) के 'चीफ प्रॉक्टर' पीके पटनायक, निदेशक संहिता मिश्रा, आंतरिक समिति की प्रमुख इप्सिता सत्पथी और सहायक निदेशक स्मारिका पति को तलब किया है।

मंगलवार को अलग-अलग अधिसूचनाओं में कहा गया कि उन्हें 27 फरवरी को अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) सत्यब्रत साहू की अध्यक्षता वाली समिति के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। इससे पहले, 21 फरवरी को केआईआईटी के संस्थापक अच्युत सामंत और विश्वविद्यालय के सात अन्य शीर्ष अधिकारी समिति के समक्ष पेश हुए थे।

# स्टालिन का आरोप, भाषा युद्ध के बीज बो रहा है केंद्र, राज्य पर हिंदी नहीं थोपने देंगे, अन्नामलाई ने किया पलटवार





**चेन्नई, एजेंसी।**
तमिलनाडु में भाषा को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने आज एक बार फिर से केंद्र पर हिंदी थोपने का आरोप लगाया और कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो राज्य एक और भाषा युद्ध के लिए तैयार है। उनकी टिप्पणी केंद्र की तीन-भाषा नीति पर बढ़ती चिंताओं के बीच आई है। स्टालिन ने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित एक पत्र में कहा, ''यही कारण है कि हम द्विभाषी नीति (तमिल और अंग्रेजी) का पालन कर रहे हैं।'' उन्होंने दावा किया कि भारत के कई राज्यों ने नीति पर तमिलनाडु द्वारा निर्धारित मार्ग और उसके दृढ़ रुख को समझा है और उन्होंने अपनी चिंताएं व्यक्त करना शुरू कर दिया है।

एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) ने लगातार तीन-भाषा नीति का विरोध किया है। सत्तारूढ़ दल ने बार-बार 1965 के हिंदी विरोधी आंदोलन का हवाला दिया है, जिसके दौरान द्रविड़ आंदोलन ने हिंदी थोपने का सफलतापूर्वक विरोध किया था। हिंदी का वर्चस्व समाप्त नहीं होने तक इसके खिलाफ संघर्ष जारी रखने का आश्वासन देते हुए स्टालिन ने कहा, ''हम एक आंदोलन के वंशज हैं, जिसमें एक सिद्धांतवादी सेना थी जिसने तमिल की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया।'' स्टालिन ने कहा कि 1965 से ही द्रमुक का अनेक बलिदान के माध्यम से हिंदी से मातृकी रक्षा करने का इतिहास रहा है।

स्टालिन ने कहा, ''प्रभुत्व का विरोध करना और मातृकी रक्षा करना द्रमुक के सदस्यों के खून में समाया हुआ है। यह भावना मेरे जीवन के अंत तक कम नहीं होगी।'' गत 21 और 22 फरवरी को कुड्डालोर की अपनी यात्रा को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि राज्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को स्वीकार नहीं करेगा, भले ही केंद्र तमिलनाडु को 10,000 करोड़ रुपये देने की पेशकश करे। इस पर कुड्डालोर की एक छोटी सी बच्ची नानमुखी ने कहा था, ''क्या होगा अगर केंद्र सरकार धन उपलब्ध नहीं कराती है? तब मैं दे दूंगी।''

इस बीच, तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई ने स्टालिन की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए भाषा नीति के मामले में द्रमुक पर पाखंड का आरोप लगाया।

# गाजियाबाद में महाशिवरात्रि पर 5 कांवड़ियों को बेकाबू कार ने रौंदा, दो सगे भाइयों सहित 3 की मौत

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद में एक दर्दनाक हादसा हो गया। हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौट रहे 5 शिवभक्तों को तेज रफ्तार कार ने रौंद डाला। घटना में दो सगे भाइयों सहित 3 कांवड़ियों की मौत हो गई, जबकि 2 अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनका इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार, यह दर्दनाक हादसा मंगलवार रात 1 बजे मुरादनगर थाना क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर हुआ। तीनों मृतक हरियाणा के फरीदाबाद जिले के रहने वाले हैं। मरने वालों में दो सगे भाई भी शामिल हैं। पीड़ित परिजनों की शिकायत पर भोजपुर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरीदाबाद के थाना तिगांव के महमूदपुर गांव निवासी राहुल ने भोजपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। राहुल का कहना है कि वह अपने चचेरे भाइयों देवेंद्र और हरेंद्र, थाना सेक्टर-75 फरीदाबाद के गांव खेड़ी निवासी अजय, सुनील और उसके भाई सुंदर तथा 15-20 साथियों के साथ कांवड़ लेने हरिद्वार गए थे। 25-26 फरवरी की देर रात करीब 1 बजे भोजपुर थाना क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से वापस लौट रहे थे। राहुल का कहना है कि एक बाइक पर उनके भाई देवेंद्र, हरेंद्र तथा अजय जबकि दूसरी बाइक पर सुनील और सुंदर कांवड़ का इंतजार करने के लिए सड़क किनारे रुक गए थे। वह तथा अन्य साथी उनसे कुछ दूर टेंपो में बैठे हुए थे। इसी दौरान तेज रफ्तार टाटा हैरियर गाड़ी कई वाहनों को ओवरटेक करती हुई आई और दोनों बाइक को रौंद डाला। टक्कर लगने से दोनों बाइकों पर सवार पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए मणिपाल अस्पताल ले जाने पर देवेंद्र, हरेंद्र और अजय को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि सुनील व सुंदर की हालत भी नाजुक बनी हुई है। डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि जिस गाड़ी ने टक्कर मारी है, वह मेरठ आरटीओ विभाग में पंजीकृत है। शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# 82 किमी दूरी 50 मिनट में होगी पूरी, मेरठ के मोदीपुरम से दिल्ली तक जून में दौड़ेगी नमो भारत ट्रेन



**मेरठ/गाजियाबाद , एजेंसी।**
मेरठ के मोदीपुरम से दिल्ली तक नमो भारत ट्रेन जून में दौड़ने लगेगी। इसके लिए एनसीआरटीसी की ओर से तेजी से तैयारी चल रही है। मेरठ में तीन चरणों में नमो भारत और मेरठ मेट्रो का संचालन होगा। एनसीआरटीसी के अनुसार मेरठ-दिल्ली रैपिड रेल कॉरिडोर हर हाल में जून तक संचालित होगा। इसके लिए अब मेरठ में मेरठ साउथ से मोदीपुरम के बीच 23 किलोमीटर कॉरिडोर पर लगातार फाइनल टच देने का काम चल रहा है। इसके तहत तीन चरणों में संचालन की तैयारी है। पहले चरण में मेरठ साउथ से शताब्दीनगर, दूसरे चरण में शताब्दीनगर से बेगमपुल और तीसरे चरण में बेगमपुल से मोदीपुरम तक नमो भारत और मेरठ मेट्रो का संचालन होगा। पहला चरण शताब्दीनगर तक मार्च के अंत तक, दूसरे चरण में बेगमपुल तक अप्रैल-मई और तीसरे चरण में मोदीपरम तक जून अंत में पूर्ण हो जाएगा। मेरठ के मोदीपुरम से दिल्ली के सराय काले खां तक 82 किलोमीटर का सफर कॉरिडोर पर 50 मिनट में तय होगा। वर्तमान में 55 किलोमीटर का सफर मेरठ साउथ से न्यू अशोक नगर के बीच हो रहा है, जिसमें करीब 35 से 40 मिनट का समय लग रहा है।मेरठ में रैपिड रेल कॉरिडोर में बेगमपुल के अलावा मेरठ में मेरठ सेंट्रल और भैंसाली भी अंडरग्राउंड स्टेशन हैं, लेकिन इन पर केवल मेरठ मेट्रो की सुविधा मिलेगी। नमो भारत और मेरठ मेट्रो की सुविधा शहर में मेरठ साउथ, शताब्दी नगर, बेगमपुल और मोदीपुरम स्टेशन पर ही मिलेगी। मेरठ मेट्रो और नमो भारत के लिए 23 किलोमीटर के सेक्शन में शहर में कुल 13 स्टेशन बनाए जा रहे हैं।

# चारधाम यात्रा 2025: केदारनाथ के कपाट खुलने की तिथि घोषित, 2 मई को सुबह 7 बजे से होंगे बाबा के दर्शन



**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।**
चारधाम यात्रा के लिए केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि की घोषणा हो गई है. आज महाशिवरात्रि पर बाबा केदारनाथ के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में विधि विधान के साथ कपाट खोलने का दिन, समय और लग्न घोषित किया गया. केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि घोषितः केदारनाथ धाम के रावल पंडित भीमशंकर लिंग ने गणना करके घोषणा की कि चारधाम यात्रा 2025 के लिए केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई की प्रातः 7 बजे वृष लग्न में खुलेंगे. 2024 की चारधाम यात्रा संपन्न होने के बाद से बाबा केदारनाथ की उत्सव डोली उनके शीतकालीन गद्दीस्थल ऊखीमठ के ओंकारेश्वर मंदिर में है. इन दिनों ओंकारेश्वर मंदिर में ही बाबा केदार के दर्शन हो रहे हैं. वहीं महाशिवरात्रि पर्व को लेकर भक्तों में खासा उत्साह बना हुआ है. शिव पार्वती विवाह स्थल त्रियुगी नारायण में सुबह से ही भक्त उमड़े हुए हैं. 2 मई को खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाटः 27 अप्रैल को भगवान भैरवनाथ की पूजा होगी. जबकि बाबा केदार की पंचमुखी डोली 28 अप्रैल को ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ से केदारनाथ धाम प्रस्थान करेगी. आज शिवरात्रि के पावन अवसर पर ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में केदारनाथ धाम रावल भीमाशंकर लिंग, केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, दायित्व धारी चंडीप्रसाद भट्ट एवं श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल सहित पंचगाई समिति पदाधिकारियों तथा सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में धर्माचार्यों वेदपाठियों द्वारा पंचाग गणना पश्चात विधि-विधान से केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय हुई.

**फूलों से सजाया गया ओंकारेश्वर मंदिर:** इस अवसर पर श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया. सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुजन श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ दर्शन को पहुंचे. इस अवसर पर भोलेनाथ के भजन कीर्तन का आयोजन भी हुआ तथा श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरण किया. कपाट खुलने की तिथि तय होने के साथ ही भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली के श्री केदारनाथ धाम प्रस्थान का कार्यक्रम भी घोषित हो गया.

**केदारनाथ यात्रा की तैयारियां शुरू:** बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय होने के अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी हैं. उन्होंने बताया कि श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय होते ही यात्रा की केदारनाथ धाम यात्रा तैयारियों को अधिक गति मिलेगी. मंदिर समिति के स्तर से भी श्री केदारनाथ यात्रा तैयारियां की जा रही हैं.

**27 अप्रैल को भैरवनाथ की पूजा:** विजय प्रसाद थपलियाल ने कहा कि कपाट खुलने की तिथि तय होने के साथ ही भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली के श्री केदारनाथ धाम प्रस्थान का कार्यक्रम भी घोषित हो गया. पंचमुखी डोली के केदारनाथ धाम प्रस्थान कार्यक्रम के तहत 27 अप्रैल को भगवान भैरवनाथ जी की पूजा-अर्चना होगी. श्री केदारनाथ भगवान की पंचमुखी डोली 28 अप्रैल को श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ से प्रस्थान कर रात्रि प्रवास हेतु प्रथम पड़ाव श्री विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी पहुंचेगी। 29 अप्रैल को श्री विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी से रात्रि प्रवास हेतु द्वितीय पड़ाव फाटा को प्रस्थान करेगी। 30 अप्रैल को फाटा से रात्रि प्रवास हेतु तृतीय पड़ाव गौरादेवी मंदिर गौरीकुंड पहुंचेगी। 1 मई शाम को भगवान केदारनाथ जी की पंचमुखी डोली श्री केदारनाथ धाम पहुंच जायेगी। 2 मई शुक्रवार को प्रातः 7 बजे वृष लग्न में श्री केदारनाथ धाम के कपाट तीर्थयात्रियों के दर्शनार्थ खुलेंगे पुजारियों के नाम घोषितः बीकेटीसी अधिशासी अभियंता अनिल ध्यानी ने बताया कि श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय हो गयी है.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# दुबई से भारत लौटा टीम इंडिया का ये स्टार खिलाड़ी

## भगवान शिव के मंदिर में लगाई हाजिरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी के मिशन में शानदार तरीके से आगे बढ़ रही है. पहले बांग्लादेश और फिर पाकिस्तान को मात देने के बाद टीम इंडिया ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है. इसी बीच टीम इंडिया का एक खिलाड़ी दुबई से लौटने के बाद भगवान शिव के मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचा. यहां बात हो रही है तिलक वर्मा की. जो भारत-पाकिस्तान मैच का लुत्फ स्टेडियम से लेते हुए नजर आए थे लेकिन अब वो महाशिवरात्रि के खास मौके पर मुंबई के बाबुलनाथ मंदिर में पहुंचें. जहां उन्होंने दीपक चाहर और कर्ण शर्मा के साथ भगवान शिव के दर्शन किए.



**दीपक-कर्ण के साथ किए बाबुलनाथ मंदिर में दर्शन** – भारत के स्टार खिलाड़ी तिलक वर्मा स्पिनर कर्ण शर्मा और पेसर दीपक चाहर के साथ मुंबई के भगवान शिव के लोकप्रिय बाबुलनाथ मंदिर में पहुंचें. बुधवार को देश दुनिया में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है इस खास मौके पर इन तीनों भारतीय खिलाड़ियों ने भी महादेव के मंदिर में हाजिरी लगाई और भगवान का आशीर्वाद लिया. सोशल मीडिया पर तिलक ने एक तस्वीर शेयर की है जिसमें तीनों के माथे पर तिलक लगा हुआ है और गले में रुद्राक्ष की माला नजर आ रही है. तीनों ही मंदिर परिसर में खड़े हुए हैं. तिलक वर्मा ने तस्वीर शेयर करते हुए 'हर हर महादेव' लिखा है.

**22 मार्च से शुरू होगा आईपीएल 2025** – आईपीएल के अगले सीजन की शुरुआत 22 मार्च से होगी. पहला मैच डिफेंडिंग चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा. खिताबी मुकाबला भी इसी मैदान पर 25 मई को होगा. फाइनल सहित कुल 74 मैच इस दौरान खेले जाएंगे. 10 टीमें एक बार फिर से खिताब के लिए भिड़ेंगी ।

### मुंबई इंडियंस के लिए साथ खेलेंगे तीनों खिलाड़ी

गौरतलब है कि दीपक चाहर, तिलक वर्मा और कर्ण शर्मा आईपीएल 2025 में एक ही टीम मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए नजर आएंगे. दीपक को मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 की नीलामी के दौरान 9.25 करोड़ रुपये में खरीदा था. स्पिनर कर्ण शर्मा को मुंबई ने 50 लाख रुपये की कीमत में अपने साथ जोड़ा था जबकि तिलक पहले से ही इस टीम का हिस्सा हैं. उन्हें मुंबई ने 8 करोड़ रुपये में रिटेन किया है.

# बुमराह ने सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी सम्मान पर कहा, मैंने अपने बचपन के नायकों को यह पुरस्कार जीतते देखा है

**दुबई, एजेंसी।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, जिन्होंने दुबई में अपने आईसीसी पुरस्कार और टीम ऑफ द ईयर कैप प्राप्त करके एक शानदार 2024 का समापन किया, ने सभी प्रारूपों में भारत के लिए अपने ऐतिहासिक प्रदर्शन और आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी जीतने के बारे में बात की है और कहा है कि वह सम्मान हासिल करना अवास्तविक लगता है जो कभी उनके बचपन के नायकों ने जीता था। बुमराह को आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर, आईसीसी पुरुष टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर नामित किया गया और उन्हें आईसीसी पुरुष टेस्ट टीम ऑफ द ईयर और आईसीसी टी20आई टीम ऑफ द ईयर में शामिल किया गया। 31 वर्षीय तेज गेंदबाज ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत के बहुप्रतीक्षित चैंपियंस ट्रॉफी मैच से पहले अपना आईसीसी सम्मान प्राप्त किया। आईसीसी ने आईसीसी पुरस्कार प्राप्त करने के बाद बुमराह के हवाले से कहा, यह वास्तव में अच्छा लगता है। बचपन में मैंने अपने कुछ नायकों को यह (सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी) पुरस्कार जीतते देखा था। ऐसा सम्मान मिलना हमेशा सौभाग्य की बात होती है।

2024 में, बुमराह टेस्ट में विकेट लेने वाले चार्ट में शीर्ष पर रहे और वेस्टइंडीज और यूएसए में पुरुषों के टी20 विश्व कप में शानदार अभियान के साथ भारत को 11 वर्षों में अपना पहला आईसीसी खिताब दिलाया। सबसे लंबे प्रारूप में गेंद से दबदबे वाले इस साल में इस तेज गेंदबाज ने सिर्फ 14.92 की शानदार औसत से 71 विकेट लिए - जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ रिटर्न है और उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 19 अधिक है। दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और बांग्लादेश के खिलाफ सनसनीखेज स्पैल के साथ भारत के गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करते हुए, बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया में एक आकर्षक बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला में शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में समाप्त करके एक शानदार वर्ष का समापन किया। बुमराह का असाधारण प्रदर्शन टेस्ट से आगे बढ़कर भारत के विजयी पुरुष टी20 विश्व कप अभियान तक भी बढ़ा, जिसमें उन्होंने सिर्फ 8.26 की औसत से 15 विकेट लिए और समान रूप से प्रभावशाली इकॉनमी रेट सिर्फ 4.17 निकाला। बीते साल को याद करते हुए बुमराह ने कहा, हमने जो टी20 विश्व कप जीता, वह हमेशा खास रहेगा और मेरे दिमाग में रहेगा। जाहिर है, इस साल मेरे दिमाग में बहुत कुछ सीखने को भी मिला। हमने काफी टेस्ट क्रिकेट खेला; हमें कई अलग-अलग अनुभव मिले, इसलिए हां, मैं बहुत खुश हूं, और उम्मीद है कि आगे बेहतर चीजें होंगी। जबकि बुमराह इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर लगी पीठ की चोट के कारण भारत की चैंपियंस ट्रॉफी टीम से बाहर हो गए थे, इस तेज गेंदबाज ने अपने हमवतन तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी पर खुलकर बात की, जिन्होंने लंबे समय से चोट से वापसी की और बांग्लादेश के खिलाफ भारत की शुरुआती जीत में पांच विकेट लेकर स्टार बने। बुमराह ने कहा, मैं उनके लिए वाकई बहुत खुश हूं। जाहिर है कि वह इतने लंबे समय से चोट से जूझ रहे हैं। इससे काफी नुकसान होता है। लेकिन वह बहुत खुश और बहुत सकारात्मक हैं। अच्छा लग रहा है; उनके पास कौशल है, जाहिर है; यह कभी खत्म नहीं होगा। वह जितना अधिक खेलेंगे, उनका आत्मविश्वास उतना ही बढ़ेगा, और उम्मीद है कि वह टीम को आगे बढ़ने में मदद करेंगे।



## मैं केकेआर की कप्तानी के लिए निश्चित रूप से तैयार हूं : वेंकटेश अय्यर

**कोलकाता, एजेंसी।** वेंकटेश अय्यर को अगर मौका मिलता है, तो वह कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की कप्तानी करने के लिए निश्चित रूप से तैयार हैं। हालांकि अय्यर (30) ने कभी भी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में कप्तानी नहीं की है। रिटेन ना करने के बाद केकेआर ने बड़ी नीलामी में अय्यर को 23.75 करोड़



रूपये के बड़े मूल्य पर खरीदा था। वह अजिंक्य रहाणे के साथ केकेआर की कप्तानी के प्रबल दावेदार हैं। पिछले साल केकेआर को खिताब जिताने के बाद श्रेयस अय्यर अब पंजाब किंग्स की तरफ जा चुके हैं। तब से केकेआर के कप्तान की जगह खाली है। बात करते हुए अय्यर ने कहा, मैंने हमेशा यह कहा है कि कप्तानी बस एक पद है, मैं लीडरशिप पर भरोसा करता हूं। यह एक बड़ी भूमिका है। कई बार कप्तानी ना होते हुए भी आप ड्रेसिंग रूम के लीडर हो सकते हैं। आपको इसके लिए उदाहरण सेट करने पड़ते हैं। आपको मैदान और मैदान से बाहर एक अच्छा रोलमॉडल बनना पड़ता है। उन्होंने आगे कहा, मध्य प्रदेश की टीम का मैं कप्तान नहीं हूं, लेकिन मैं वहां यही कर रहा हूं। वहां मेरी राय को सराहा जाता है। मैं हमेशा से ऐसा व्यक्ति ही बनना चाहता हूं। अगर कप्तानी मेरे पास आती है, मैं निश्चित रूप से उसे निभाऊंगा। ऐसा कोई कारण नहीं है कि मैं इस भूमिका को ना स्वीकारूं। अय्यर ने 2021 में आईपीएल डेब्यू किया था और तब से वह शीर्ष से निचले क्रम तक खेलते हुए उनके लिए 137 के स्ट्राइक रेट से 51 मैचों में 1326 रन बना चुके हैं।

दुबई ओपन

## दुबई ओपन के पहले दौर के मुकाबले में हारे रुबलेव, तीन दिन पहले जीता था कतर ओपन



**दुबई, एजेंसी।** विश्व में 77वीं रैंकिंग के खिलाड़ी हेलिस की शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है। उनका अगला मुकाबला रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट से होगा। रूस के तीसरी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव कतर ओपन खिताब के तीन दिन बाद दुबई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में क्वालीफायर क्वेंटिन हेलिस से 3-6, 6-4, 7-6 (5) से हारकर बाहर हो गए। विश्व में 77वीं रैंकिंग के खिलाड़ी हेलिस की शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है। उनका अगला मुकाबला रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट से होगा। एक अन्य मैच में शीर्ष वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-4, 7-6 (4) से हराया। उनका अगला मुकाबला जियोवानी एमपेत्शी पेरिकार्ड से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर 2014 के अमेरिकी ओपन चैंपियन मारिन सिलिच से 6-2, 3-6, 6-3 से हार गए। नूनो बोर्जेस ने आठवीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 6-2, 6-1 से हराया। दूसरे दौर में पहुंचने वाले अन्य खिलाड़ियों में पांचवीं वरीयता प्राप्त उगो हम्बर्ट, माटेओ बेरेटिनी, फेलिक्स ऑगर अलियासिमे और क्वालीफायर क्रिस्टोफर ओकोनेल शामिल हैं।

आईसीसी रैंकिंग

# शतक लगाकर विराट कोहली ने लगाई छलांग, गिल अभी भी नंबर एक

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली मौजूदा आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी पुरुष वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग के शीर्ष 5 में फिर से शामिल हो गए हैं। कोहली ने दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ शतक लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई थी। जिसका उन्हें आईसीसी रैंकिंग में फायदा हुआ है। इसके साथ, भारत के अब शीर्ष 5 में 3 बल्लेबाज शामिल हो गए हैं, क्योंकि सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (प्रथम) और कप्तान रोहित शर्मा (तीसरे) शीर्ष पर अपना स्थान बनाए हुए हैं। गिल ने विशेष रूप से नंबर 1 रैंकिंग पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है, जिससे पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम पर उनकी बढ़त 47 रेटिंग अंकों की हो गई है, जो चैंपियंस ट्रॉफी में अब तक कमजोर प्रदर्शन के बावजूद दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।

न्यूजीलैंड के विल यंग ने बड़ी छलांग लगाई है। वह अपने हालिया प्रदर्शन के बाद 8 पायदान चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि इंग्लैंड के बेन डकेट (27 पायदान ऊपर संयुक्त 17वें स्थान पर) और न्यूजीलैंड के हरफनमौला खिलाड़ी



रचिन रवींद्र (18 पायदान ऊपर 24वें स्थान पर) टूर्नामेंट में अपने प्रभावशाली शतकों के बाद आगे बढ़ गए हैं।

भारत के केएल राहुल (दो पायदान ऊपर 15वें) और दक्षिण अफ्रीका के रासी वान डेर डुसेन (तीन पायदान ऊपर 16वें) भी शीर्ष 10 के करीब पहुंच गए हैं। गेंदबाजी विभाग में, श्रीलंका के महेश थीक्षाना ने चैंपियंस ट्रॉफी में श्रीलंका की अनुपस्थिति के बावजूद नंबर 1 रैंकिंग बरकरार रखी है। दूसरे स्थान पर अफगानिस्तान के राशिद खान उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी बने हुए हैं।

इस बीच, दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज (एक स्थान ऊपर चौथे स्थान पर), न्यूजीलैंड के मैट हेनरी (दो स्थान ऊपर छठे स्थान पर), और ऑस्ट्रेलिया के एडम ज़म्पा (दो स्थान ऊपर 10वें) सभी ने अपनी स्थिति में सुधार किया है। तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा (चार पायदान ऊपर 16वें स्थान पर) और न्यूजीलैंड के माइकल ब्रेसवेल (31 पायदान ऊपर 26वें स्थान पर) सबसे अधिक लाभ पाने वालों में से हैं। ब्रेसवेल के हालिया प्रदर्शन ने उन्हें हरफनमौला खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी आगे बढ़ाया है और रावलपिंडी में बांग्लादेश के खिलाफ चार विकेट लेने के बाद वह 26 स्थान की छलांग लगाकर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके साथी रवींद्र (छह स्थान ऊपर 15वें) को भी इस श्रेणी में फायदा हुआ है। अफगानिस्तान के अनुभवी मोहम्मद नबी वनडे ऑलराउंडरों में शीर्ष स्थान पर कायम हैं।

## मेरे अंदर अब भी वह भूख है कि मैं और बेहतर कर सकती हूं : सिंधू

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने मंगलवार को खिलाड़ियों के लिए कड़ी मेहनत और निराशाओं से जल्दी आगे बढ़ने पर जोर दिया और साथ ही कहा कि उनमें अब भी उच्चतम स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की भूख है। सिंधू ने कहा कि भले ही निराशा और थकान के कई दिन हों लेकिन



एक खिलाड़ी को अनुशासन नहीं खोना चाहिए क्योंकि कोई नहीं जानता कि मैदान पर यह कब उसके काम आ जाए।

सिंधू ने मंगलवार को कहा कि आपको यह उम्मीद रखनी चाहिए कि आपको वहां टिके रहना है और आपको इसे हर एक दिन करते रहना है और यह एक दिन सामने आएगा। उन्होंने कहा कि लोग कह सकते हैं कि आपके पास सब कुछ है, आपको और क्या चाहिए? लेकिन मुझे लगता है कि खेल के प्रति जुनून और मेरे अंदर अब भी वह भूख है कि हां, मैं और बेहतर कर सकती हूं।

सिंधू ने कहा कि ये जीत मुझे बहुत आत्मविश्वास देती हैं और अगले स्तर पर जाने के लिए प्रोत्साहित करती हैं इसलिए मैं कहती हूं कि हर दिन एक नया दिन है और हर दिन एक प्रक्रिया है। भले ही कुछ बुरे दिन हों लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि आप उन्हें जाने दें तथा और भी अधिक मजबूत होकर वापस आएं। सिंधू ने कहा कि ट्रेनिंग की कठोरता, निराशा के साथ-साथ सफलता का सामना करना एक सतत प्रक्रिया है और एक खिलाड़ी को इससे जुड़े रहना चाहिए।

# रावलपिंडी में पाकिस्तान के लिए नाक की

## आखिरी लीग मैच में पाकिस्तान की टक्कर बांग्लादेश के साथ

**रावलपिंडी (एजेंसी)।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का 9वां मुकाबला मेजबान पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमें इस मुकाबले के लिए रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम के मैदान पर उतरेंगी। मेजबान पाकिस्तान और बांग्लादेश के लिए यह मुकाबला अब महज एक औपचारिकता मात्र रह गई है, क्योंकि ये दोनों टीमें ग्रुप ए में सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो चुकी है। ऐसे में पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों टीमों की कोशिश होगी कि वह जीत के साथ चैंपियंस ट्रॉफी के अपने अभियान का अंत करे।

रावलपिंडी के मैदान पर चैंपियंस ट्रॉफी में पिछला मुकाबला बारिश के कारण धुल गया था। इस कारण पिच का मिजाज पढ़ पाना दोनों ही टीमों के लिए आसान नहीं रहने वाला है। हालांकि, इस मैदान पर माना जाता है कि खूब रन बनते हैं। यही वजह है कि अगर मुकाबला होता है तो एक हाई स्कोरिंग टक्कर देखने को मिल सकती है। ऐसे में आइए जानते हैं इस मैच के लिए कैसी होगी पिच।

**क्या रहता है रावलपिंडी के पिच का मिजाज** – पाकिस्तान के रावलपिंडी के मैदान के पिच को बैटिंग फ्रेंडली माना जाता है। इस मैदान पर कुल 27 वनडे मैच खेले जा चुके हैं जिसमें से 15 बार दूसरी पारी में बैटिंग करने वाली टीम ने जीत हासिल की है। वहीं 11 मैचों में पहले खेलने वाली टीम को सफलता मिली है। ऐसे में इस पिच पर टॉस की भूमिका काफी अहम हो जाएगी। क्योंकि टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करना पसंद करेगी। दूसरी पारी में ओस कारण गेंदबाजी करना काफी मुश्किल हो जाता है। इस मैदान के कुछ आंकड़ों को देखें तो पहली पारी में यहां का औसत स्कोर 242 रन का है जबकि दूसरी पारी में यह 214 रन है।

# दीपक हुड्डा से इंटरनेशनल बॉक्सर स्वीटी बूरा ले रहीं तलाक, कहा

## पति नहीं कसाई, सांस रुकने तक पीटता है... 'दहेज लोभी'

नई दिल्ली (एजेंसी)। जब मन होता है पीट देता है, सांस रुकने तक मारता है, कई दिनों तक घर में बंद कर देता है, दहेज में उसे एक करोड़ और फॉर्च्यूनर चाहिए, जिसके लिए उसने सब कुछ छोड़ा वो पति असल में कसाई निकला... यह आरोप या यूं कहे लें आप बीती किसी और की नहीं, बल्कि भारत की शान इंटरनेशनल बॉक्सर स्वीटी बूरा की है। वह कबड्डी खिलाड़ी पति दीपक हुड्डा से अलग हो रही हैं। स्वीटी बूरा के एक बेहद करीब फैमिली मेंबर ने नवभारत टाइम्स से बातचीत करते हुए बॉक्सर पर बीते जुल्मों की कहानी बयां की। स्वीटी पर दीपक के अत्याचारों को बताते हुए उनके भी आंखों में आंसू आ गए।

स्वीटी के करीबी ने मीडिया से बातचीत में कहा- हां, खबर सही है वे अलग हो रहे हैं। बेचारी का रो-रोकर बुरा हाल है। दीपक उसे पीटता था। बुरी तरह से टॉर्चर करता था। यह शादी उसके लिए जिंदगी बर्बाद करने वाली साबित हुई। इंटरनेशनल बॉक्सर है। इनकम टैक्स ऑफिसर है। उसे भले किस बात की कमी है, लेकिन इसके बावजूद दीपक की सनक अलग है। वह दहेज के लिए भी परेशान करता था। उसे एक करोड़ रुपये और फॉर्च्यूनर चाहिए। बता दें कि 7 जुलाई, 2022 को स्वीटी और दीपक ने शादी की थी।



दीपक हुड्डा खुद भारत के लिए खेल चुके हैं। वह कबड्डी की दुनिया में बड़े नामों में शामिल हैं। वह भारत की विश्व विजेता टीम का भी हिस्सा थे। उनके बीच लंबा अफेयर चला था, जो शादी पर खत्म हुआ। स्वीटी के करीबी ने साथ ही बताया कि जब दीपक गरीबी में था उनके पास घर तक नहीं था तो स्वीटी और हमने सपोर्ट किया। वह कच्चे घर में रहता था। हमने उसे अपनाया। इसके बाद वह बड़े नाम बना। और देखिए, अब हमारी ही बेटी पर ज्यादती कर रहा है।

मीडिया सूत्रों के अनुसार, स्वीटी ने दीपक की रोज-रोज की मारपीट और प्रताड़ना से तंग आकर 11 फरवरी को हिसार में तलाक का केस फाइल किया है। वह सिर्फ दीपक से अलग रहना चाहती है, लेकिन दीपक की ऐसी मंशा नहीं है। वह क्यों एक अमीर लड़की को छोड़ेगा? वह तो सिर्फ पैसा चाहता है। साथ ही उन्होंने बताया कि शादी से चार दिन पहले तक सब कुछ ठीक था, लेकिन उसके बाद दीपक ने ड्रामा शुरू किया। उसने एक बड़ी गाड़ी फॉर्च्यूनर और एक करोड़ रुपये की मांग की। इस पर स्वीटी ने शादी से इनकार कर दिया। फिर इज्जत जाती देख दीपक के पिता ने उसे समझाया और समझौता कराया।

**कई बार हो चुकी है पंचायत, दीपक आदत से बाज नहीं आता** – स्वीटी के रिलेटिव ने बताया- शादी के कुछ दिन बात तक सब कुछ ठीक था, लेकिन फिर उसने मारना-पीटना शुरू कर दिया।

## न्यूज बाइट्स

### महापुरुषों के सम्मान में आज निकलेगा मशाल जुलूस

**औरंगाबाद (एसवीवी सं.)।** विरासत बचाओं संघर्ष परिषद के तत्वावधान में गुरुवार की शाम 5 बजे मशाल जुलूस के साथ आक्रोश मार्च निकाला जायेगा। अध्यक्ष सतेंद्र यादव ने बताया कि महापुरुषों को उचित सम्मान दिलाने को लेकर 27 फ़रवरी की शाम मशाल जुलूस के साथ आक्रोश मार्च निकाला जाएगा, जो शहर के गांधी मैदान से रमेश चौक तक जायेगा। जिले के कई महापुरुषों को राजनीतिक व सामाजिक रूप से वर्षों से उपेक्षित रखा गया हैं। जबकि उन महापुरुषों का चाहे देश की आज़ादी या औरंगाबाद जिला बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर महापुरुषों के साथ खिलवाड़ करेगा, तो उसे कानून के दायरे में लाकर कड़ी सजा दिलवाई जाएगी। किसी भी रूप में अपमान स्वीकार नहीं किया जाएगा। कहा कि महापुरुषों के प्रति प्रत्येक सभी के मन में कृतज्ञता का भाव होना चाहिए। उन्होंने लोगों से आग्रह हैं कि ज्यादा से ज़्यादा संख्या में भाग ले और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### नीतीश बिहार के आधुनिक भगीरथ जैसे : नवल

**पटना (नि. सं.)।** यूनाईटेड (जदयू) प्रवक्ता नवल शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश बिहार के आधुनिक भगीरथ जैसे हैं, जिन्होंने अपनी शासकीय साधना से बिहार की धरती पर सुशासन और विकास की गंगा को उतारा है। श्री शर्मा ने बुधवार को कहा कि श्री कुमार के नाम के साथ दो चीजें हमेशा के लिए जुड़ गई हैं। सुशासन बाबू और विकासपुरुष। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और लालू राज के भ्रष्टाचार,अपहरण,रंगबाजी, जातीय संहार और आर्थिक गतिहीनता से क्षत विक्षत बिहार में ठोस शासनतंत्र की स्थापना,चारों ओर विकास की बयार,बिहारी अस्मिता का जागरण और नागरिकों के स्वतंत्र अधिकार की बहाली, ये ऐसे भागीरथ कार्य हैं जिनके लिए श्री कुमार को सदैव याद किया जाएगा।

### गंगा में बॉलीवॉल खेलने के चक्कर में 6 युवक डूबे, 2 की हुई मौत, 4 लापता

**पटना (नि. सं.)।** पटना के कलेक्ट्रेट घाट पर नहाने के दौरान 6 युवक डूब गए। दो की मौत हो गई है। सभी गंगा में बॉलीवॉल लेकर गए थे। वहां नदी में खेल रहे थे। इस दौरान ही डूब गए। चार को खोजा जा रहा है। मौके पर एसडीआरएफ की दो टीम और गांधी मैदान थाने की पुलिस पहुंची थी। चार युवक को खोजा जा रहा है। मरने वाले लड़कों में अभिषेक (25) और रजनीश (21) है। दोनों कृष्णा निवास यादव लेन लॉज पटना कॉलेज के रहने वाले वाले थे। दरअसल, 6 लड़के आशीष, सचिन, विशाल, रजनीश, अभिषेक और गोलू पटना के कलेक्ट्रेट घाट पर गंगा नदी में नहाने गए थे। गोलू तैरना नहीं जानता था। बाकी सब थोड़ा बहुत तैरना जानते थे। गोलू नदी में नहीं गया। बाकी 5 नदी में नहाने चले गए। ये लोग एक वॉलीबॉल का बॉल लेकर गए थे।। पांचों नदी में बॉल से खेलने लगे। इस दौरान आशीष और सचिन गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। बाकी के लड़के दोनों को बचाने का प्रयास करने लगे। बचाने के चक्कर में तीनों डूबने लगे।

### 10 करोड़ के गोल्ड लोन घोटाले में एफआईआर दर्ज

**पटना (नि. सं.)।** बिहार के बाढ़ में बैंक ऑफ इंडिया की ढीबर शाखा में बड़ा गोल्ड लोन घोटाला सामने आया है। 23 खाताधारकों ने एक सोनार की मिलीभगत से नकली सोना गिरवी रखकर करोड़ों रुपए का लोन लिया। शाखा प्रबंधक राहुल कुमार ने इस मामले में 20 फरवरी को एफआईआर दर्ज कराई है। साल 2021-22 में 23 खाताधारकों ने गोल्ड लोन के लिए आवेदन किया था। बैंक ने बख्तियारपुर के ईपैनल सोनार सुमित कुमार से सोने का मूल्यांकन कराया। सोनार ने फर्जी सर्टिफिकेट जारी कर दिया और खाताधारकों ने नकली सोना गिरवी रखकर करीब एक करोड़ रुपए का लोन ले लिया। घोटाला तब उजागर हुआ जब वार्षिक पुनर्मूल्यांकन के दौरान पटना सिटी के हाजीगंज स्थित कन्या ज्वेलर्स के सोनार आशीष कुमार ने जांच में गिरवी रखे गए सोने को नकली पाया।

# नाबालिग की गला रेतकर हत्या घर से 500 मीटर दूर मिला शव

- चार दिन से लापता था 7वीं का छात्र

**निज संवाददाता | कुटुंबा (औरंगाबाद)**



जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत एरका गांव में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। बदमाशों ने 12 साल के एक नाबालिग की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी। नाबालिग पिछले चार दिनों से लापता था और बुधवार सुबह उसका शव गांव के ही खेत में बरामद किया गया। घटना स्थल मृतक के घर से मात्र 500 मीटर की दूरी पर है। मृतक की पहचान अंकित कुमार के रूप में हुई है, जो एरका गांव के रहने वाले जिम्मदार पासवान का बेटा था।

अंकित अपने चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था। दो भाई और उसके पिता मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। वह गांव के सरकारी स्कूल में सातवीं कक्षा का छात्र था। रविवार की शाम वह समोसा खाने के लिए एरका कॉलोनी के पास लगने वाले ठेले पर गया था, लेकिन उसके बाद घर नहीं लौटा। रात 8 बजे तक जब वह वापस नहीं आया तो परिवार को चिंता हुई और उसकी खोजबीन शुरू हुई। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल पाया।

बुधवार की सुबह गांव के ही अभय कुमार जब खेत की ओर गए, तो उन्होंने वहां अंकित का शव देखा। तुरंत उन्होंने इसकी जानकारी मृतक के परिजनों को दी। खबर मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई और देखते ही देखते घटनास्थल पर भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कुटुंबा थानाध्यक्ष अक्षयवार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को ऑटो में पोस्टमार्टम के लिए ले जाने का विरोध किया और एनएच 139 पर सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पाकर अंबा थानाध्यक्ष राहुल राज और सिमरा थानाध्यक्ष आकाश कुमार मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। खबर लिखे जाने तक सड़क पर जाम जारी था और लोग पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे।

मृतक के परिजनों का कहना है कि अंकित के लापता होने की सूचना सोमवार को ही पुलिस को दे दी गई थी, लेकिन पुलिस ने कोई तत्परता नहीं दिखाई। अगर पुलिस ने समय रहते कार्रवाई की होती तो अंकित की जान बच सकती थी। परिजनों ने कुटुंबा थानाध्यक्ष अक्षयवार सिंह पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। हालांकि, अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। घटना से गांव में मातम का माहौल है और परिजन न्याय की गुहार लगा रहे हैं।

#### दुश्मनी के कारण हुई हत्या

अंकित की मां कमला देवी ने बताया कि गांव के ही दो लोगों के साथ पहले से उनका विवाद चल रहा था और उन्हीं लोगों ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि अंकित रविवार को दिनभर उनके साथ था, दोपहर तीन बजे वह घर आया और शाम को गांव में ही खेलता रहा। शाम 7 बजे तक वह बच्चों के साथ कबड्डी खेल रहा था और 8 बजे उसने एक दुकान से नमकीन खरीदी थी। इसके बाद वह घर की ओर बढ़ा, लेकिन रास्ते में ही लापता हो गया। कमला देवी ने बताया कि गांव के अशोक पासवान से उनकी पुरानी दुश्मनी थी। अशोक पासवान ने पहले भी उनके पति पर हमला करवाया था और कोर्ट में मामला चल रहा था। इसी तरह, गांव के ही जगदीश राम से भी विवाद था। करीब 15-20 दिन पहले जगदीश राम और अंकित के बीच झगड़ा हुआ था। उन्हें शक है कि इन्हीं दोनों ने मिलकर अंकित का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी।

# महाशिवरात्रि पर एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने देवकुंड में किया बाबा दुधेश्वरनाथ का जलाभिषेक



- 60,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक, सुबह 9 बजे तक बड़ी संख्या में भक्तों ने जल चढ़ाया
- पूरा क्षेत्र 'बम-बम भोले' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से भक्तिमय रहा।

**निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)**

महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को गोह के देवकुंड स्थित बाबा दुधेश्वरनाथ मंदिर में अहले सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा रहा। पूरा देवकुंड क्षेत्र 'बम-बम भोले' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने बाबा दुधेश्वरनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना कर घर में सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने उपवास रखते हुए तालाब में स्नान कर गंगाजल, यमुना जल और सहस्त्रधारा तालाब के जल से अभिषेक किया। बाबा पर भांग-धतूरा, बेलपत्र और फूल अर्पित किए। नवविवाहिताओं ने पुत्र रत्न की प्राप्ति के लिए विशेष रूप से व्रत रखा। श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए देवकुंड पुलिस, गोह पुलिस और अन्य थाना क्षेत्रों की पुलिस सुबह से ही मुस्तैद रही। देवकुंड थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि सुबह 9 बजे तक लगभग 60,000 से अधिक श्रद्धालु जलाभिषेक कर चुके थे, जबकि शाम तक यह संख्या एक लाख से अधिक होने का अनुमान लगाया गया। बढ़ती भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त महिला पुलिस बल और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, लेकिन बनतारा रोड पर पुलिस की लापरवाही से श्रद्धालुओं को तीन से चार घंटे तक भारी जाम में फंसे रहना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुलिसकर्मी बैरिकेडिंग के पास खड़े होकर केवल औपचारिकता निभाते दिखे, जिससे बनतारा रोड पर देवकुंड से लेकर राधेनगर तक लगभग 3 किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

मठाधीश कन्हैयानंद पुरी ने बताया कि पूरे देवकुंड नगरी को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखा गया है, ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। बाबा दुधेश्वरनाथ के दर्शन के लिए भक्तों को चार घंटे लंबी कतार में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। फागुन मास में आयोजित होने वाले मेले का शुभारंभ मठाधीश कन्हैयानंद पुरी ने किया। यह मेला पूरे एक महीने तक चलेगा, जिसमें शादी-विवाह से संबंधित सामानों के साथ-साथ फर्नीचर की भी भारी बिक्री होगी। यह मेला पशु व्यापार के लिए भी प्रसिद्ध माना जाता है, जहां विभिन्न पशुओं की खरीद-बिक्री की जाती है। बाबा दुधेश्वरनाथ की महिमा के दर्शन के लिए दूर-दराज से आए भक्तों ने शिवरात्रि पर्व को पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया।

# बैंक मैनेजर के बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना, 35 लाख की संपत्ति की चोरी

**निज संवाददाता | गोह(औरंगाबाद)**



गोह थाना क्षेत्र के सरेया गांव में अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर भीषण चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान एक बैक मैनेजर के घर से चोर नगदी ढाई लाख रूपये समेत साढ़े तीन सौ ग्राम सोने के आभूषण और पांच सौ ग्राम चांदी के आभूषण समेत महंगे बर्तन और अन्य सामान ले भागने में सफल रहे। इस घटना मे लगभग 35 लाख की संपत्ति की चोरी की गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की छानबीन मे जुट गई हैं। गहहस्वामी सरेया गांव निवासी अरविंद सिंह के पुत्र शशि रंजन कुमार गया के मानपुर स्थित एक्सिस बैंक में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया की वे अपने पूरे परिवार के साथ गया मे रहते हैं। लगभग पंद्रह दिनों पर हमेशा घर आते रहते थे। सरेया के घर में ताला बंद था। मंगलवार की सुबह लगभग नौ बजे गांव के पड़ोसी ने घर के मुख्य गेट का ताला टूटे होने की सूचना दी।इसकी जानकारी मैने अपने परिजनों क़ो देकर घर दोपहर बाद आ गया। घर में जाकर देखा तो आठ रूम में लगे 35 तालों क़ो तोड़कर जिसमे दो गोदरेज, दो दीवान पलंग का लॉक, तीन ट्रक और दो अलमीरा क़ो तोड़कर चोरो ने घटना का अंजाम देकर आराम से फरार हो गए।

#### 35 तालो क़ो तोड़कर दिया घटना को अंजाम

पीड़ित मैनेजर ने बताया कि आठ कमरा में बारी बारी से ताला तोड़कर घटना को अंजाम दिया गया हैं। दो कमरा में बने आलमारी मे सोने के जेवरात रखा गया था। जिसका ताला तोड़कर चोरी की गई हैं। पुलिस ने गांव के बधार मे एक खेत से जेवरात के फेके डिब्बे क़ो बरामद कर लिया हैं।

#### डॉग स्क्वायड की टीम ने की जांच

थानाध्यक्ष सुदीश कुमार ने बताया कि इस घटना की जांच क़ो लेकर वरीय अधिकारी के आदेश पर डॉग स्क्वायड की टीम बुलाकर जांच कराई गई हैं। उन्होंने बताया कि एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) क़ो भी सूचना दिया गया हैं, जो घटनास्थल पर पहुंचकर जांच करेगी। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर पुलिस डंप डेटा भी खंगालेगी ताकि अपराधियों का नेटवर्क उजागर हो सके।

# अस्पताल परिसर में बह रहा शौचालय का गंदा पानी, स्वच्छता का हाल-बेहाल

**निज संवाददाता | गोह(औरंगाबाद)**



सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र, गोह में स्वच्छता का हाल-बेहाल है।सिविल सर्जन द्वारा बार-बार अस्पताल के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई पर जोर दिए जाने के बावजूद स्थिति यथावत है। सोमवार को अस्पताल परिसर में शौचालय का गंदा पानी बहने से मरीजों सहित उनके परिजन व चिकित्सकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पताल स्थित सभी शौचालयों का पानी एक ही टंकी में आने के कारण टंकी पूरी तरह भर गई है और पानी बहकर बाहर गिर रहा है। पानी के दुर्गंध से मरीजों का वार्डो में रहना कठिन हो गया है। मरीजों ने बताया कि दो दिन पूर्व सफाई कर्मी द्वारा साफ-सफाई करने के दौरान शौचालय के टंकी में पानी डाला गया। इसी में से भरा पानी बाहर आने लगा और इसकी दुर्गंध अस्पताल के चारों ओर फैलने लगी। जिस जगह शौचालय का पानी बह रहा है, उसके पास ही चिकित्सक ड्यूटी रूम होने के कारण चिकित्सकों को काफी परेशानी हो रही है। अस्पताल प्रबंधक ने बताया कि शौचालय की टंकी भरने की सूचना वरीय पदाधिकारी को दी जा चुकी है। जल्द ही टंकी साफ कराई जाएगी।

गोह प्रखंड के सबसे अहम इस सीएचसी का हाल बदहाल है। सैकड़ो गांवों के लोगों के इलाज का जिम्मेदार यह अस्पताल समस्याओं से जूझ रहा है। इसके चलते यहां आने वाले मरीजों को बड़ी परेशानी उठानी पड़ती है। सिविल सर्जन के निरीक्षण व नसीहत का असर भी यहां नहीं देखने को मिल रहा है।

अस्पताल परिसर में बने सभी शौचालय में ताला बंद रहते है। इमरजेंसी वार्ड का एक शौचालय ही खुला हैं जिसकी टंकी से गंदा पानी बह रहा हैं। इससे अस्पताल में आने वाले मरीजों को शौच के लिए आसपास के खेतों में जाना पड़ता है। जानकारी होने के बावजूद स्वास्थ्य महकमा इसे नजरअंदाज किए हुए है। अस्पताल में पुरुष व महिला के लिए अलग-अलग शौचालय का निर्माण लाखों की लागत से हुआ है। इसके बावजूद शौचालय का दरवाजा हमेशा बंद रहता है। ऐसे में मरीजों को ही नहीं तैनात स्टाफ को भी परेशानी होती हैं। सर्वाधिक समस्या महिलाओं को होती है। इलाज के लिए आई बुजुर्ग महिला रामरती कुंवर, चिंता देवी, सुनीता देवी व आशा देवी ने बताया कि शौचालय तो बना है लेकिन किस काम का जब उसमें ताला बंद रहता है। जरूरत पड़ने पर परेशान होना पड़ता है।

#### शौचालय को साफ कराएंगे मैनेजर : सिविल सर्जन

औरंगाबाद के सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि गोह के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बनी नई बिल्डिंग में स्वच्छता की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर शौचालय जाम हैं तो वहां के मैनेजर को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए और शौचालय को साफ कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने नई बिल्डिंग बनाई है और हमने सुनिश्चित किया है कि स्वच्छता की समस्या न हो। अगर फिर भी समस्या है तो हम इसकी जांच करेंगे और समाधान निकालेंगे।सिविल सर्जन के बयान से यह स्पष्ट होता है कि उन्हें गोह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता की समस्या के बारे में जानकारी है और वे इसका समाधान निकालने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# एक मार्च से 11 दिवसीय श्री रूद्रचंडी महायज्ञ सह श्रीराम कथा का आयोजन

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

मां कामाख्या ट्रस्ट के तत्वावधान में शहर के दानी बिगहा बस स्टैंड मैदान में आगामी 1 मार्च से 11 दिवसीय रूद्रचंडी महायज्ञ सह श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ आयोजन समिति के संरक्षक सह मुख्य आयोजक सेवानिवृत प्रधानाध्यापक रामप्रसाद सिंह ने बुधवार को यहां प्रेसवार्ता में बताया कि महायज्ञ में न सिर्फ भगवान की भक्ति नजर आएगी बल्कि प्रतिदिन रामकथा के माध्यम से श्रद्धालु सुख-शांति और सकारात्मक उर्जा भी प्राप्त करेंगे। कहा कि इस 11 दिवसीय श्री रुद्रचंडी महायज्ञ का आयोजन प्रयागराज के अंर्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सद् गृहस्थ संत संकर्षण जी महाराज के नेतृत्व में संपन्न होगा। यज्ञ के दौरान 11 मार्च तक संकर्षण जी महाराज प्रतिदिन नियमित रूप से दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक श्रीराम कथा का सरल और निराले अंदाज में वाचन करेंगे। यज्ञ का शुभारंभ 1 मार्च को प्रातः 8 बजे भव्य कलश यात्रा से किया जाएगा। कलश यात्रा में हजारों श्रद्धालु भक्त शामिल होंगे। कलश यात्रा के बाद यज्ञ मंडप में बनी 111 कुंडीय यज्ञ वेदियों में विधि विधान से अग्नि प्रवेश कराया जाएगा। इसके बाद श्रद्धालुओं द्वारा यज्ञ मंडप की परिक्रमा की जा सकेगी। उन्होने बताया कि यज्ञ वेदियों में श्रद्धालुओं के लिए हवन-पूजन में भाग लेने की विशेष व्यवस्था की गई है। हवन-पूजन में भाग लेने के लिए श्रद्धालु आयोजन समिति से संपर्क कर सकते है।

# दो दिवसीय उमंगेश्वरी महोत्सव का भव्य आगाज

**निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)**



दो दिवसीय उमंगेश्वरी महोत्सव का शुभारंभ जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री और जन प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस भव्य आयोजन की शुरुआत बिहार गीत से हुई, जिसके बाद दीप प्रज्वलन कर महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय नागरिक और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अपने संबोधन में उमंगेश्वरी मंदिर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मंदिर सिर्फ धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा और कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने की अपील की और कहा कि ऐसे महोत्सव कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर प्रदान करते हैं। साथ ही, प्रशासन भी प्रतिभावान कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी ने उमंगेश्वरी मंदिर में चल रहे विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि इस स्थल को और अधिक आकर्षक और सुविधाजनक बनाने के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि मंदिर के सौंदर्यीकरण, यात्री सुविधाओं के विस्तार और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए विशेष योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस अवसर पर जिले के कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इनमें डीडीसी अभयेंद्र मोहन सिंह, एडीएम ललित भूषण रंजन, डीएलएओ सचिदानंद सुमन, डीपीआरओ इफ्तेखार अहमद, एसडीएम संतन कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्ता रत्ना प्रियदर्शनी, मेराज जमील, कला-संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# महापरिवर्तन आंदोलन के संस्थापक ने की बैठक



**निज संवाददाता | औरंगाबाद**

महापरिवर्तन आंदोलन के संस्थापक पूर्व आईपीएस अधिकारी विनय कुमार सिंह विभिन्न जिलों के भ्रमण के क्रम में बुधवार को औरंगाबाद आए। इस दौरान उन्होने औरंगाबाद के सर्किट हाउस में ज़िले के शिष्टमंडल से मुलाकात कर संगठन की प्रगति का जायजा लिया। आवश्यक निर्देश दिए। क़रीब दो घंटे के कार्यक्रम में संगठन के विभिन्न पहलुओं पर शिष्टमंडल के सदस्यों का ध्यान आकृष्ट कराया। इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष लवलेश यादव, सचिव ई. दुधेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष अधिवक्ता राम परीखा यादव, रामजन्म यादव, देवनन्दन प्रसाद, अबरार हसन एवं विनय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# ग्राम दुधैला में भक्तिमय माहौल में रुद्र महायज्ञ का आयोजन



**निज संवाददाजा जम्होर (औरंगाबाद)**

जम्होर थाना क्षेत्र के ग्राम दुधैला में पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ एवं शिव प्राण प्रतिष्ठा के चौथे दिन भक्तिमय वातावरण में यज्ञीय अनुष्ठान विधिपूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन समिति के सदस्य श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूरी तत्परता से व्यवस्था संभाले रहे। यज्ञाचार्य राजेंद्र बाबा, अयोध्या के मानस कथा वाचक भास्कर बाबा, वाराणसी के दयानंद शास्त्री एवं कनखल, हरिद्वार की कथावाचिका साध्वी विद्या शरण सरस्वती की गरिमामयी उपस्थिति में भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान षोडशोपचार विधि से पूजन-अर्चन संपन्न हुआ। महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु फेरी देकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। यज्ञाचार्य राजेंद्र बाबा ने बताया कि जहां भगवान शिव की प्रतिष्ठा होती है, वहां भगवान विष्णु की विशेष कृपा बरसती है।

यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष करण सिंघानिया उर्फ महेश ने बताया कि 27 फरवरी को भंडारे के साथ महायज्ञ का समापन होगा, जिसके बाद विशेष पूजन-अर्चना के साथ शिव मंदिर के पट भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। स्थानीय समाजसेवी मुरारी सिंह एवं मुरलीधर शास्त्री ने बताया कि दुधैला गांव में इस दिव्य आयोजन से समूचा क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर है।

# शिव-बारात की निकली झांकी



**निज संवाददाता | मदनपुर(औरंगाबाद)**

मदनपुर थाना क्षेत्र के खिरियावाँ बाजार में महा शिवरात्री के उपलक्ष्य में अनुपम एवं दिव्य शिव - बारात की झाँकी निकाली गयी। शिव - पार्वती की जीवंत झाँकी के आगे शिव जी के गण-भूत, प्रेत, बैताल, नंदी आदि नाचते - गाते, झुमते हुए मनोहारी दृश्य उपस्थित कर रहे थें। शिव-बारात मानव घाट शिव मंदिर से शुरू होकर नगर भ्रमण करते हुए मुख्य बाजार स्थित राम मंदिर के प्रांगण में विराम किया । यहाँ पर सभी बारातियों एवं स्वागत् कर्त्ता घरातियों के लिए दिव्य प्रसाद की व्यवस्था राम मंदिर कमिटि के सदस्यों के द्वारा की गयी थी। सभी शिवजी के बारातियों नें जमकर खीर पुड़ी एवं शब्जी का भरपेट भोग लगाया। भूत -पिशाय, डाकिनी नें तो नाचते -नाचते ही प्रसाद का ग्रहण किया। आज की इस शिव विवाह एवं बारात की शोभा यात्रा देखकर राजा दक्ष एवं हिमाचल की देहरी पर पहुँचे शिव विवाह के अवशर पर हुए स्वागत की परिकल्पना मात्र से भान हो जाता है कि उस जमानें में शिव जी की बारात कैसी रही होगी। कार्यक्रम के आयोजन में राम मंदिर समिति के सुरेश प्र. सौनड़ीक, उदय शर्मा (पलन जी ), राजु साव, रामजी शर्मा, ललन शर्मा, अनंत सिंह, रणजीत यादव ( मुखिया प्रतिनिधि ), विजय पाठक, उदय साव, केदार साव, रामानंद गोस्वामी की मुख्य भूमिका एवं योगदान सराहनीय रहा।

महाशिवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
राजमुनी देवी बी.एड. कॉलेज
मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्विद्यालय, पटना से सम्बद्धता प्राप्त
एन.एच. -2, मंजुराही (जसोइया मोड़ के नजदीक) औरंगाबाद (बिहार)
बीएड एवं डीएलएड की पढ़ाई की सुविधा

"शिक्षक बनने का आपका सपना यहां होगा सकार"
"भविष्य के शिक्षकों को तैयार कने वाला अग्रणी संस्थान"
नामांकन हेतु संपर्क करें
सचिव / प्राचार्य
राजमुनी देवी बी.एड. कॉलेज
बिट्टू सिंह
निदेशक
मो. 7739634587, 7903575906